हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • मंगलवार • 09.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 134 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# झारखंड विधानसभा में 7,721.25 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को 7721 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सदन में पेश किया। बजट प्रस्तुत होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले कार्यवाही दोपहर 12 बजे के बाद शुरू हुई।

कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के विधायक छात्रवृत्ति की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। वे नारेबाजी कर रहे थे और मेजें पीट रहे थे। विपक्ष के हाथों में मौजूद पोस्टरों को मार्शलों ने जब्त कर लिया। अध्यक्ष ने शून्यकाल चलने देने की अपील की, लेकिन विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं हुआ। अनुपूरक बजट में मंईयां सम्मान योजना को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए सबसे अधिक राशि का प्रबंध किया गया है। इसके अलावा अधूरे और जारी विकास योजनाओं के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया है। गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को भी अनुपूरक बजट में शामिल किया गया है। विभिन्न विभागों की ओर से लगभग 13,000 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट की मांग भेजी गयी थी।

विभागवार प्रस्तावों की समीक्षा, प्राथमिकता और वित्तीय उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए वित्त विभाग ने इसे घटाकर लगभग 7,721.25 करोड़ रुपये पर अंतिम सहमति बनायी।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है, कई छात्र अपनी फीस भरने के लिए होटल में प्लेट धोने को मजबूर हैं, सरकार किसानों का धान नहीं खरीद रही, जिससे किसान 1500-1600 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान बेचने को विवश हैं।

## विपक्ष ने विधानसभा के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन कार्यवाही शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा, आजसू और लोजपा (रामविलास) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में हाथों में तख्तियां लेकर जोरदार नारेबाजी की और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में विधायकों ने कहा कि सरकार अपने ही वादों से पीछे हट रही है और संवेदनशील मुद्दों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। विपक्ष का आरोप है कि राज्य के हजारों छात्र महीनों से छात्रवृत्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई स्पष्ट पहल नहीं दिख रही। भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा, किसानों से समर्थन मूल्य बढ़ाने का वादा हुआ था, लेकिन आज वे मजबूरी में अपनी उपज सस्ते दाम पर बेच रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, छात्र भी परेशान हैं, छात्रवृत्ति की राशि लंबित है और सरकार चुप्पी साधे बैठी है। लोजपा (रामविलास) के विधायक जनार्दन पासवान ने सरकार पर पूर्ण असफलता का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष किसानों और छात्रों के हित में सदन के भीतर और बाहर दोनों जगह दबाव बनाए रखेगा।



### विपक्ष की मुख्य मांगें दो मुद्दों पर केंद्रित रहीं

- लंबित छात्रवृत्ति का अविलंब भुगतान
- किसानों के लिए धान का समर्थन मूल्य 3200 रुपये प्रति क्विंटल तय करना

कैबिनेट : मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 33 प्रस्तावों को मंजूरी

# राज्य सरकार अब 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदेगी धान




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में सोमवार को 33 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। बैठक में धान खरीद दर से लेकर अवकाश, मेला-महोत्सव, सड़क निर्माण, विश्वविद्यालयों, स्वास्थ्य और खनन से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। झारखंड की कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने सोमवार को बताया कि राज्य सरकार अब किसानों से 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदारी करेगी। इसमें राज्य सरकार की ओर से प्रति क्विंटल 100 रुपये की विशेष सहायता भी शामिल है। कैबिनेट ने खरीफ विपणन मौसम 2025-26 और आगामी खरीफ विपणन वर्षों में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान अधिप्राप्ति के लिए झारखंड राज्य धान अधिप्राप्ति योजना की स्वीकृति दी। वहीं खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में धान अधिप्राप्ति को लेकर धान के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से किसानों को बोनस की राशि की स्वीकृति दी गई। इसके लिए कुल 48 करोड़ 60 लाख रुपये स्वीकृति दी गई।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- वर्ष 2026 में झारखंड सरकार के सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों तथा बैंकों में सार्वजनिक एवं अन्य अवकाश घोषित करने की स्वीकृति दी गई।
- वन्दना भारती तथा सुषमा बड़ाईक की उप समाहर्त्ता के पद पर नियुक्ति तिथि संशोधित करने तथा वरीयता पुनर्निर्धारण करने की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 के तहत झारखंड राज्य में स्टेट कमेटी ऑन डैम सेफ्टी के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गई।
- गोड्डा अन्तर्गत घाटबंका से देवडांड़ (दामा) भाया संदमारा, बेलबथान, राजदाहा एवं जामकुंदर पथ को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण एक सौ सताईस करोड़ चौवन लाख बाईस हजार आठ सौ मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- साहेबगंज जिलान्तर्गत दिग्धी मोड़ से मालिन रिसौड़ मोड़ को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए इकसठ करोड़ सन्तावन लाख पचपन हजार आठ सौ मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य में गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र, मुटा के संचालन हेतु सरकार की ओर से प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड एवं बांबे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के बीच एमओयू की स्वीकृति दी गई।
- नीरा कुमारी की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गई।



## एक नजर

### बरही में श्रीश्याम कीर्तन महोत्सव आज

**बरही** : बरही में 9 दिसंबर को श्रीश्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन होगा। श्रीश्याम कीर्तन महोत्सव में श्याम भजन गायक चंदन चौधरी, तनय कोटपाल, और भजन गायिका प्रिया कुमारी अपने मधुर श्याम भजन प्रस्तुत करेंगी। श्रीश्याम कीर्तन महोत्सव के आयोजक महेंद्र केशरी और समीर केशरी है। श्रीश्याम कीर्तन महोत्सव केसरवानी आश्रम पटना रोड बरही में शाम 6 बजे से आयोजित होगा।

### चलकुशा भाजपा नेता के शव यात्रा में शामिल हुए विधायक

**चलकुशा** : प्रखंड भाजपा नेता सह विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह का निधन रविवार को हृदय गति रुकने से हो गई थी।इस खबर से पुरे चलकुशा प्रखंड में शोक कि लहर दौड़ गई। भाजपा नेता के अंतिम संस्कार सोमवार को चलकुशा बराकर नदी श्मशान घाट पर विक्की कुमार सिंह ने मुखाग्नि देकर किया। मृतक के शव यात्रा में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव,जिप सदस्य सविता सिंह बीडीओ अमृता सिंह प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, यमुना प्रसाद, भीखी सिंह, दुर्गा यादव, अशोक वर्णवाल, राजेन्द्र प्रसाद, भोला प्रसाद, केदार यादव,दसरथ यादव, सुखदेव यादव, विक्रमादित्य सिंह, वासुदेव यादव, सुबोध चौधरी, अशोक यादव, बसंत पांडेय, गोविंद पांडेय, गोविंद चौधरी, उमेश साव, लखन साव, रामजीत रजक, रामप्रसाद यादव, मोहसिन कमाल, अनवर हुसैन, शमीम अंसारी, डीलर केदार यादव, अवधेश सिंह किशोरी पांडेय शामिल हुए।वहीं मृतक ने अपने दो पुत्र दो पुत्री को छोड़ गए।

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने किया सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**बरही** : बरही हजारीबाग रोड स्थित शकुंतला पैलेस में ब्रह्म विद्या विहंगम योग द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजमोहन राजन एवं संचालन कृष्णा गुप्ता ने किया। वहीं सत्संग गोष्ठी में स्वागत गान, मंगलगान, वंदना, आरती, शांतिपाठ एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। जबकि उद्घोष राजमोहन राजन, ज्ञान गुदडी समुंद्री देवी, स्वर्वेद पाठ राजमोहन राजन, भजन कृष्णा कुमार गुप्ता एवं प्रवचन उपेन्द्र पांडे ने किया। वहीं सत्संग में मौजूद सभी को ब्रह्मा विद्या विहंगम योग के उद्देश्य को विस्तारपूर्वक बताया गया। मौके पर कैलाशपति सिंह, सुनील प्रजापति एवं रविन्द्र सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### बरही में 11 किसानों के बीच सोलर सिंचाई पंप का किया गया वितरण

**बरही** : बरही प्रखंड के बिजैया, पंचमाधव, खोड़ाहार एवं केदारूत पंचायत के 11 किसानों के बीच 2 एचपी सतही सौर ऊर्जा पंप सेट आधारित चलंत सिंचाई इकाई का वितरण किया गया। लाभुकों में विजैया पंचायत से मो मंसूर अंसारी, रामेश्वर चौधरी एवं सोहन कुमार चंद्रा, पंचमाधव पंचायत से प्रसादी गोप, मनोज यादव, प्रकाश ठाकुर एवं उमेश प्रसाद यादव, खोड़ाहर पंचायत से संजय साव एवं कंचन कुमार जबकि केदारूत पंचायत से बसंत सिंह एवं उपेंद्र नारायण सिंह शामिल है। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि किसानों की तरक्की और खेतों में हरियाली लाना सरकार की प्राथमिकता है। सोलर पंप सेट से किसानों को सिंचाई में सहूलियत होगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। साथ ही कहा कि सरकार किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी और बिजली उपलब्ध करा रही है, जिससे क्षेत्र में हरियाली छाएगी और किसान समृद्ध होंगे।

# अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद, कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : अवैध शराब निर्माण एवं उसकी बिक्री के खिलाफ नईटांड के ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। बरही थाना क्षेत्र के नईटांड चौक पर ग्रामीणों ने शराब बिक्री के खिलाफ नईटांड चौक सहित आसपास जाकर शराब बेचने वालों को सचेत करते हुए बिक्री करने से रोक लगाई। अवैध शराब के बिक्री के खिलाफ नईटांड निवासी झारखंडी पाण्डेय, प्रदीप राम, कुलदीप कुमार, सचिन पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, भरत पांडेय, राजेंद्र राणा, अमित राम, मो आबिद, राजेश ठाकुर, बिपिन पांडेय, मोहित वर्मा, दीपक साव, नीरज कुमार, पवन चंद्रवंशी, पप्पू कुमार चंद्रवंशी, अजय कुमार, छोटी कुमार, उमेश रवि सहित कई महिला पुरूष ग्रामीण से पुलिस प्रशासन से इस गोरखधंधा को रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि नईटांड मोड़ सहित आसपास के क्षेत्र में दर्जनों लोग अवैध अंग्रेजी व महुआ शराब की बिक्री करते हैं जिसके कारण कई युवा वर्ग शराब के गिरफ्त में आकर खुद बर्बाद तो हो ही रहे घर परिवार एवं छोटे छोटे बच्चे पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। शराब सेवन के कारण कई युवाओं की असमय मौत हो गई है। आक्रोशित लोगों ने अवैध शराब करने वालो के घर घर जाकर शराब बिक्री करने से मना किया तथा भविष्य में शराब नहीं बेचने की हिदायत दी। ग्रामीणों द्वारा एक जूट होकर शराब के कारोबारियों के खिलाफ मोर्चा खोल देना इस क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि नईटांड मोड़ सहित आसपास के क्षेत्र मेंअंग्रेजी व महुआ शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है। शराब की अवैध बिक्री से गांव का माहौल खराब हो रहा है।महिलाओं का घर से निकलना दूभर हो गया है। बाहर के कुछ लोगों के द्वारा शराब बेचने वालों के घर में शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। शिकायतकर्ता महिलाओं ने बताया की अवैध शराब की बिक्री से नईटांड चौक की माहौल बहुत ही खराब हो रहा है। शाम होते ही गांव के चौक-चौराहों पर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। शराब पीने वाले लोग सार्वजनिक स्थान एवं स्कूल परिसर की जगह को भी नहीं छोड़ रहे हैं।

अब युवाओं के साथ-साथ किशोर वर्ग भी नशे का आदी हो रहे हैं। गांव में खुलेआम शराब बेचे जाने से बच्चों पर भी गलत असर पड़ने लगा है। अवैध शराब के बिक्री को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से कर्रवाई करने की मांग करते हैं।

## एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने 10वां कोयला खनन दिवस मनाया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने 10वां कोयला खनन दिवस सिकरी साइट ऑफिस में मनाया। इस अवसर पर कोल माइनिंग मुख्यालय के कर्मचारियों के साथ-साथ पकरी बरवाडीह, पकरी बरवाडीह नॉर्थवेस्ट, चट्टी बारियातू, केरेडारी और बादम कोयला खनन परियोजनाओं के कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण अभियान के साथ हुई, जिसका उद्देश्य सतत और जिम्मेदार खनन के प्रति एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की प्रतिबद्धता को और मजबूत करना था। इस अभियान का नेतृत्व नवीन जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (खनन) एवं पूनम जैन, अध्यक्षा स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने किया। कोल माइनिंग मुख्यालय और परियोजना टीमों के वरिष्ठ अधिकारी भी इस पहल में सक्रिय रूप से शामिल हुए। पौधारोपण कार्यक्रम के बाद केक काटकर समारोह को आगे बढ़ाया गया। जिसने एकजुटता और सामूहिकता की भावना को और मजबूत किया। आशा और प्रगति के प्रतीक के रूप में गुब्बारे भी उड़ाए गए, जो संचालन के एक दशक और निरंतर वृद्धि का संकेत थे।

## बसरिया आजीविका महिला संगठन की लंबित भुगतान राशि पर सदन में गूंजा मुद्दा, मंत्री ने दिया आश्वासन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बरही विधायक मनोज यादव ने एक महत्वपूर्ण तारांकित प्रश्न उठाया। उन्होंने चौपारण प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बसरिया की स्वयं सहायता समूह बसरिया आजीविका महिला ग्राम संगठन से जुड़ा मुद्दा उठाया, जिन्हें कोविड-19 महामारी के दौरान रोकथाम एवं बचाव कार्यों के एवज में देय अभिश्रव राशि अब तक नहीं मिल पाई है। विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रश्न के माध्यम से सरकार से यह जानना चाहा कि क्या उक्त महिला ग्राम संगठन की कोविड-19 से संबंधित कार्यों की अभिश्रव राशि अब भी बकाया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इस राशि के भुगतान के लिए हजारीबाग जिला उपायुक्त कार्यालय द्वारा पत्रांक-2898, दिनांक 31.12.2024 के माध्यम से आपदा प्रबंधन विभाग, रांची को पत्राचार किया गया है। साथ ही विधायक ने यह स्पष्ट करने की मांग की कि यदि दोनों तथ्यों की पुष्टि होती है तो सरकार कब तक बकाया राशि का भुगतान करेगी और यदि नहीं, तो इसके पीछे क्या कारण हैं। इस पर उत्तर देते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के माननीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दोनों तथ्यों को स्वीकारात्मक बताया। मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि कोविड-19 के रोकथाम एवं बचाव से संबंधित भुगतान के संबंध में भारत सरकार के गृह मंत्रालय (आपदा प्रबंधन प्रभाग), नई दिल्ली द्वारा दिनांक 09.12.2022 के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 के पश्चात इस मद में राशि की विमुक्ति पर असहमति व्यक्त की गई है। हालांकि, मंत्री ने यह भी बताया कि जल राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार द्वारा झारखंड मिनरल बेयरिंग लैंड्स (कोविड-19 महामारी) मद के तहत भुगतान का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस संदर्भ में उपायुक्त, हजारीबाग को पत्रांक-28, दिनांक 10.01.2025 के माध्यम से आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। बताया गया कि इस प्रक्रिया के आलोक में आगे की कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर की जा रही है, ताकि संबंधित महिला ग्राम संगठन को उनके लंबित भुगतान के संबंध में उचित समाधान निकाला जा सके।

## बड़कागांव विधायक मोहल्ला का रोड़ गटर में तब्दील, ग्रामीण परेशान, रोड एवं नाली की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव कोरियाडीह स्थित विधायक मोहल्ला की स्थिति इन दिनों बद से बत्तर हो गई है । घर का एवं शौचालय का गंदा पानी रोड उतर आया है बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और भारी मात्रा में जल जमाव हो रहा है। वाहनों के आवागमन के दौरान लोगों के शरीर एवं कपड़े पर छीटे पड़ रहे है। कई बार वाहन चला रहे लोगों एवं राहगिरो के साथ तू तू की भी स्थिति देखी जा रही है। रोड इतना खराब हो गया है कि लोग नाक बंद कर के आवागमन कर रहे हैं। हालांकि इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों कभी ध्यान और आकृष्ट कराया गया है भी स्थिति जस की तरफ बनी हुई है। समस्या का समाधान नहीं होने के कारण, विधायक मोहल्ला के ग्रामीणों ने पिछले 10 वर्षों से जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के खिलाफ नाराजगी देखी जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता श्मशान घाट सेवा समिति सदस्य वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सुनील कुमार के घर से लेकर शेखर कुमार के घर तक, घर एवं शौचालय का गंदा पानी रोड पर आ जा रहा है। रोड में पानी का जमाव होने के कारण रोड बिल्कुल जर्जर हो गया है। इस समस्या को हल के लिए वर्षों से कई बार जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक इस ओर किसी का कोई ध्यान नहीं है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए टंडवा रोड से लेकर खेरवाटील्हा तक ,रोड के दोनों किनारे नाली निर्माण एवं सड़क की मरमती अत्यंत आवश्यक है। इस ओर जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो सके।

## मुखिया कौशल्या देवी ने नव नियुक्त शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी** : प्रखंड (हजारीबाग) पेटो पंचायत के बुढ़िया माता मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में ग्रामीणों के बीच पंचायत का नाम रौशन करने वाले झारखंड सरकार की (25)वा वर्ष गांठ के अवसर पर शिक्षक नियुक्ति पत्र मिलने के बाद तीन शिक्षकों एक चौकीदार को पेटो मुखिया कौशल्या देवी ने अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया है। मुखिया कौशल्या देवी ने नव नियुक्त शिक्षकों को उज्वल भविष्य की कामना किया। शिक्षक बीरेंद्र कुमार साहू,बैजनाथ कुमार,रामवतार रजक,चौकीदार उमाकांत कुमार साहू ने मुखिया कौशल्या देवी से सम्मान पाकर आभार व्यक्त की। इस मौके पर प्रीतम साहू,किशुन साहू,अमित गुप्ता, डॉ.महेंद्र साहू, राज किशोर साहू, रमेश कुमार साव, सुनील उर्फ द्वारिका साहू, संतोष प्रसाद गुप्ता, बिनोद राम, जितेंद्र कुमार, राजेश ठाकुर, तीजन कुमार, शिक्षक रामवतार रजक, शिक्षक बैजनाथ कुमार, जनक कुमार, अमित गुप्ता, बासुदेव रजक,करण कुमार,मानेश्वर साहू, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड सरकार किसान विस्थापित प्रभावित विरोधी सरकार है : रोशन लाल चौधरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव विधायक का रोशन लाल चौधरी ने 8 दिसंबर 2025 को पूछे जाने वाले अल्पसूचित प्रश्न संख्या 25 में सरकार से झारखंड के साथ-साथ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सबसे ज्वालामुखी विस्थापित प्रभावित लोगों की समस्याओं को मुकरता के साथ रखते हुए सरकार को घेरा। विधायक रोशन लाल चौधरी ने सरकार से तीन सवाल जिसमें क्या यह बात सही है कि राज्य में विस्थापित औद्योगिक इकाइयों कंपनियों एवं खनन परियोजनाओं के द्वारा विस्थापित लोगों को भूमि अधिकरण अधिनियम विस्थापन नीति एवं श्रम कानून के अनुरूप रोजगार मुआवजा और पुनर्वास नहीं करने के कारण विस्थापितों के द्वारा समय-समय पर उनके विरुद्ध आंदोलन किए जाते हैं जिस कारण विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। क्या यह बात सही है कि राज्य में स्थापित औद्योगिक इकाइयों कंपनियों एवं खनन परियोजनाओं या उनके एमडीओ कंपनियों के दबाव में स्थानीय विस्थापि तो एवं प्रभावितों पर 1000 से भी अधिक मामले अलग-अलग स्थान में दर्ज किए गए हैं जिसमें केवल हजारीबाग जिला के बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड तथा रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड में लगभग 100 से अधिक मामले निर्दोष विस्थापितों पर दर्ज किए गए हैं। कंपनी के दबाव में स्थानीय प्रशासन के द्वारा मानव अधिकारों एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा कानून का उल्लंघन करते हुए आम विस्थापितों को प्रताड़ित कर जेल में डाला जा रहा है। यदि उपयुक्त दोनों उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार औद्योगिक इकाइयों कंपनियों एवं खनन परियोजनाओं के दबाव में निर्दोष विस्थापितों के विरुद्ध दर्ज मुकदमा की जांच एसआईटी के माध्यम से करने एवं निर्दोष विस्थापितों पर दर्ज मुकदमा को वापस लेने का विचार रखती है। है तो कब तक, नहीं तो क्यों? सरकार ने उत्तर में स्वीकार किया की राज्य में विस्थापितों पर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने एवं सरकारी संपत्ति के नुकसान पर विस्थापितों पर FIR दर्ज किए गए हैं । जबकि विस्थापितों पर जो भी मामले दर्ज हुए हैं वह कंपनी के दबाव में प्रशासन के द्वारा मामले दर्ज किए गए और सभी जगह पर मानव अधिकारों एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा कानून का उल्लंघन हुआ । इस पर SIT जांच कर विस्थापितों पर हुए मुकदमों को वापस लेने की सवाल पर भी सरकार विस्थापितों के साथ नहीं दिखी। जिस पर सरकार ने पहले प्रश्न का उत्तर देते हुए आशिक स्वीकार किया है कि कंपनी के द्वारा भूमि अधिकरण अधिनियम विस्थापित नीति एवं श्रम कानून के अनुरूप रोजगार मुआवजा नहीं होने की वजह से विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। वहीं दूसरे प्रश्न के जवाब में सरकार ने अस्वीकार करते हुए कहा है कि बड़का गांव केरेडारी एवं रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड के स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा ऐसे लोगों पर मामला दर्ज किए गए हैं जिनके द्वारा कानून विरुद्ध जाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं कंपनी के कर्मियों पर जानलेवा हमला करते हुए घर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न की गई है और सरकारी संपत्तियों का भी नुकसान पहुंचाया गया है। साथी जवाब दिया गया है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा नियम संगत एवं कानून के दायरे में रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया गया है। वहीं तीसरे प्रश्न को भी अस्वीकार किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कड़ाके की ठंड में सहारा बने आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन, जरूरतमंदों को मिली गर्माहट



**चौपारण** : कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को चौपारण ब्लॉक मैदान में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार ने अपने दिवंगत पिता की स्मृति में अत्यंत जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए। इस दौरान कुल 55 गरीब और वंचित लोगों को कंबल देकर सहायता प्रदान की गई। जानकारी हो कि कोरोना काल के बाद से पिछले पाँच वर्षों से फाउंडेशन लगातार गरीब, असहाय और वंचित वर्ग की मदद में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। हर वर्ष ठंड के मौसम में संस्था के सदस्य आपसी सहयोग से उनी कपड़े, कंबल आदि एकत्रित कर जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाते हैं। अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार ने कहा कि पिता की याद में आज यह सेवा कार्य कर रहा हूँ। आगे भी जरूरतमंदों की मदद के लिए ऐसे नेक कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम में फाउंडेशन के हेमंत साहू, मनीष साहू, शशि शेखर, दिलीप राणा, बिजय यादव समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मलिकाना गांव में रात में लापता हुए महादेव साव का शव पुल के नीचे बरामद

**चौपारण** : प्रखंड की बच्छई पंचायत के मलिकाना गाँव में रविवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब लराही पुल के नीचे 55 वर्षीय महादेव साव का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने शव देख तुरंत इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया बिरेंद्र रजक को दी। मुखिया घटना स्थल पर पहुँचे और चौपारण थाना प्रभारी को मामले से अवगत कराया। सूचना पाते ही पुलिस टीम एम्बुलेंस चालक शक्ति चंद्रवंशी के साथ मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार सुबह किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद महादेव साव गेहूं की फसल में पटवन करने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजन तलाश में निकले, तभी पुल के नीचे उनका शव मिला। पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मानते हुए जाँच में जुट गई है। घटना से क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

### अंचलाधिकारी ने केरेडारी प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्रों को किया प्रेरित




**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड (हजारीबाग) शिक्षा के प्रति लगाव और आगामी परीक्षा के मद्देनजर देखते हुए केरेडारी अंचल अधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल ने प्लस टू उच्च विद्यालय केरेडारी के माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के छात्र छात्राओं के बीच पठन पाठन की चर्चा किया इसके आलावा विभिन्न स्थानों पर जैसे कि प्रखंड क्षेत्र में तमाम स्कूल, प्रखंड में तमाम दवा दुकान, आंगनवाड़ी इस तरह के जितने भी सरकारी प्रखंड क्षेत्र में चलता हैं हर जगह अपने हिसाब से हर तरह की कमी बेसी जानकारी के साथ चलाने में माहिर हैं एवं जांचों प्रांत में काफी ध्यान रहते है और इस दौरान विषयवार तैयारी की जानकारी छात्रों और शिक्षकों से प्राप्त किया। इस दौरान अंचल अधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल ने छात्र छात्राओं के बीच सामान्य प्रतियोगिता परीक्षा में उपयोगी विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, सामान्य विज्ञान, भारत का भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय राजनीति विज्ञान, भारत का इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन आदि से संबंधित पुस्तकों का वितरण भी किया गया और छात्र छात्राओं को अनुशासन, समयबद्धता का पाठ पढ़ाकर प्रेरित किया। इस विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक महेंद्र राम सह सभी शिक्षकों को अच्छी कार्य को देखते हुए अंचला अधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल ने धन्यवाद दिए।

### कर्णपुरा महाविद्यालय में इतिहास विभाग के द्वारा सेमिनार का हुआ आयोजन

**बड़कागांव** : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के सेमिनार हॉल में इतिहास विभाग के द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ सुरेश महतो ने किया। इन्होंने कहा कि रौलट एक्ट को काला कानून और अराजक एवं क्रांतिकारी अपराध अधिनियम के नाम से जाना जाता है। अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर कीर्ति नाथ महतो ने किया। कहा कि यह कानून ब्रिटिश सरकार को बिना मुकदमा चलाएं किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जा सकता था। जो भारतीयों ने विद्रोह किया ।डॉक्टर चंद्रशेखर राणा ने भी रॉलेक्ट एक्ट पर विस्तार से प्रकाश डाला ब्रिटिश सरकार को यह अधिकार प्राप्त हो गया था कि वह किसी भी भारतीय पर अदालत में बिना मुकदमा चलाएं उसे जेल में बंद कर सके। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ऋतुराज दास ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर निरंजन प्रसाद नीरज प्रोफेसर फजरुद्दीन, प्रोफेसर नरेश कुमार दांगी, वीणा कुमारी, संगीता कुमारी, प्रभा कुमारी ,सुषमा कुमारी ,नाजरीन निशा आदि उपस्थित थे।

### बीएम मेमोरियल स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया आयोजन



**बड़कागांव** : बड़कागांव बी.एम. मेमोरियल स्कूल में बाल दिवस के दिन भव्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार 8 दिसंबर को किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन उप प्राचार्या पूनम कुमारी ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं के विद्यार्थियों ने खेलकूद प्रतियोगिता भाग लिया। जिसमें बैलून फोड़, बिस्किट दौड़, मेंढक दौड़, पूछ दौड़, काफी दौड़, बोतल दौड़, रस्सी कासा दौड़, बोरा दौड़, चम्मच दौड़, बिच्छू दौड़, कबड्डी, सुई धागा, तीन पैर वाला दौड़, कुर्सी रेस एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल एवं पढ़ाई संबंधित सामग्री देखकर सम्मानित कर हौसला बढ़ाया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि बड़कागांव के बच्चों में काफी प्रतिभा है बस उसे निखारने की आवश्यकता है। बच्चों को सम्मानित करने से उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने में सहायता मिलता है। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार एवं उप प्राचार्य पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि हम बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी अव्वल बनाना चाहते हैं ताकि बच्चे अपना भविष्य खेल में भी बना सके। इसलिए हम बच्चों को हर तरीके से तैयार करते हैं।

एक नजर

## प्रतिबंधित मांस कांड में अग्रिम जमानत पर सुनवाई अब कल



**रांची :** प्रतिबंधित मांस कांड के दो अभियुक्तों की अग्रिम जमानत याचिका पर अब 10 दिसंबर को सुनवाई होगी। आज सुनवाई नहीं होने की वजह से न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी ने अगली तिथि निर्धारित की है। प्रतिबंधित मांस कांड के नामजद अभियुक्त शादाब कुरैशी उर्फ खालिद रजा और तौफीक कुरैशी ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। इन अभियुक्तों की अग्रिम जमानत निचली अदालत द्वारा रद्द की जा चुकी है। इससे पहले कोलेबिरा प्रतिबंधित मांस कांड में हाईकोर्ट से खालिस रजा को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल चुकी है। कोलेबिरा कांड में हाईकोर्ट ने मार्च 2025 में अग्रिम जमानत दी थी। प्रतिबंधित मांस का यह मामला लोवर बाजार थाना से संबंधित है। लोवर बाजार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 29 अक्टूबर 2025 को आजाद बस्ती में छापा मार कर करीब 38 क्विंटल प्रतिबंधित मांस जब्त किया था, जो विभिन्न प्रकार की गाड़ियों में छुपा कर रखा गया था। छापामारी के दौरान इससे संबंधित लोग भागने लगे। पुलिस ने इसमें से चार लोगों को दौड़ा कर पकड़ लिया। लेकिन दो लोग भागने में कामयाब हो गए।

## झारखंड के युवाओं का सेना में चयन जारी ARO रांची जल्द जारी करेगा दूसरी मेरिट लिस्ट



**रांची :** झारखंड के युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस रांची द्वारा अगस्त-सितंबर 2025 में हुई भर्ती रैली में सफल हुए अग्निवीर अभ्यर्थियों को अब अलग-अलग रेजिमेंटल सेंटर भेजा जा रहा है। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से चल रही है। अब तक लगभग 750 युवाओं का चयन हो चुका है। इनमें अग्निवीर जीडी, क्लर्क/एसकेटी, ट्रेड्समैन, टेक्निकल और नर्सिंग असिस्टेंट जैसी सभी श्रेणियों के उम्मीदवार शामिल हैं। सभी को एक साथ भेजने के बजाय रोज छोटे-छोटे बैच में डिस्पैच किया जा रहा है, ताकि प्रक्रिया सुचारू और सही तरीके से पूरी हो सके। अफ्ळ रांची की टीम दस्तावेज जांच, मेडिकल वेरिफिकेशन और रेजिमेंट अलॉटमेंट का काम सावधानी से कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि चरणबद्ध तरीके से डिस्पैच करने से हर उम्मीदवार को सही मार्गदर्शन और जरूरी सहायता मिल पाती है।

## मजदूर संघ का कल रांची में विरोध प्रदर्शन

**रांची:** झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा लोहरदगा ने 10 दिसंबर को रांची में विरोध धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का ऐलान किया है। यह जानकारी महासंघ के जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने इक्युलिप्टस मैदान में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए दी। महेश कुमार सिंह ने कहा कि 4 लेवर कोड मजदूरों के दुश्मन और मालिकों के मित्र हैं। ये चारों श्रम संहिताएं मजदूरों की गुलामी का दस्तावेज हैं और इन्हें तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सितंबर 2020 में मोदी सरकार ने विपक्ष और किसानों के विरोध के बावजूद तीन कृषि कानून और चार श्रम संहिताएं संसद में बिना पर्याप्त बहस के पारित कर दी थीं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिए निर्देश, नगर विकास मंत्री ने निर्माण प्रक्रिया शुरू करने का आदेश

# 48.72 करोड़ की लागत से आकर्षक बनेगे रांची के तीनों बस टर्मिनल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहरीकरण के कार्यों में तेजी लाने के क्रम में इन सभी टर्मिनलों के आधुनिकीकरण, नवीनीकरण और जीर्णोद्धार का निर्देश दिया है। इसी क्रम में राजधानी रांची के तीनों प्रमुख बस टर्मिनलों, आइटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा का कायाकल्प अब राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जाएगा। इस कार्य को आरंभ करने के लिए विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार के निर्देश पर निविदा भी निकाली गयी है। उन्होंने विभागीय प्रधान सचिव सुनील कुमार को जुडको के माध्यम से निविदा के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया है।




ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कुल 48.72 करोड़ रुपये की स्वीकृति पहले ही दे चुके है। इसमें आइटीआई बस स्टैंड के लिए 24.77 करोड़, सरकारी बस डिपो के लिए 20.19 करोड़ और बिरसा मुंडा बस स्टैंड के लिए 3.76 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी है है। प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको को निर्देश दिया है कि तीनों बस टर्मिनलों के टेंडर शीघ्र निष्पादन कर कार्य जल्द प्रारंभ किया जाए ताकि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद रांची के बस टर्मिनल राज्य में ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के मॉडल स्टैंडर्ड पर नजर आएंगे। जहां यात्रियों को सुरक्षा, स्वच्छता और आधुनिक सुविधाओं का बेहतर अनुभव मिलेगा।

**आइटीआई बस स्टैंड बनेगा अत्याधुनिक एवं आकर्षक**

वर्तमान में यात्रियों के लिए न्यूनतम सुविधाओं वाले इस बस स्टैंड को आधुनिक रूप में विकसित किया जाएगा। यह तीन एकड़ क्षेत्रफल में बनेगा, जिसमें 2330 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 880 वर्गमीटर प्रथम तल पर टर्मिनल भवन होगा। बसों के परिचालन के लिए 13 बस वे बनाया जाएगा। 35 बसों के लिए स्टैंड बाई पार्किंग की सुविधा रहेगी । भूतल पर ड्राइवर कैंटीन, मेंटेनेंस शेड, गार्ड रूम, स्लाइडिंग प्रवेश द्वार, वातानिकुलित प्रतीक्षालय, कार, फूड कियोस्क, परिवहन कार्यालय , कैफेटेरिया, ,महिला एवं पुरुष शौचालय ,ऑटो और ई-रिक्शा पार्किंग की सुविधा होगी। प्रथम तल पर रेस्टोरेंट, प्रशासनिक भवन, टिकट काउंटर, 4 डॉरमेट्री, लॉकर युक्त गेस्ट रूम तथा हरियाली के लिए लैंडस्केपिंग की व्यवस्था रहेगी। प्रति दिन 416 बसों का परिचालन सुनिश्चित किया गया है।

**सरकारी बस डिपो का होगा पुनर्निर्माण एवं जीणोर्धार**

साल 1962 से 1970 के बीच बना सरकारी बस डिपो डिपो अब जर्जर अवस्था में है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इसे 20.19 करोड़ रुपये की लागत से इंडियन रोड कांग्रेस के मानकों के अनुसार पुनर्निर्मित किया जाएगा।

## झारखंड में बढ़ेगी ठंड, अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले तीन दिनों में राज्य भर में ठंड और बढ़ सकती है। विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक नीचे जा सकता है, जिससे कनकनी और तेज हो जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार, पाकिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इसके प्रभाव से पछुआ हवाएं बंगाल की खाड़ी की तरफ एक और निम्न दबाव का क्षेत्र तैयार कर रही हैं। इन हवाओं के कारण उत्तर भारत की ठंडी हवा झारखंड तक पहुंच रही है, जिससे तापमान में गिरावट हो रही है। पिछले 24 घंटों में झारखंड में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 29 डिग्री, जबकि सबसे कम गुमला में 5.2 डिग्री सेल्सियस



रिकॉर्ड किया गया। झारखंड के विभिन्न जिलों में सोमवार को तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, रांची में अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री और न्यूनतम 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा। जमशेदपुर में अधिकतम 26.1 और न्यूनतम 10.6 डिग्री, डालटेनगंज में 27.3 और 7.3 डिग्री, बोकारो में 23.1 और 9.5 डिग्री, चाईबासा में 29 और 10.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं, खूंटी में अधिकतम 25.9 और न्यूनतम 6.2 डिग्री, लोहरदगा में 24.8 और 10.7 डिग्री, जबकि लातेहार में अधिकतम तापमान 20.4 और न्यूनतम 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## रांची में मनरेगा कर्मियों ने ग्रामीण विकास मंत्री आवास का किया घेराव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ग्रेड पे, नियमितीकरण और सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर ग्रामीण विकास विभाग मंत्री दिपिका पांडेय के आवास का घेराव किया। मनरेगा कर्मियों के अध्यक्ष अनिरूद्ध पांडेय, सचिव यासिन अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास पांडेय, प्रदेश महासचिव दीपक महतो, पूर्व अध्यक्ष जॉन बागे, नन्हें परवेज, सुनिल चद्रदास, संजय प्रमाणिक, शंभु गोप, देवेंद्र उपाध्याय समेत अन्य की अगुवाई में हजारों मनरेगा कर्मियों ने आवास घेराव किया। इस दौरान कर्मियों ने कहा कि राज्य भर में एक दिन में 8-10 करोड़ रुपए का काम ठप हो गया। इसके अलावा 40 लाख मजदूरों पर असर पड़ा है। धरना के दौरान कांग्रेस पार्टी के सचिव आलोक कुमार दुबे पहुंचे। दुबे ने आंदोलनकारियों का समर्थन किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं से संबंधित मंत्री के समक्ष पक्ष रखा जाएगा और ग्रेड



पे पर सार्थक बातचीत की जाएगी। इधर, मनरेगा कर्मियों के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास पांडे ने कहा कि राज्य में करीब 6 हजार मनरेगा कर्मी वर्षों से गांवों का विकास में अपना हाथ बंटा रहे है। बेरोजगारों को सौ दिन का रोजगार उपलब्ध करा रहे है। लेकिन खुद उनकी समस्याओं को नजर अंदाज किए जा रहे है।

**18 वर्षो से ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे है, बावजूद ग्रेड पे नहीं मिलता : अनिरूद्ध पांडेय**

आवास घेराव में राज्यभर के इढड, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक और ग्राम रोजगार सेवक शामिल थे। 5000 मनरेगा कर्मी पिछले 18 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें मनरेगा मद के 4% प्रशासनिक मद से मानदेय दिया जाता है. न अतिरिक्त लाभ, न सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती हैं।

## झारखंड की बेटियों ने जीता कांस्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** 35वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल चैंपियनशिप, बदलापुर में झारखंड की बालिका टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। लीग चरण में झारखंड ने हरियाणा को 25-11, 25-07 से हराकर विजयी शुरूआत की। कर्नाटक के विरुद्ध 19-25, 18-25 से हार के बावजूद टीम ने मजबूत वापसी कर राजस्थान को 20-25, 20-25 से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ पर 15-25, 15-25 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में मुंबई के साथ कड़े मुकाबले में 19-25, 20-25 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष वेदांत कौस्तव ने टीम




को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड की बेटियों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। खेल के दौरान कुछ कमियां रही होंगी, जिसके कारण हमें कांस्य मिला है। लेकिन खिलाड़ी इन अनुभवों से सीखेंगे और अगली बार निश्चय ही झारखंड के लिए स्वर्ण पदक जीतकर लौटेंगे। पूरी टीम, कोच और सहयोगी स्टाफ को हार्दिक शुभकामनाएं। टीम की इस उपलब्धि पर डॉ. राजेश गुप्ता, गोविंद झा, राजेश कुमार, जमील अंसारी, आशुतोष गोस्वामी, विश्वास उरांव, गौतम सिंह, नगीना कुमार, राजेश कुमार, कीर्ति कुमार, सोनू सिंह, देवव्रत कुमार, डॉ. मनीष शाहदेव, राकेश कुमार, नीतीश सिंह, मो. अमीरूल, अमित कुमार, दीपक वर्मा आदि ने खिलाड़ियों की मेहनत, खेल भावना और मनोबल की प्रशंसा की तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## जेसीआई रांची के चुनाव संपन्न अभिषेक जैन बने अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जूनियर चेंबर इंटरनेशनल रांची की नई कार्यकारिणी टीम-2026 का गठन सोमवार को संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अभिषेक जैन को सर्वसम्मति से नव-निर्वाचित अध्यक्ष चुना गया, जबकि साकेत अग्रवाल को सचिव नियुक्त किया गया। यह जानकारी संस्था के प्रवक्ता आदित्य जालान ने दी। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद के लिए आदित्य जालान, अनुभव अग्रवाल, अनिमेष निखिल, रवि आनंद, निशांत मोदी और निखिल अग्रवाल का चयन किया गया। सह सचिव मनदीप सिंह और कोषाध्यक्ष के पद पर ऋषभ जैन का चयन हुआ। निदेशक मंडल में ऋषभ जालान, अमन सिंघानिया, निखिल मोदी, ऋषभ छापड़िया, नितिन पोद्दार, उदित तुलस्यान,



अमन पोद्दार, अग्निश मित्रा, किशन अग्रवाल, अनीश जैन, मयंक अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, दीपक कुमार पटेल, रविकांत समोटा, अभिषेक ननोर्ली, शुभम बुधिया, मोहित बागला, अंकित अग्रवाल, सृजन हेतमसरिया एवं अंकित मोदी को शामिल किया गया है। चुनाव प्रक्रिया में मुख्य चुनाव आयुक्त की जिम्मेदारी पूर्व अध्यक्ष विक्रम चौधरी, अमित खोवाल और गौरव अग्रवाल ने निभाई। तत्कालीन अध्यक्ष प्रतीक जैन ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक जैन को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

# गोवा अग्निकांड में मारे गुए झारखंड के तीन युवकों के लाए गए शव रांची

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** गोवा के एक नाइट क्लब में गैस सिलेंडर विस्फोट से लगी आग में मारे गए झारखंड के तीनों युवकों के शव सोमवार को रांची एयरपोर्ट पहुंचाए गए। यहां पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने पीड़ित परिवारों के साथ पहुंचकर मृतकों लापुंग प्रखंड के फतेहपुर गांव के दो सगे भाई प्रदीप महतो, विनोद महतो और खूंटी के कर्रा निवासी मोहित मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। एयरपोर्ट से परिजन शवों को पैतृक गांव ले गए, जहां



फतेहपुर और गोविंदपुर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल रहा और लोगों ने नम आंखों से युवकों को विदाई दी। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि रोजगार के लिए हो रहा पलायन झारखंड के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीनों युवक छह माह पहले रोजगार की तलाश में गोवा गए थे। तिर्की ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषी नाइट क्लब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि गोवा सरकार को मृतकों के परिजनों को सम्मानजनक मुआवजा देना चाहिए। उधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की पहल से प्रत्येक परिवार को 50-50 हजार रुपये की तत्कालीक सहायता दी गई है, जबकि 1-1 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार को पलायन रोकने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनानी चाहिए और चालू विधानसभा सत्र में इस गंभीर मुद्दे पर विशेष चर्चा होनी चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति ने मुख्यमंत्री को अपनी पुस्तक "शिक्षा, समाज और राजनीति" की भेंट



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को रांची मंत्रालय में हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति चन्द्र भूषण शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान कुलपति ने मुख्यमंत्री को अपनी स्वलिखित पुस्तक "शिक्षा, समाज और राजनीति" सप्रेम भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध गतिविधियों और प्रगति के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यों की सराहना की और शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक सुधार व विकास के लिए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया।

## रांची में मारवाड़ी बैडमिंटन चैंपियनशिप संपन्न, विजेताओं को किया गया सम्मानित



**रांची:** रांची में मारवाड़ी युवा मंच दक्षिण शाखा की ओर से आयोजित मारवाड़ी बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन सोमवार को जैप इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता के सभी वर्गों में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। विजेताओं में सिंगल्स में मोक्ष केजरीवाल ने हेमंत बियानी को हराकर खिताब अपने नाम किया, जबकि डबल्स में गौरव पोद्दार और ऋषभ सेकारईया की जोड़ी ने ललित केजरीवाल और मोक्ष केजरीवाल को मात दी। मिक्स डबल्स में रोहित शारदा और बिना शारदा विजेता रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। मंच द्वारा झारखंड के बैडमिंटन खिलाड़ी सागर बंजारा और शांभवी बर्मन को विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष ऋषभ रामपुरिया ने की तथा मंच संचालन रोहित शारदा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक समर्थ तायल और आशीष मंगल ने दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सचिव राघव शारदा, कोषाध्यक्ष श्रीरामचंद्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष बालवीर जैन सहित कई पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनडोर स्टेडियम के कोच मनोज तिवारी और उनकी टीम ने रेफरी व स्कोरिंग में सहयोग किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## डोरंडा में अली गैंग की हिंसक झड़प, जमकर मारपीट, इलाके में भारी पुलिस बल तैनात



**रांची :** जिले के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित तुलसी चौक, पुराना हाई कोर्ट के समीप सोमवार को उस वक्त अचानक तनाव और अफरा-तफरी फैल गई, जब दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई और जमकर मारपीट हुई। इस घटना में कई लोगों के घायल होने की सूचना है, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह हिंसक घटना स्थानीय आपराधिक गिरोह अली गैंग के सदस्यों द्वारा दो गुटों के बीच हुए विवाद के बाद अंजाम दी गई। दोनों गुटों में मारपीट के बाद पूरे इलाके में भगदड़ मच गई। पुलिस को देख छत से कूदा संदिग्ध, पैर टूटा घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचते ही आरोपी भागने लगे। इसी दौरान, 'अली गैंग' का एक संदिग्ध सदस्य पुलिस से बचने की कोशिश में एक छत से कूद गया। कूदने के कारण उसका पैर टूट गया। सूत्रों के अनुसार, यह वही युवक है जिसकी तलाश पुलिस को कई पुराने आपराधिक मामलों में थी। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात हिंसक झड़प की सूचना मिलते ही डोरंडा, जगन्नाथपुर समेत कई थानों के थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आरोपियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## रांची में बेघर लोगों के लिए 50 बेड का आधुनिक अस्थायी आश्रय गृह शुरू



**रांची :** बढ़ती सर्दी को देखते हुए राज्य सरकार और रांची नगर निगम ने बेघर लोगों के लिए बड़ा कदम उठाया है। मेन रोड स्थित फिरायालाल के पास 50-बेड का अत्याधुनिक नि:शुल्क आश्रय गृह शुरू किया गया। इसका उद्घाटन ऑनरेबल न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा, डालसा के सचिव रवि कुमार भास्कर और निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने किया। मौके पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल भी बांटे गए। शेल्टर में बेघर लोगों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं गर्म और आरामदायक बिस्तर कंबल, तकिया और साफ चादर स्वच्छ पेयजल बिजली और प्रकाश व्यवस्था मच्छर भगाने की सुविधा 247 CCTV निगरानी सहायता और पंजीकरण काउंटर महिलाओं, बुजुर्गों व दिव्यांगों के लिए अलग सुरक्षित सेक्शन स्वच्छता और स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान रोजाना सफाई और कचरा निस्तारण शेल्टर परिसर में नियमित फॉगिंग बीमारियों से बचाव के उपाय लागू रात में रेस्क्यू टीम सक्रिय नगर निगम की रेस्क्यू टीम रात में शहर के चौराहों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों पर बेघर लोगों को खोजकर शेल्टर तक पहुंचाएगी।

## एक नजर

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सात दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महाविद्यालय के एलुमनी अरुण कुमार दास ने विशेष व्याख्यान सत्र के अंतर्गत प्रकरण – ‘भारतीय ज्ञान परम्परा के मूल्यों, उपयोगिता एवं महत्ता से अवगत कराया एवं पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने विषय – एक शिक्षक की विभिन्न भूमिकाएं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में फीडबैक एवं अनुभव साझा सत्र का आयोजन किया गया जिसमें सात दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का फीडबैक एवं उक्त कार्यक्रम से संबंधित अपना अनुभव साझा किए।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम शिक्षण यात्रा की मजबूत शुरूआत है, जो प्रशिक्षुओं को दो वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न यात्रा से अवगत कराती है एवं प्रशिक्षुओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए उन्हें शैक्षिक मूल्यों और पेशेवर नैतिकता से भी जोड़ते हैं। यह कार्यक्रम प्रशिक्षुओं को एक प्रभावशाली एवं सशक्त शिक्षक बनने की दिशा में मार्गदर्शन करता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड.सत्र 2025– 27 के सभी प्रशिक्षु दीपक कुमार, सोनिया कुमारी, विकास कुमार, सुधा कुमारी, सिकन्दर कुमार, प्रियंका कुमारी, मनीष कुमार, सपना कुमारी, बिनोद कुमार, रितिका कुमारी, विश्वजीत राज, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सूचित कुमार, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव एवं विवेक कुमार आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

### चलती ट्रेन में रूपयों की नहीं होगी दिक्कत, अब कोच में लगेगा एटीएम



**झुमरी तिलैया :** यात्रीगण कृपया ध्यान दें। अब चलती ट्रेन में भी रूपयों की निकासी कर सकते हैं। यात्रियों को रूपयों की दिक्कत नहीं होगी, इसलिए कि ट्रेनों में एटीएम लगेगा। इसकी शुरूआत कर दी गई है। महाराष्ट्र की मनमाड़–सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस में एटीएम ऑन व्हील्स की सुविधा शुरू की है। यह पहल यात्रियों को चलती ट्रेन में नकद की सुविधा देने और रेलवे के गैर किराया राजस्व को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। उक्त ट्रेन में प्रायोगिक तौर पर किया गया है। यह सुविधा धनबाद दीक्षाभूमि एक्सप्रेस धनबाद एलपी एक्सप्रेस के अलावा धनबाद कोडरमा गया होकर चलने वाली दिल्ली मुम्बई की कई महत्वपूर्ण इस खंड होकर चलने वाली लंबी दूरी वाली ट्रेनों में भी की जाएगी। रेलवे ने डिजिटल भारत की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। इस एटीएम को ट्रेन की मिनी पेंट्री को परिवर्तित कर स्थापित किया गया है। जिसे रबर पैड और बोल्ट की सहायता से कंपन से सुरक्षित किया गया है। साथ ही, 2 अग्निशमन यंत्र भी लगाए गए हैं, ताकि सुरक्षा मानकों का पालन किया जा सके। यह कदम यात्रियों को यात्रा के दौरान नकद की आवश्यकता पड़ने पर बड़ी राहत देगा।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर स्वजनों ने ओएनजीसी के गेट को किया जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** रविवार देर शाम हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाप-बेटे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बनगड़िया ओपी क्षेत्र के पर्वतपुर सिंह टोला निवासी कैलाश प्रसाद सिंह(59)और उनके पुत्र कृष्णा सिंह उर्फ. मनु (24) के रूप में हुई है। हादसे के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है। घटना रात की 8-9 बजे की है। परिजन ने बताया कि दोनों पिता पुत्र बगल में शादी पार्टी में महज 500 मीटर दुरी पर पर्वतपुर माजीटोला जा रहा था। इसी क्रम में ओएनजीसी कंपनी के अधीन चल रही लक्ष्या पावर टेक की गाड़ी संख्या जेएच 10 बीजी/5887 के चपेट में आया और घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गया। मौके से गाड़ी भाग गया था लेकिन बाद में पकड़ा गया। परिजन को सोमवार सुबह 5 बजे घटना की जानकारी मिली। परिजन का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक कैलाश सिंह का दो पुत्र है। कृष्ण सिंह छोटे पुत्र था। स्वजनों ने आरोप लगाया है कि ओएनजीसी के अधीन कार्यरत लक्ष्या पावर टेक की एक गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित स्वजनों और ग्रामीणों ने दोनो शव को ओएनजीसी के जीसीएस प्लांट गेट पर रखकर मुआवजे की मांग शुरू कर दी। साथ ही चासझतलगड़िया पथ को बनगड़िया ओपी के समीप जाम कर दिया गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। घटना के संबंध में बताया गया कि कैलाश सिंह और कृष्णा सिंह शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। सूचना मिलने पर बनगड़िया ओपी की पुलिस और सीओ रवि कुमार आनंद मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर ओएनजीसी पदाधिकारी, लक्ष्या पावर टेक के पदाधिकारी थाना चंदनकियारी, सियालजोरी, बनगडिया ओपी, आमलाबाद ओपी तथा चास मु पुलिस पहुंच मामले का जायजा लिया। सीओ की उपस्थिति में ओएनजीसी अधिकारियों और स्वजनों के बीच वार्ता की कोशिश की गई, लेकिन देर शाम तक किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई। आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे और उचित कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। पुलिस प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने में जुटा हुआ है। इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## “एक नए सफर की शुरूआत” कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्टील प्लांट से दिसम्बर-2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृत्ति उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से दिनांक 08 दिसम्बर को मानव संसाधन विभाग के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में “एक नए सफर की शुरूआत” कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में वरीय प्रबंधक श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नई मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। उप महाप्रबंधक श्री अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। नगर प्रशासन विभाग के कनीय प्रबंधक प्रणव कुमार बिद्रोही ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में जानकारी साझा की। डॉ. जया लक्ष्मी तथा योग गुरु के बी मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को सेवानिवृत्ति उपरांत स्वास्थ्य प्रबंधन और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक परितोष कुमार एवं प्रबंधक भानु गोपाल की टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए धन निवेश के विकल्पों एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारे में सुझाव दिए।

## बीएसएल के सीएसआर के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** स्टील प्लांट के सीएसआर के तहत परिधीय गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं इस्पात संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में रितुडीह, बांसगोड़ा, तांतरी ओर मानगो गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 380 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान किया गया। आई स्क्रीनिंग के पश्चात 47 मरीजों को मोतियाबिंद सर्जरी के लिए बोकारो जनरल अस्पताल में इलाज हेतु रेफर किया गया। इसके अतिरिक्त, झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से 127 लोगों को एड्स रोग के संबंध में महत्वपूर्ण परामर्श दिया गया, जिससे स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा मिला। उल्लेखनीय है कि बीएसएल के सीएसआर के तहत और पीरामल स्वास्थ्य के सहयोग से वर्ष 2016 से संचालित ‘इस्पात संजीवनी’ मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अब तक डेढ़ लाख से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट हर महीने 45 परिधीय गांवों का दौरा करती हैचुका इस मोबाइल चिकित्सा इकाई में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट सहित पैरामेडिक्स की एक पूरी टीम उपलब्ध है, जो ग्रामीणों का बुनियादी स्वास्थ्य परीक्षण करती है और उन्हें निः शुल्क आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराती है।

## समाहरणालय के समक्ष आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का विशाल प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर के देशव्यापी आह्वान पर केन्द्रीय मंत्रियों के संसदीय क्षेत्र में जुझारू आंदोलन करने के फैसले के तहत झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन के बैनर तले समाहरणालय पर विशाल प्रदर्शन किया और केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नाम उपायुक्त को प्रतिनिधिमंडल मिल 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इससे पूर्व हनुमान मंदिर चौक से सेविका सहायिकाओं की एक विशाल जुलूस निकला जो कोडरमा बाजार होते हुए समाहरणालय पहुंचकर प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो गया। जुलूस में मजदूर विरोधी मोदी सरकार मुदार्बाद, लेबर कोड रद्द करो, आंगनबाड़ी में एफआरएस रद्द करो, परियोजना कर्मियों को 26 हजार वेतन देना होगा, समान काम का समान वेतन देना होगा आदि गगनचुंबी नारे लगाए जा रहे थे। जुलूस में भारी संख्या में सेविका सहायिका शामिल थी। प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता और आईफा की राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा रानी ने कहा कि एफआरएस के नाम पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं का शोषण हो रहा है। उनके मानदेय रोके जा रहे हैं। जो बिल्कुल अन्याय है। कोडरमा से महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी हैं, फिर भी सेविका की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। तीन महीने से टीएचआर के लिए रेडी टू इट पैकेट नहीं मिल रहा है। तो एफआरएस तो एक धोखा होगा। इन्हें काम करने के लिए डेटा पैक के साथ लैपटॉप दिया जाए और ओटीपी के लिए लाभुकों को फोन दिया जाए, ताकि लाभुक अपने अधिकार से वंचित नहीं हों। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीणा गुप्ता ने कहा कि एसआईआर के कामों से सेविकाओं को मुक्त किया जाना चाहिए। इसके नाम पर पदाधिकारियों द्वारा इन महिलाओं को रात में भी काम करने के लिए फोन कर परेशान किया जाता है।

## बोकारो में विस्थापित मंच ने सांसद ढुल्लू महतो का पुतला फूंका, किया कड़ा विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** सोमवार को नगर सेवा भवन के सामने बोकारो युवा विस्थापित विकास मंच के तत्वाधान में धनबाद लोकसभा सांसद ढुल्लू महतो के खिलाफ पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच के संरक्षक रघुनाथ महतो ने सांसद पर विस्थापित विरोधी एवं विकास विरोधी बयानबाजी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र के विस्थापितों ने कड़ी मेहनत कर इन्हें सांसद चुना था, लेकिन ढुल्लू महतो ने जनता की अपेक्षाओं पर खरा न उतरते हुए अतिक्रमणकारियों का समर्थन किया है। रघुनाथ महतो ने बताया कि बीएसएल प्रबंधन शहर के विकास के लिए अतिक्रमण हटाकर हवाई अड्डा से उड़ान सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहा है, जबकि सांसद महतो इसके विरोध में जिला प्रशासन और बीएसएल प्रबंधन को धमकी दे रहे हैं, जो न्यायपालिका और प्रशासन के खिलाफ गंभीर मामला है। इस मौके पर मंच के संयोजक अधिवक्ता राकेश महतो ने बताया कि सांसद महतो विस्थापितों के हितों के खिलाफ कार्य कर रहे हैं और बोकारो में उनका प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विस्थापितों ने इन्हें इसलिए जीताया था ताकि बीएसएनएल अप्रेंटिस में स्थानीय विस्थापितों को नियोजन मिले और इंजीनियरिंग कॉलेज खोला जा सके, लेकिन सांसद महतो अतिक्रमणकारियों के साथ मिलकर अपनी राजनीतिक चमक बनाने में लगे हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में अनटाइड फंड, डीएमएफटी, एमपी/एमएलए लैड एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में सोमवार को योजना एवं विकास शाखा तथा सभी इंजीनियरिंग विंग के साथ अनटाइड फंड, डीएमएफटी, एमपी लैड, एमएलए लैड सहित जिले में संचालित सभी विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति, कार्य की गुणवत्ता एवं लंबित मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई।उपायुक्त ने नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा/डोमचांच, जिला पर्यटन एवं खेल विभाग, पथ प्रमंडल, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, पेयजल एवं स्वच्छता, जिला परिषद्, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की एजेंसीवार समीक्षा की।

उन्होंने अनाबद्ध निधि अंतर्गत संचालित प्रमुख योजनाओं–विद्यालयों में बाउंड्री वॉल/चारदीवारी, विद्यालय भवन निर्माण एवं मरम्मती, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण/मरम्मती, सड़क निर्माण, पीसीसी सड़क, नाली निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र निर्माण एवं मरम्मती, चेक डैम निर्माण, आहार जीर्णोद्धार आदि–की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। सत्यापन एवं हैंडओवर प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश

उपायुक्त ने सभी इंजीनियरिंग विंग के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों से संबंधित निर्माण कार्यों बाउंड्री वॉल, भवन निर्माण एवं मरम्मती का सत्यापन प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता की उपस्थिति में अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सत्यापन के बाद ही अंतिम भुगतान एवं हैंडओवर की प्रक्रिया पूर्ण की जाए।

**आंगनबाड़ी केंद्रों के सत्यापन का निर्देश**

उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, उनका अपने स्तर से सत्यापन कर हैंडओवर की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। साथ ही जिले में जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**पूर्ण योजनाओं का हैंडओवर तथा धीमी प्रगति पर कार्रवाई**

इंजीनियरिंग विंग के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि जो भी योजनाएं निर्माण कार्य पूर्ण कर चुकी हैं, उनका हैंडओवर संबंधित विभागों के साथ अविलंब किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जिन योजनाओं की स्वीकृति हो गई है, उनका भूमि पूजन एवं शिलान्यास भी शीघ्र कराया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शिशु सृजन वाटिका के बच्चों के बीच बाटे गए स्वेटर



**बोकारो :** ठंढ के बढते प्रकोप से सामान्य दिनचर्या प्रभावित होना आम बात है किंतु जहां ठंढ के प्रकोप से बचने का साधन या माध्यम न रहे, वहां जन जीवन अस्त–व्यस्त होने लगता है इन्हीं बातों के मद्देनजर संकल्प सृजन संचालित माता अनसुया शिशु सृजन वाटिका भगत कलोनी एवं सावित्री बाई फुले शिशु सृजन वाटिका, सोनाटांड. के बच्चों के बीच विशिष्ट समाज सेवी राजीव रंजन सिन्हां के सौजन्य से स्वेटर का वितरण किया गया। संस्था की महासचिव साध्वी झा ने बच्चों को स्वयं से स्वेटर पहनाकर घर भेजा। इस अवसर पर बिनु पाठक, बबिता, शैलकुमारी देवी, सरिता व प्रिति ने अपना सहयोग दिया।

### बोकारो के पत्रकार दिनेश पांडेय की पत्नी का निधन, शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे लोग



**बोकारो :** बोकारो के रफ़्तार मीडिया के पत्रकार दिनेश पांडेय की पत्नी रीना पांडे (50) का इलाज के दौरान सोमवार को बोकारो जनरल अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले आठ दिनों से भर्ती थीं और लगातार उपचार चल रहा था। दुखद सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पत्रकार, समाजसेवी और परिचितजन अस्पताल पहुँचे और श्री पांडेय को ढाढस बंधाया। इस बीच बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण समेत कई गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। संवेदना प्रकट करने वालों में बी.के. पांडे, दिव्य खरे, बसंत मधुकर, अमरनाथ पोद्दार, चूमन कुमार, मनीष सिंह, संजीव कुमार, मृत्युंजय मिश्रा, मृत्युंजय शर्मा, पंकज सिंह, हेमंत कुमार, नितेश वर्मा, कैलाश गोस्वामी, मनोज शर्मा, अनिल कुमार, हिमांशु वर्मा, हिमांशु कुमार, जयलक्ष्मी, अजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार, संजीव सिंह सहित सैकड़ों पत्रकार और समाजसेवी शामिल रहे। परिजनों और सहयोगियों ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

### कोसोफ ट्रस्ट ने सेक्टर-4 बुद्ध विहार में चलाया हरित अभियान



**बोकारो :** कौशल ट्रस्ट के सौजन्य से सेक्टर–4 स्थित बुद्ध विहार में रविवार को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसका नेतृत्व उदय कुमार गुप्ता ने किया। संस्था के संस्थापक–अध्यक्ष रामबचन प्रियदर्शी ने बताया कि हरित–भारत अभियान की शुरूआत बड़ौदा से हुई थी और अब यह पूरे देश में स्वच्छ व हरा–भरा वातावरण के संकल्प के साथ संचालित हो रहा है। प्रियदर्शी ने कहा कि सड़क निर्माण, अवैध कटान और रोजगार के नाम पर तेजी से हो रही पेड़ों की कटाई ने पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्था केवल पेड़ लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल भी करती है ताकि वे फलदार और मजबूत बन सकें। कोरोना महामारी ने ऑक्सीजन के महत्व को उजागर किया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने नाम से कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू परंपरा में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की आवश्यकता होती है, ऐसे में पेड़ लगाना और उनका संरक्षण भविष्य के लिए जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ हवा, हरियाली और स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना रहा। ट्रस्ट का मानना है कि यदि हर व्यक्ति एक पेड़ लगाए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में कुणाल पाण्डेय, नितेश कुमार गुप्ता, उदय कुमार गुप्ता, पूनम, कुलेश्वर, डेरालाल, नागदेव जोगी सहित कई स्थानीय लोग शामिल हुए।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में करियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सोमवार को करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसमें विषय विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें सफलता के कई टिप्स भी बताए। इस कार्यशाला में वर्ग 10 से लेकर 12वीं तक के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में चैतन्या एकेडमी रांची के ऑर्गेनिक केमिस्ट्री के विशेषज्ञ अंकित आनंद, आई आई टी गुवाहाटी से बी टेक होल्डर गणित विशेषज्ञ सुभाष कुमार, एन आईटी जमशेदपुर पास आउट जूलॉजी स्पेशलिस्ट अमरनाथ सिंह, आई आई टी धनबाद से पास आउट और इनॉर्गेनिक और फिजिक्स स्पेशलिस्ट मोहित कुमार और बॉटनी के विषय विशेषज्ञ हरिशु कुमार विशेषज्ञ के रूप में मौजूद थे। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बुके देखकर इन सभी अतिथियों का स्वागत किया। आईआईटीयन अंकित आनंद ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सफलता के कई टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि आपको मेडिकल इंजीनियरिंग के अलावा जिस भी क्षेत्र में कैरियर बनाना है इसके लिए मेहनत करनी पड़ेगी। उन्होंने छात्रों को विषय याद करने के तरीके भी बताए। विशेषज्ञों की टीम ने टॉप करने वाले एक लड़का और एक लड़की को फ्री में चैतन्या एकेडमी में शिक्षा देने की बात कही। उन्होंने बहुत ही सरल और सहज भाषा में छात्रों के सवालों का जवाब दिया और उन्हें अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। अंत में चैतन्या एकेडमी की ओर से प्राचार्य प्रमोद शर्मा को मोमेंटो भी दिया गया गया। कार्यक्रम का संचालन दसवीं की छात्रा खुशी कुमारी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक मनोज कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, रूटिन इंचार्ज दीपक सर्राफ, भोला कुमार, सतीश कुमार, भोला कुमार और विशाल आनंद सहित लगभग 200 की संख्या ने बच्चे मौजूद थे।

# खरीफ विपणन 2025-26 : धान अधिप्राप्ति की तैयारी पर डीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक

## धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया पारदर्शी व समयबद्ध करने के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के दौरान धान अधिप्राप्ति कार्य को सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संचालित करने हेतु उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों के पंजीकरण एवं सत्यापन, लैंपस संचालन, अधिप्राप्ति प्रक्रिया, निरीक्षण व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक प्रावधानों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान पाया कि निर्धारित लक्ष्य की तुलना में कृषि पंजीकरण की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस पर उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, प्रखंड कृषि पदाधिकारियों एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को पारस्परिक समन्वय स्थापित करते हुए आगामी पाँच दिनों के भीतर कृषि पंजीकरण में सुधारात्मक एवं त्वरित प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि धान अधिप्राप्ति के सुचारू संचालन हेतु प्रखंड स्तर पर समिति की बैठक आयोजित कर समग्र कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि अधिप्राप्ति कार्य लक्ष्य आधारित एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न हो सके। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पोर्टल पर इंएक्टिव किसानों को सक्रिय कर पंजीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने अवगत कराया कि जिले में धान खरीद के लिए कुल 27 लैंपस/पैक्स का संचालन निर्धारित किया गया है तथा अब तक पाँच राइस मिलों को धान उठाव हेतु चिह्नित किया गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विभागीय दिशा-निर्देशों के आलोक में सभी लैंपस पर आवश्यक सुविधाएँ समुचित रूप से उपलब्ध कराई जाएँ। उन्होंने प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे की अनिवार्य स्थापना तथा मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति नियमित रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को इन सभी प्रावधानों की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि आवश्यकतानुसार राइस मिलों की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि धान उठाव कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो तथा संपूर्ण प्रक्रिया समयबद्ध एवं सुचारू रूप से संचालित की जा सके। धान अधिप्राप्ति अभियान को व्यापक सफलता दिलाने हेतु उपायुक्त ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को अधिप्राप्ति प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पंजीकरण व्यवस्था एवं खरीद समय-सारणी से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा किसानों को उनके निकटतम लैंपस केंद्र पर धान बिक्री हेतु प्रेरित किया जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, जनहितकारी एवं प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा विभाग अंतर्गत संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली , खाद्यान्न आपूर्ति, दाल-भात योजना, डाकिया योजना, धान अधिप्राप्ति एवं भुगतान, चावल दिवस, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, ई-केवाईसी, डीलर टैगिंग-रीटैगिंग, NFSA अंतर्गत खाद्यान्न वितरण सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि विभागीय योजनाओं का मूल उद्देश्य पात्र लाभुकों को समय पर लाभ उपलब्ध कराना तथा संपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के संचालन में लाभुकों की सुविधा, गुणवत्तापूर्ण सेवा और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# झारखंड में ओबीसी आरक्षण पर राज्य सरकार की बहानेबाजी हुई उजागर : पूर्णिमा साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** ओबीसी आरक्षण को लेकर सरकार कितनी गंभीर है, इसका खुलासा खुद सरकार के विधानसभा में दिए गए जवाब से हो गया है। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू द्वारा पूछे गए प्रश्न पर सरकार ने जो उत्तर दिया, उसे विपक्ष सरकार की मंशा पर बड़ा सवाल बता रहा है। सोमवार को विधायक पूर्णिमा साहू ने विधानसभा में पूछा था कि ओबीसी आरक्षण देने के लिए 2019 में शुरू हुआ आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण कब पूरा होगा और इसके आधार पर सरकार कब तक ओबीसी को उनका हक देगी। इसके जवाब में सरकार ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण सर्वेक्षण का कार्य पूरा नहीं हो सका। विधायक पूर्णिमा साहू ने इस जवाब को हास्यास्पद और बहानेबाजी से भरा बताते हुए कहा कि कोरोना को बीते चार साल से अधिक हो चुके हैं, फिर भी सरकार कोई ठोस कारण नहीं दे पाई। उन्होंने कहा कि यह जवाब सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाता है और साबित करता है कि सरकार पिछड़ा वर्ग के मुद्दों पर गंभीर नहीं है। पूर्णिमा साहू ने कहा कि अगर सरकार की नीयत सही होती तो 2019 में शुरू हुआ सर्वेक्षण पूरा कर ओबीसी को जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण दे देती। उन्होंने तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां करुणानिधि सरकार ने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराया, विधानसभा से बिल पास कराया और आज 69% आरक्षण लागू है, जबकि देश में 50% ही सीमा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार यदि तमिलनाडु मॉडल अपनाकर ईमानदारी से सर्वेक्षण कराए, तो ओबीसी आरक्षण देने से कोई नहीं रोक सकता। तमिलनाडु में आपके साथी दल की सरकार है, कम से कम उनसे सीख ही लें।

# चोरों ने दिन दहाड़े 12 लाख नगद और लाखों के उड़ाए जेवर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सदर थाना क्षेत्र में चोरों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर 12 लाख रुपए नगद और लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर उड़ा लिए। इस मामले में घर के मालिक मनोज कुमार साहू ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सोमवार को रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। जेल रोड के रहने वाले मनोज कुमार साहू रविवार को अपनी पत्नी और बच्चों के साथ एसआईपी क्लास, गणिनाथ स्कूल, विकास नगर गए थे। उस समय उनकी मां घर पर अकेली थी। पीछे का दरवाजा खुला होने के कारण चोर सीधे उनके घर में घुसे और लाखों की संपत्ति चुरा ली। जब घर में समान गिरने की आवाज आई तो मनोज कुमार साहू की मां पीछे के दरवाजे की तरफ दौड़ी। इस दौरान उन्होंने देखा कि सनी करमाली और पिंटू मुंडा अपने कुछ साथियों के साथ सामान लेकर भाग रहे हैं। जब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो उन लोगों ने बुजुर्ग महिला के साथ हाथापाई भी की। मनोज साहू जब घर लौटे तो घर में सारा सामान बिखरा पाया।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्पाद सिपाही भर्ती 2024 में 12-15 अभ्यर्थियों की मौत, आश्रितों को नौकरी नहीं मिली : विधायक



**नामकुम :** झारखण्ड उत्पाद सिपाही भर्ती 2024 की दौड़ के दौरान कुल 12 से 15 अभ्यार्थियों की मौत। जिसमें से दो अभ्यार्थी मेरे विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नामकुम प्रखण्ड के ग्राम बेरमाद से आरती केरकेट्टा एवं ग्राम रामपुर से विकास टोप्पो की भी मौत हुई थी। सरकार ने मृतक परिवारों को मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गई थी। जबकि आज तक मृतक परिवार के एक भी सदस्य को सरकारी नौकरी नहीं दी गई। विधायक राजेश कच्छप ने सदन के माध्यम सरकार से मांग किया है झारखण्ड उत्पाद सिपाही भर्ती 2024 की दौड़ में मृतक अभ्यार्थियों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाय।

### कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष समीम खान की पहल से चापानल का किया गया मरम्मत

**अनगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत सिरका पंचायत में समीम खान के पहल से चापानल खराब हो जाने से खान ने विधायक राजेश कच्छप को इसकी जानकारी दी गई विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिरका पंचायत में सभी खराब चापानल व्यवस्था को मरम्मत किया साथ ही निवास कर रहें दिव्यांग जनों को पानी के लिए नया कनेक्शन उपलब्ध कराई गई इस कार्य में पेयजल विभाग के जेई की भूमिका अहम रही इस मौके पर उपाध्यक्ष विजय मुण्डा, प्रणव उरांव सहित गुल्ली मुंडा, रवि नायक, करम लाल मुण्डा भगवान दास इत्यादी ।

### मुरी पूर्वी पंचायत भवन जाने वाला रास्ता जर्जर ग्रामीण परेशान



**सिल्ली :** मुरी पूर्वी पंचायत जाने वाला रास्ता जर्जर हो चुका है आए दिन ग्रामीण इस रास्ता से आना जाना करते हैं साथ ही साथ यह रास्ता मुरी पूर्वी पंचायत भवन एवं उसुलाईन स्कूल जाता है। यह रास्ता जर्जर होने से दुर्घटना को आमंत्रित करता है आए दिन देखा जाता है कि बच्चे अपने धर से साइकिल चलाकर स्कूल जाते हैं वही रास्ता जर्जर होने से बच्चों को गिरते हुए देखा जाता है मोटरसाइकिल सवार भी रास्ते पर गिरते देखा जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ता को बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया गया है मगर अभी तक इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं दिया गया है।


झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।
अति अल्पकालिन निविदा सूचना – 54/2025–26

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 15.12.2025 अपराहन 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 16.12.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 16.12.2025 अपराहन 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work with changing of all fittings at Quarter no. CD-392-II , B-2203-II,B-90-II,B-554-II,CD-OHC-771-II ,E-15-II & othersVidhansabha quarters dhurwa Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 13,95,265.00 | 28000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Supplying Fitting and Fixing of Reverse Osmosis based Water Treatment System 50 LPH with water Cooler & necessary water supply pipe line Sanitary Fittings and its allied work at Minister Bangalow No.-6 New Smart City Dhurwa, Ranchi & instalattion of Gysers & R.O. at different quarters of Highcort and Vidhansabha under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 5,31,571.00 | 10700.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3. | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work with changing of all fittings at Quarter no. B- 1870-II , B-2271-II & construction of toilet at quarter no. B-2276 -II othersVidhansabha quarters dhurwa Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 16,49,333.00 | 33000 .00 | 5000.00 | 30 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची ।

PR 368039 Drinking Water and Sanitation(25-26)D



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–50/2025–26

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 16.12.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 17.12..2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 17.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का सीान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair & renovation of toilet and bath room, Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work 4th floor (Gents)(Right Side) Oncology Department RIMS Bariyatu, Ranchi under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 969573.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 2. | Seepage repair & renovation of toilet and Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage at Block B-2, Regional SOT Department 2nd floor of RIMS Bariyatu, Ranchi under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 1139877.00 | 23000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 3. | Seepage repair & renovation of General toilet and bath room (Right Side) & Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage C-2 Block at 1st floor Department of Medicine RIMS Bariyatu, Ranchi under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 1747964.00 | 35000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गोन्दा, राँची।

PR.NO.367959 Drinking Water and Sanitation(25-26):D



फाइल नंबर: Content Id: 76845

TO BE PUBLISHED IN THE GAZETTE OF INDIA, EXTRAORDINARY PART-II, SECTION 3, SUB SECTION (ii)] GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS Notification

NEW Delhi Dated the .............

SO.................... (E).—Whereas by the notification of the Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways, **5026(E) Dated:22/11/2024, 303(E) Dated:16/01/2025**, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii) issued under sub-section (1) of section 3A of the National Highway Act, 1956 (48 of 1956) (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government declared its intention to acquire the land specified in the Schedule annexed to the said notification for **Widening / Re-construction to Two Lane with paved Shoulder of NH-143AG from Km 37.400 (Design chainage) to Km 85.560 (Design Chainage) Bero - Khunti Section (in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05) in the state of Jharkhand** in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND

And whereas the substance of the said notification has been published in **"Hindustan"** and **"Prabhat Khabar"** both dated ***01.03.2025 and 02.03.2025***; under sub-section (3) of section 3A of the said Act;

And whereas the Competent Authority has received objections filed under Section 3-C, considered and settled the same appropriately;

And whereas, in pursuance of sub-section (1) of section 3D of the said Act, the competent authority has submitted its report to the Central Government;

Now, therefore, upon receipt of the said report of the competent authority and in exercise of the powers conferred by the sub-section (1) of section 3D of the said Act, the Central Government hereby declares that the land specified in the said Schedule should be acquired for the aforesaid purpose;

And further, in pursuance of sub-section (2) of section 3D of the said Act, the Central Government hereby declares that on publication of this notification in the Official Gazette, the land specified in the said Schedule shall vest absolutely in the Central Government, free from all encumbrances.

SCHEDULE

**Brief Description of the land to be acquired with or without structures falling NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 (in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05) in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND**

| Sl. No. | Survey/ Plot Number | Type of Land | Nature of Land | Area (in Hectares) | Name of Land Owner/Interested Person |
|---|---|---|---|---|---|
| State: JHARKHAND | | | District: RANCHI | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Taluk: Bero | | | | | |
| Village: Tuko | | | | | |
| 1 | 198 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.005949 | Soma Oraon, Father-Litwa Oraon |
| 2 | 199 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0715905 | Lachhuman Oraon, Father- Ghasiya Oraon |
| 3 | 200 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0930797 | Soma Oraon, Father-Litwa Oraon |
| 4 | 201 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0930797 | Mosmat Chago Uraain, Jauje- Jama Oraon |
| 5 | 202 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0028733 | Mosmat Chago Uraain, Jauje- Jama Oraon |
| 6 | 204 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1085795 | Mosmat Chago Uraain, Jauje- Jama Oraon |
| 7 | 205 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0374342 | Jagdev Mahli, son of Noga Mahli |
| 8 | 206 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0405099 | Jagdev Mahli, son of Noga Mahli |
| 9 | 207 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0446378 | Charwa Oraon, Visun Oraon, Father - Jogia Oraon |
| 10 | 221 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0056253 | Mosmat Chago Uraain, Jauje- Jama Oraon |
| 11 | 222 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0030352 | Jama Oraon |
| 12 | 223 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0154593 | Mosmat Chago Uraain, Jauje- Jama Oraon |
| 13 | 224 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0266289 | Samael Oraon, Father-Goyanda Oraon |
| 14 | 225 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0649535 | Vakast Bhuihari, Jageshar Sah |
| 15 | 227 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0364225 | Sakho Oraon, Father- Bisuwa Oraon |
| 16 | 228 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0182922 | Bhaju Singh, Father- Dindayal Singh |
| 17 | 230 | Government (GM KHAS) | JUNGLE JHADI | 0.0545123 | Gairmajruwa Malik |
| 18 | 243 | Government (GM AAM) | RAASTA | 0.1056657 | Gairmajruwa Aam |
| 19 | 27 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0318899 | Jagdev Mahli, son of Noga Mahli |
| 20 | 28 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0530959 | Charwa Oraon, Visun Oraon, Father - Jogia Oraon |
| 21 | 32 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0185755 | Bhaju Singh, Father- Dindayal Singh |
| 22 | 33 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0384055 | Bhaju Singh, Father- Dindayal Singh |
| 23 | 330 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0131121 | Lachhuman Oraon, Father- Ghasiya Oraon |
| 24 | 331 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0365034 | Soma Oraon, Father-Litwa Oraon |
| 25 | 332 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1335492 | Vakast Bhuihari, Chapdu Oraon |
| 26 | 333 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.1055038 | Vakast Bhuihari, Chapdu Oraon |
| 27 | 334 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0242817 | Vakast Bhuihari, Chapdu Oraon |
| 28 | 335 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0480777 | Vakast Bhuihari, Chapdu Oraon |
| 29 | 339 | Government (GM KHAS) | PARTEE KADEEM | 0.3216512 | Gairmajruwa Malik |
| 30 | 34 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0639013 | Bhaju Singh, Father- Dindayal Singh |
| 31 | 340 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0048159 | Vakast Bhuihari, Jageshar Sah |
| 32 | 35 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0105221 | Vakast Bhuihari, Chapdu Oraon |
| 33 | 37 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.116552 | Vakast Bhuihari, Jageshar Sah |
| 34 | 370 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1535815 | Sunuva Oraon, Jitu Oraon, Father-Lumbha Oraon |
| 35 | 371 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1474707 | Dhuchala Oraon, Father- Papuda Mahto |
| 36 | 373 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.172845 | Phaguva Oraon, father-Bhakuva Oraon |
| 37 | 374 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.1944557 | Bhikham Mahli, Father-Jitu Mahli |
| 38 | 378 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1318495 | Lachhuman Oraon, Father- Ghasiya Oraon |
| 39 | 379 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0908944 | Soma Oraon, Father-Litwa Oraon |
| 40 | 383 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0941319 | Baijnath Singh, Father- Deendayal Singh |
| 41 | 384 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0835694 | Vakast Bhuihari, Chapdu Oraon |
| 42 | 385 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1965601 | Nakul Singh, wald Anant Singh |
| 43 | 39 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0227034 | Samael Oraon, Father-Goyanda Oraon |
| 44 | 398 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0218535 | Paras Nath Ahir, wald - Kapil Ahir |
| 45 | 399 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0360178 | Paras Nath Ahir, wald - Kapil Ahir, |
| 46 | 40 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0227034 | Mosmat Chago Uraain, Jauje- Jama Oraon |
| 47 | 401 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1087414 | Nakul Singh, wald Anant Singh, |
| 48 | 402 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0080939 | Nakul Singh, wald Anant Singh, |
| 49 | 403 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2318899 | Ratan, Father-Gangaram Baraik |
| 50 | 404 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1324565 | Jusaf Oraon, Father-Kisun Oraon |
| 51 | 41 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0206394 | Jama Oraon |
| 52 | 42 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0125051 | Mosmat Chago Uraain, Jauje- Jama Oraon |
| 53 | 424 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2934035 | Turva Oraon, Father-Jauru Oraon |
| 54 | 425 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0121408 | Jusaf Oraon, Father-Kisun Oraon |
| 55 | 426 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1726831 | Lurka Bhandari, Sukra Bhandari, father- Sohrai Bhandari, and Madu Bhandari, father- Jagmohan Bhandari |
| 56 | 427 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0016188 | Thuma Oraon, Gudua Oraon, Father-Shuvi Oraon |
| 57 | 428 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.123877 | Sakar Kahaar |
| 58 | 429 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1530959 | Mosmat Chago Uraain, Jauje- Jama Oraon |
| 59 | 43 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0283286 | Thutha Potwa Oraon, Father- Jogiya Oraon |
| 60 | 430 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0997167 | Bhikhari Oraon, wald Sura Oraon, |
| 61 | 44 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0485633 | Charwa Oraon, Visun Oraon, Father - Jogia Oraon |
| 62 | 442 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0095508 | Lachhuman Oraon, Father- Ghasiya Oraon |
| 63 | 443 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1464994 | Balku Lohara, Mohan Lohara, Vishwanath Lohara, father- Sukhnath Lohara, Vakasth Bhuihari |
| 64 | 45 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0971267 | Jagdev Mahli, son of Noga Mahli, |
| 65 | 46 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0281263 | Mosmat Chago Uraain, Jauje- Jama Oraon |
| 66 | 708 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0224605 | Kadea Oraon, wald Phagwa Oraon, |
| 67 | 709 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.080089 | Lurka Bhandari, son- Sohrai Bhandari, |
| 68 | 710 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1368677 | Barju Rajwar, Father- Thakur Rajwar |
| 69 | 711 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0475921 | Chotna Oraon, Father- Chamru Oraon |
| 70 | 712 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0399029 | Chotna Oraon, Father- Chamru Oraon |
| 71 | 713 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0623634 | Salik Oraon, Vansi Oraon, Father -Thuma Oraon |
| 72 | 714 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0455281 | Chotna Oraon, Father- Chamru Oraon |
| 73 | 715 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1215297 | Budhwa Oraon, Father-Chutia Oraon |
| 74 | 716 | Government (GM AAM) | RAASTA | 0.0191421 | Gairmajruwa Aam |
| 75 | 721 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.01724 | Janak Singh, Father- Baijnath Singh |
| 76 | 722 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0068393 | Mosmat Chago Uraain, Jauje- Jama Oraon |
| 77 | 723 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0364225 | Samael Oraon, Father-Goyanda Oraon |
| 78 | 724 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0363416 | Sunuwa Oraon, Faguwa Oraon, Father- Gudri Chamra Oraon |
| 79 | 725 | Private (RAIYATI ) | DON III | 0.0394172 | Samael Oraon, Father-Goyanda Oraon |
| 80 | 738 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0533792 | Tunia Oraon, vald-Fagua Oraon, |
| 81 | 739 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0515176 | Phaguva Oraon, father-Bhakuva Oraon |
| 82 | 740 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.035775 | Shankar Das, Father-Raghu Das |
| 83 | 742 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0528126 | Lachhuman Oraon, Father- Ghasiya Oraon |
| 84 | 743 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0408741 | Soma Oraon, Father-Litwa Oraon |
| 85 | 744 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0393768 | Harkhu Dhobi, father-Nandu Dhobi |
| 86 | 757 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0180494 | Bijla Oraon, Father- Kharla Oraon |
| 87 | 763 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0246864 | Nakul Singh, wald Anant Singh, |
| 88 | 764 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0711453 | Mangru Oraon, Father-Soma Oraon |
| 89 | 765 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0838527 | Sakar Kahaar |
| 90 | 766 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1252125 | Tena Oraon, Mosmaat Charo Oraon, Father- Turia Oraon |
| 91 | 767 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0520842 | Mangra Oraon, Father-Buda Oraon |
| 92 | 768 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0683934 | Sunwa Oraon Jamin Bijla Oraon |
| 93 | 769 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0592473 | Ganduwa Oraon, Father-Budhuwa Oraon, Mangara Oraon |
| 94 | 770 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.167584 | Dhinuva Ahir |
| 95 | 771 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0611089 | Chamru Oraon, Father-Kunjal Oraon |
| 96 | 799 | Government (GM AAM) | DEB STHAN | 0.0825577 | Gairmajruwa Aam |
| 97 | 840 | Government (GM AAM) | RAASTA | 0.0560097 | Gairmajruwa Aam |
| 98 | 894 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0364225 | Barju Rajwar, Father- Thakur Rajwar |
| 99 | 895 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0040469 | Barju Rajwar, Father- Thakur Rajwar |
| 100 | 896 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1937677 | Barju Rajwar, Father- Thakur Rajwar |
| 101 | 897 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1090652 | Sakho Oraon, Father- Bisuwa Oraon |
| 102 | 899 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0114124 | Balku Lohara, Mohan Lohara, Vishwanath Lohara, father- Sukhnath Lohara, Vakasth Bhuihari |
| 103 | 900 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1521651 | Janak Singh, Father- Baijnath Singh |
| 104 | 901 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0806961 | Vakast Bhuihari |

PR 368035 (Land Reforms)25-26*D

जिला भू अर्जन पदाधिकारी,राँची

## लोकतंत्र में : बन्दों को गिना करते हैं 'तौला' नहीं करते

स नवनिर्वाचित बिहार विधानसभा के पहले सत्र में शपथ ग्रहण के दौरान गत 1 दिसंबर को भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था की वास्तविकता का एक अजीब दृश्य देखने को मिला जबकि राज्य की नवादा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित जनता दल (यूनाइटेड) विधायक विभा देवी को हिंदी में भी शपथ पत्र पढ़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। अनपढ़ होने के कारण ही वह ठीक से शपथ नहीं पढ़ पा रही थीं। इस संबंध में वायरल हुई वीडिओ में देखा गया कि शपथ लेने के दौरान वे बार-बार रुक गईं और उन्होंने पास में बैठी एक अन्य जे डी यू विधायक मनोरमा देवी से शपथ पूरी करने में मदद मांगीं जिन्होंने उन्हें शब्दों का उच्चारण बताया। स्वयं स्पीकर महोदय ने बार बार शपथ लेने में मनोरमा देवी की सहायता की जिसके बाद ही विभा देवी किसी तरह शपथ लेने की 'औपचारिकता' निभा सकीं। विभा देवी का परिचय व उनकी योग्यता केवल यह है कि वे पूर्व विधायक और विवादित 'बाहुबली' राजबल्लभ यादव की पत्नी हैं। वे आर जे डी के प्रत्याशी कौशल यादव को 27,594 वोटों से हराकर विजयी घोषित हुई हैं। गोया अब बिहार का भाग्य लिखने वालों में एक नाम विधायक विभा देवी का भी शामिल होगा। राज्य के नेतृत्व में ऐसे और भी कई उदाहरण हैं। इसी बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देश के प्रसिद्ध चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर शायद यह सोचकर जन सुराज नामक अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे होंगे कि जब वे दूसरे दलों व उनके नेताओं को चुनावी जीत दिला सकते हैं तो स्वयं अपने गृह राज्य में अपनी पार्टी बनाकर विजयी क्यों नहीं हो सकते? सुख और विलासता के जीवन को त्याग कर गत तीन वर्षों तक पूरे बिहार की खाक छानने के बाद अपनी ही कमाई के करोड़ों रुपए पानी में बहाकर जो मुद्दे वे जनता के सामने रख रहे थे निश्चित रूप से वही मुद्दे आज की राजनीति विशेषकर बिहार की जरूरत हैं। जैसे शिक्षा,पलायन,बेरोजगारी व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को ही उन्होंने अपने चुनाव के सर्वप्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया। इतना ही नहीं बल्कि जितने शिक्षित,अनुभवी,सज्जन,योग्य व दूरदर्शी लोगों को प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी का प्रत्याशी बनाया शायद राज्य के किसी अन्य दल ने नहीं बनाया। परन्तु भारतीय राजनीति व देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का आज का सच यही है कि नवादा की जिस नवनिर्वाचित विधायक विभा देवी के अनपढ़ होने के कारण उनका मजाक उड़ाया गया उनके मुकाबले में जन सुराज पार्टी ने जिस अनुज सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था वे संसाधन भूगोल में पीएचडी धारक थे परन्तु उन्हें कुल 19349 वोट हासिल हुए और वे तीसरे नंबर पर रहे, जबकि अनपढ़ विभा देवी ने कुल 87423 वोट पाकर जबरदस्त जीत दर्ज की। अब एक नजर डालते हैं पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह प्रकरण पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह ने बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान ही बिहार की नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुये सरकार की नीतियों, भ्रष्टाचार और पार्टी नेताओं पर कुछ गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने बिहार सरकार व अदानी पावर लिमिटेड के मध्य ₹62,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हुये यह दावा किया था कि यह अडानी को फायदा पहुंचाने की साजिश है। उन्होंने इस विषय पर सीबीआई जांच की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने भाजपा नेताओं जैसे भाजपा के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर 1995 हत्या मामले आरोपी होने, अपनी आयु व शिक्षा छिपाने जैसे प्रशांत किशोर के गंभीर आरोपों का समर्थन किया था। आर के सिंह ने अनंत सिंह जैसे एनडीए उम्मीदवारों को अपराधी बताते हुए लोगों से उन्हें वोट न देने की अपील भी की थी। परन्तु 'बलिहारी ' हो इस 'लोकतंत्र' की, कि सम्राट चौधरी भी चुनाव जीतकर पुनः राज्य के उप मुख्यमंत्री बन गये और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अनंत सिंह भी विजयी हो गये। जबकि दूसरी ओर इनको आइना दिखाने वाले आर के सिंह जैसे ईमानदार व शिक्षित नेता के आरोपों को भाजपा ने 'अनुशासनहीनता' व 'पार्टी-विरोधी गतिविधियां' मानते हुये उल्टे उन्हें ही पार्टी से निलंबित कर दिया।

### सूडोकु नवताल- 7638

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 7637 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

# भारतीय रुपये का अवमूल्यन विमर्श का नया अवसर

**प्रहलाद सबनानी**

माह जनवरी 2025 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बाजार में भारतीय रुपए का मूल्य 85.79 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर था, किंतु 3 दिसम्बर 2025 तक रुपए का मूल्य लगभग 5 प्रतिशत गिरकर 90.19 रुपये प्रति डॉलर हो गया। यह गिरावट हाल के समय की सबसे बड़ी दर्ज गिरावटों में से एक है। आश्चर्य की बात यह है कि जब भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के कई संकेत दे रही है, जैसे वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत के आठ-तिमाही उच्च स्तर पर पहुँचना और खुदरा मुद्रास्फीति का मात्र 0.25 प्रतिशत के निम्न स्तर पर आ जाना, तब भी एशियाई देशों में मुद्रा अवमूल्यन की दृष्टि से भारतीय रुपया सबसे तेज गिरावट वाला दिखाई दे रहा है। इसका स्पष्ट संकेत है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के बावजूद कुछ वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम रुपए पर नकारात्मक दबाव बना रहे हैं।

सबसे महत्वपूर्ण कारण है ट्रम्प प्रशासन द्वारा वैश्विक व्यापार पर बढ़ाया गया टैरिफ दबाव। अमेरिका ने विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर उच्च शुल्क लागू किए हैं, और भारत से होने वाले कुछ विशेष निर्यातों जैसे रेडीमेड गारमेंट्स, कृषि व लेदर उत्पाद, समुद्री जीव उत्पाद तथा जेम्स एवं ज्वेलरी पर तो 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप भारत से इन उत्पादों का निर्यात प्रभावित हुआ है और डॉलर का अंतरप्रवाह कम हुआ है। हाल की तिमाही में भारत का कुल आयात 18,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर रहा जबकि निर्यात मात्र 10,500 करोड़ डॉलर रहा, जिससे 8,000 करोड़ डॉलर का भारी व्यापार घाटा बना। अक्टूबर 2025 में विदेशी व्यापार घाटा और बढ़कर 4,100 करोड़ डॉलर के रिकार्ड स्तर पर पहुँच गया। व्यापार घाटे की यह वृद्धि भारत में अमेरिकी डॉलर की मांग को बढ़ाती है, जिससे रुपए पर अवमूल्यन का दबाव और तेज हो जाता है।

दूसरा बड़ा कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय पूंजी बाजार से तीव्र निवेश निकासी है। वर्ष 2025 में अब तक FII ने 1.48 लाख करोड़ रुपये अर्थात 1,640 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य का निवेश निकाल लिया है। वे यह धन डॉलर में ही निकालते हैं, जिससे बाजार में डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपये की कीमत और कमजोर होती जाती है। सामान्यतः दुनिया की अर्थव्यवस्थाएँ अपनी मुद्रा को स्थिर एवं मजबूत बनाए रखने का प्रयास करती हैं ताकि विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़े, परंतु मुद्रा के अवमूल्यन का दूसरा पक्ष यह भी है कि इससे निर्यातकों को अधिक स्थानीय मुद्रा प्राप्त होती है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ती है। हालांकि आयात महँगे हो जाते हैं और मुद्रास्फीति की आशंका उत्पन्न होती है, विशेषकर भारत जैसा देश जहाँ कच्चे तेल का भारी आयात होता है।

रुपए के तेज अवमूल्यन की स्थिति में भारतीय रिजर्व बैंक प्रायः हस्तक्षेप करते हुए बाजार में डॉलर की उपलब्धता बढ़ाता है। मध्य सितम्बर 2025 तक RBI 2,000 करोड़ डॉलर बाजार में जारी कर चुका था, परंतु हाल के समय में RBI द्वारा कोई सीधा हस्तक्षेप नहीं किया गया। इसका उद्देश्य यह प्रतीत होता है कि वैश्विक व्यापार अस्थिरता की स्थिति में निर्यातकों को राहत देते हुए रुपए को कुछ समय कमजोर बने रहने दिया जाए। वैसे भी भारत के पास 68,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सुदृढ़ विदेशी मुद्रा भंडार है, जिसका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर पर्याप्त डॉलर उपलब्ध कराने में किया जा सकता है। किंतु दीर्घकाल में समाधान यही है कि भारत अपने आयात को कम करे, निर्यात में वृद्धि करे और विदेशी व्यापार घाटे पर नियंत्रण स्थापित करे।

भारत में सबसे अधिक आयात होने वाले दो प्रमुख उत्पाद कच्चा तेल और स्वर्ण हैं। ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा विशेषकर सौर एवं पवन ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ाना एक स्थायी समाधान है। केंद्र सरकार इस दिशा में लगातार कार्यरत है और उल्लेखनीय सफलता भी प्राप्त हो रही है। इसी प्रकार स्वर्ण आयात को कम करने के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर भी गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। यदि भारत कच्चे माल का अधिकाधिक घरेलू उत्पादन सुनिश्चित कर ले और उत्पादन लागत को कम कर ले, तो भारतीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं।

उत्पादन की लागत को कम करने हेतु ब्याज दरों में कमी एक महत्वपूर्ण कदम होता है। इसी दिशा में भारतीय रिजर्व बैंक ने 5 दिसम्बर 2025 को रेपो दर को 5.50 प्रतिशत से घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया। साथ ही, 21 नवम्बर 2025 से देश में लागू की गई चार श्रम संहिताओं वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्त संहिता 2020 ने श्रम कानूनों की जटिलताओं को कम करके उन्हें अधिक कारगर बनाया है। इन चार संहिताओं द्वारा पूर्व में लागू 29 श्रम कानूनों को सरल, आधुनिक और प्रभावी बनाया गया है। इससे न केवल श्रमिकों को उचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य परिस्थितियाँ मिलेंगी, बल्कि उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा, जिससे उत्पादनशीलता में वृद्धि होगी और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। श्रमिकों की उत्पादकता बढ़ने से उत्पादन लागत घटेगी और भारतीय उत्पाद वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और मजबूत होंगे। यह सुधार भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारत को अपने विदेशी मुद्रा भुगतान संतुलन को संतुलित बनाए रखने के लिए धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देना चाहिए। धार्मिक पर्यटन विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता है और विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ाता है। सरकार द्वारा अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, माता वैष्णोदेवी, प्रयागराज, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री तथा अन्य धार्मिक नगरों में आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास ने विश्वभर के पर्यटकों को आकर्षित किया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर एवं संपूर्ण नगर के पुनर्विकास ने धार्मिक पर्यटन की नई सम्भावनाएँ खोली हैं। इन शहरों में श्रद्धालुओं, विशेषकर विदेशी पर्यटकों, की संख्या में भारी वृद्धि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए सकारात्मक साबित हो रही है।

समग्रतः देखा जाए तो कभी-कभी वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बीच देश अपनी मुद्रा को नियंत्रित रूप से अवमूल्यित होने देते हैं, क्योंकि इससे निर्यात बढ़ने में सहायता मिलती है और दीर्घकाल में यह कदम देशहित में उपयोगी सिद्ध होता है। अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रुपए का अवमूल्यन कई वैश्विक कारकों की उपज है, न कि भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरी का संकेत। यदि भारत निर्यात में वृद्धि, आयात में कमी, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, उत्पादन लागत में कमी तथा श्रम सुधारों के मार्ग पर आगे बढ़ता रहा, तो यह स्थिति भविष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का अवसर भी प्रदान कर सकती है।

**(लेखक, आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ हैं।)**

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आम जन को एक जुट खड़े होने की जरूरत है

**विजय केसरी**

भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है, जो देखते ही देखते किसी भी देश को खोखला बना देता है। जिस प्रकार लकड़ी में अगर एक बार दीमक का कीड़ा लग जाए तो उसे जड़ से हटाए बिना उसकी रक्षा नहीं की जा सकती है। भ्रष्टाचार भी दीमक के कीड़े के समान है। समय रहते अगर इसका इलाज कर लिया गया, तभी देश को आर्थिक तंगी और बदहाली से बचाया जा सकता है। विश्व में लगभग दो सौ देश, देश की श्रेणी में सूची बद्ध हैं। क्या इन दो सौ देश में से कोई एक देश यह दावे के साथ कर सकता है कि उसका देश भ्रष्टाचार से मुक्त है? किसी न किसी रूप में सभी देशों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर भ्रष्टाचार होता क्या है भ्रष्टाचार की परिभाषा यह है कि देश, राज्यों और सरकारी पदों पर आसीन व्यक्ति, व्यक्तिगत स्वार्थ और दूसरे को लाभ पहुंचाने के लिए अपने पद का इस्तेमाल करता है, यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। वहीं दूसरी ओर कोई आमजन भी अपनी सेवा के बदले अधिक राशि का दोहन करता है, तो यह भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। अब विचारणीय यह है कि हम सब भ्रष्टाचार की किस श्रेणी में खड़े हैं इस पर विचार करने की जरूरत है। अगर हम सच्चे अर्थों में भ्रष्टाचार को समाप्त करना चाहते हैं, तो सबसे पहले खुद को बदलने की जरूरत है। नैतिकवान और ईमानदार बनाने की जरूरत है। तभी भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किया जा सकता है। भ्रष्टाचार पर बोलना और लिखना बहुत आसान है। खुद को भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ा करने के लिए नैतिकवान और ईमानदार बनाना जरूरी है। तभी भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सकता है।



भ्रष्टाचार एक ऐसा मुद्दा है, जिससे विश्व के लगभग सभी देश त्रस्त हैं। विश्व के लगभग आधा से ज्यादा देश भ्रष्टाचार के कारण आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। उन देशों की प्रति व्यक्ति आय दिन प दिन घटती जा रही है। ऐसे देशों में असमानता की दरें ज्यादा बढ़ती चली जा रही है। यहां लिखना जरूरी हो जाता है कि विश्व के जिन देशों में भ्रष्टाचार ज्यादा है,उन देशों में असमानता की दरें ज्यादा बढ़ती हुई होती हैं। पिछले दिनों बांग्लादेश और नेपाल में आम नागरिकों का जो गुस्सा फूटा, फलस्वरुप दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों को अपने पद से इस्तीफा देकर सत्ता से अलग होना पड़ा था। इसके जड़ में भ्रष्टाचार ही रहा था। ऐसे देशों में सत्ता और सरकारी पदों पर बैठे अधिकारियों के पास भ्रष्टाचार से कमाई गई अकूत संपत्ति जमा हो जाती है। वहीं दूसरी ओर आमजन की हक की कमाई भी उससे दूर चली जाती है। रोजी - रोजगार की काफी दिक्कतें उत्पन्न जाती है। महंगाई चरम पर चली जाती हैं। आमजन को दो जून की रोटी जुगाड़ करने में भी काफी परेशानियों का सामना करने पड़ता है। देश पर देशीय बैंकों, अन्य देशों सहित विश्व बैंक का कर्ज इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि देश का संचालन करना भी कठिन हो जाता है। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान का उदाहरण हम सबों के सामने है। पाकिस्तान में भ्रष्टाचार इतना बढ़ा हुआ है कि सरकारी कर्मचारियों के वेतन बीते कई वर्षों से समय पर नहीं दिए जा रहे हैं। महंगाई इतनी बड़ी हुई है कि रोजमर्रा की चीजें भी लाइन पे खड़े होकर लोग लेने के विवश हैं।

आज भ्रष्टाचार एक वैश्विक मुद्दा बन चुका है। कोई भी देश भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है। ऐसा नहीं की भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाजें बुलंद नहीं हो रही हैं । लेकिन इन तमाम उठती आवाजों के विरुद्ध भी भ्रष्टाचार अपनी बुलंदी पर है। इस विश्व व्यापी समस्या को समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संगठन ने 31 अक्टूबर 2003 में एक भ्रष्टाचार-निरोधी समझौता पारित किया था। इसके तहत विश्व भर में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए हर 9 दिसंबर को भ्रष्टाचार निरोधी दिवस के रूप में बनाने का फैसला लिया गया। तभी से विश्व भर में यह दिवस मनाया जाता रह रहा है। यह दिन भ्रष्टाचार के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर काम करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य यह है कि पूरी दुनिया से भ्रष्टाचार खत्म हो। इसे लेकर कई देशों में जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं ताकि लोगों के बीच एक सकारात्मक पहल हो और लोग भ्रष्टाचार को बढ़ावा न दें बल्कि उन लोगों को बेनकाब करने जो भ्रष्ट हैं। भ्रष्टाचार एक सामाजिक समस्या के खिलाफ संघर्ष का एक हिस्सा है इसका उद्देश्य एक मात्र ईमानदार और न्यायपूर्ण समाज की दिशा में कदम उठाना है।

भ्रष्टाचार खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और इसे स्थापित करने के लिए समर्पित एक महत्वपूर्ण दिन होता है। इस दिन कई लोग अलग-अलग कार्यक्रमों और आयोजनों में हिस्सा लेते हैं। ऐसे में अगर आपके इलाके में ऐसा कोई आयोजन होगा तो आपको भी जरूर शामिल होना चाहिए ताकि आपको पता चलें कि आखिर कैसे भ्रष्टचारियों से निपटना है, तो इसके साथ ही ये भी जान लेते हैं कि अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार दिवस किस दिन से मनाया जाता है। आज कई लोग भ्रष्टाचार निरोधी दिवस को दिखावे के दिवस के रूप में भी आरोप लगाने से चूकते नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि सिर्फ आरोप लगाने से देश अथवा राज्यों को भ्रष्टाचार से मुक्त किया जा सकता है इसका एक ही जवाब है। कदापि नहीं। भ्रष्टाचार दिवस का मुख्य उद्देश्य यह है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में जागरूकता पैदा की जाए। जिस देश के लोग ज्यादा जागरुक हैं, वैसे देशों में भ्रष्टाचार की जड़े उतनी फैल नहीं पा रही है। ऐसा नहीं कि ये देश भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त हैं। लेकिन ऐसे देशों में भ्रष्टाचार की जड़े जम नहीं पा रही हैं। जिन देशों के नागरिक भ्रष्टाचार के खिलाफ जागृत नहीं हैं, वैसे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत तेजी से फैलती चली जा रही है। और देश को खोखला बनाती चली जा रही हैं। भ्रष्टाचार निरोधी दिवस का मुख्य उद्देश्य है कि भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति केंद्र और राज्य की सरकारें सजग रहकर ईमानदार और न्यायपूर्ण समाज की दिशा में कार्य करें। विश्व के हर देशों में भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर एंटी करप्शन विभाग कार्यरत हैं। इस एंटी करप्शन विभाग का काम यह कि जो सरकारी अधिकारी अथवा कर्मचारी भ्रष्टाचार के लेनदेन में संलग्न हैं,उसे रंगे हाथों पकड़ना और जेल की सलाखों के पीछे ढकेल देना है। ऐसे भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सजा न्यायालय द्वारा देने का भी प्रावधान है। ताकि भ्रष्टाचार को फैलने से रोका जाए।

भ्रष्टाचार निरोधी दिवस के माध्यम से भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में एकजुटता पैदा की जाती है। यह दिन भ्रष्टाचार को रोकने और समाज में ईमानदारी और न्याय को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत में भ्रष्टाचार को लेकर कई कदम उठाए गए हैं। इनमें से कुछ महत्त्वपूर्ण कदम शामिल हैं, जैसे कि डिजिटली भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ई-गवर्नेंस के अनुप्रयोग, आंतरिक और बाह्य जांच एजेंसियों के गठन, भ्रष्टाचार और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई, लोकतंत्र की स्थापना और सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को बढ़ावा देना। भारत सरकार ने आईपीसी और जीएसटी जैसे कई बड़े रिफॉर्म्स को शुरू किया है, जिनसे अर्थव्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है और जो भ्रष्टाचार को कम करने में मदद कर सकते हैं। सरकार ने लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए अनेक तरह के योजनाओं की शुरूआत की है। ये सभी कदम भ्रष्टाचार को कम करने और समाज में ईमानदारी और न्याय को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

# गोवा की त्रासदी और भ्रष्टाचार की वह आग जिसने 25 जीवन छीन लिए

**कैलाश चन्द्र**

गोवा की वह रात आज भी भारत की सामूहिक स्मृति में एक गहरे घाव की तरह दर्ज है, एक ऐसा घाव जिसका दर्द सिर्फ उन 25 परिवारों ने नहीं झेला जिनके घरों के चिराग उस हादसे में बुझ गए, इसे तो पूरे समाज ने महसूस किया है। सिलेंडर विस्फोट सिर्फ एक दुर्घटना नहीं है; वह उस अदृश्य लेकिन सर्वव्यापी दानव भ्रष्टाचार का नग्न, क्रूर और निर्दयी चेहरा है जिसने मानव जीवन की पवित्रता को पैसों की चकाचौंध में कुचलकर रख दिया।

वह क्लब जिसे नियमों के अनुसार ध्वस्त कर दिया जाना चाहिए था, जहाँ कानूनी मानकों का पालन अनिवार्य था, वहाँ कुछ व्यक्तियों के लालच ने कानून को अपनी जेब में रखा और रिश्वत की आग में जन जीवन की सुरक्षा को भस्म कर दिया। यह वही क्षण था जहाँ प्रशासनिक सत्य दम तोड़ गया और भ्रष्टाचार एक मौन हत्यारे की तरह भीतर तक उतर गया। परिणाम 25 जीवन राख में बदल गए, 25 परिवारों के भविष्य दफन हो गए और अनगिनत सपनों की लौ हमेशा के लिए बुझ गई।

भ्रष्टाचार की सबसे भयावह सच्चाई यही है कि उसका दंड अकसर अपराधी को नहीं मिलता; वह उन निर्दोष लोगों पर टूटता है जिनका अपराध से कोई लेना देना ही नहीं होता। यही सामाजिक त्रासदी है और यही हमारी सामूहिक नैतिक विफलता। इस घटना में दोष उन हाथों का है जिन्होंने नियमों की अनदेखी की, कागजों पर झूठी अनुमति लिखी, निरीक्षण को औपचारिकता में बदल दिया और एक इमारत को गैर कानूनी सहारे पर खड़ा रहने दिया। पर दंड मिला उन मासूम लोगों को, जो न आनंद की रात की कल्पना से बाहर थे और न किसी खतरे की आहट से परिचित। जीवन कभी-कभी इतनी निर्ममता से इंसाफ करता है कि दोषी बच निकलते हैं और निर्दोष बेबस होकर दंडित हो जाते हैं। गोवा की यह त्रासदी उसी विडंबना का सबसे दर्दनाक उदाहरण है।

इस हादसे की जड़ में मात्र तकनीकी खामियाँ नहीं हैं। अग्निशमन यंत्र नहीं थे, सुरक्षा द्वार अनुपस्थित थे, आपातकालीन रास्ते अपर्याप्त थे, पर यह केवल आधा सच है। पूरा सच तो वह है जिसे समाज बोलते हुए भी डरता है। इस त्रासदी की नींव उस भ्रष्ट मानसिकता ने रखी थी जो वर्षों से कानून का गला उसी तरह दबाती रही है जैसे रात में वह आग ने उन 25 लोगों का दम घोंट दिया। रिश्वत की वह अदृश्य मुद्रा, अनुमतियों का वह छलावा, निरीक्षण की वह औपचारिकता और प्रभावशाली लोगों का वह दबदबा, इन सबने मिलकर उस इमारत को बचाए रखा जो गिरनी चाहिए थी। जब वह इमारत गिरी, तो अपने साथ केवल दीवारें नहीं गिरीं, माएँ गिरीं, पिता गिरे, बच्चों की हँसी गिरी, परिवारों का भविष्य गायब हो गया। यही भ्रष्टाचार का स्वभाव है। वह केवल नैतिकता नहीं खाता, वह जीवन खाता है, विश्वास खाता है और समाज की रीढ़ को खोखला कर देता है।

भारतीय दर्शन ने सदियों पहले चेतावनी दी थी कि अधर्म का अंत निश्चित है; धर्म की रक्षा करने वाला ही सुरक्षित रहता है। यह केवल धार्मिक उपदेश नहीं है, यह तो समाज व्यवहार का कठोर मनोवैज्ञानिक सिद्धांत है। भ्रष्टाचार से कमाया गया हर पैसा, हर सुविधा, हर अनुचित लाभ एक कर्म ऋण लेकर आता है। एक ऐसा ऋण जिसे समय किसी न किसी रूप में वसूल ही लेता है। कई बार प्रकृति वह दंड उसी से नहीं लेती जिसने गलती की; वह दंड समाज को सहना पड़ता है, व्यवस्था को चुकाना पड़ता है या किसी मासूम की अकाल मृत्यु के रूप में सामने आता है। गोवा की यह घटना इस कर्म ऋण की भयावह परिणति है!

हम अक्सर कहते हैं कि भ्रष्टाचार सिस्टम की कमजोरी है, पर गोवा का सच कहता है कि भ्रष्टाचार दरअसल एक मानव हत्या की प्रक्रिया है। यह किसी एक विभाग, एक अफसर, एक व्यापारी का दोष नहीं; यह समाज के उस सामूहिक मौन का परिणाम है जहाँ कानून को कमजोर करने वालों को हम देखते तो हैं, पर हाथ नहीं उठाते, गलत को पहचानते हैं, पर बोलने का साहस नहीं करते। जब कानून की जगह पैसे का असर ले लेता है और नैतिकता की जगह लाभ का गणित बैठ जाता है, तब दुर्घटनाएँ आकस्मिक नहीं रह जातीं, वे नियोजित परिणाम बन जाती हैं। सुरक्षा एक भ्रम की तरह टूटता है और जीवन एक संख्या में बदल जाता है।

अब प्रश्न यह है कि क्या हम केवल आँकड़ों तक सीमित रहने वाले समाज बन जाएँगे? क्या 25 की संख्या हमें एक दिन रुलाएगी और अगले दिन हम आगे बढ़ जाएँगे? क्या मासूमों का यह बलिदान केवल कुछ दिनों की खबर बनकर रह जाएगा या यह हमें भीतर तक झकझोर कर उत्प्रेरित करेगा कि भ्रष्टाचार किसी एक का दोष नहीं। यह हमारी सामूहिक सहिष्णुता की उपज है। यदि समाज भ्रष्टाचार को सामान्य मानकर चलता रहेगा, तो ऐसी त्रासदियाँ अपवाद नहीं, धीरे धीरे नियम बन जाएँगी। ऐसे में यही वह क्षण है जहाँ हमें अपने भीतर झाँकना होगा। हम कहाँ चूक रहे हैं? कब जागेंगे? कब बोलेंगे? कब विरोध करेंगे?

गोवा की यह पीड़ा चेतावनी है कि भ्रष्टाचार का फल कभी न कभी प्रकट होता ही है। चाहे सत्ता के पतन में, चाहे परिवारों के विनाश में, चाहे मासूम जीवन की अकाल मृत्यु में। केवल अपराधी का नाम ढूँढ लेना पर्याप्त नहीं; समाज को स्वयं से भी पूछना होगा कि हम कब जागेंगे? हम अपने आचरण में कब परिवर्तन लाएँगे? सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। यह शब?द कहावत तक सीमित नहीं हैं, ये एक जन त्रासदी का कठोर सत्य है। अब प्रश्न यह नहीं कि दोषी कौन है; बल्कि यह है कि भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने की सामूहिक जिम्मेदारी कौन उठाएगा? व्यक्ति, समाज, प्रशासन और सरकार सभी को विचार करना होगा, निर्णय लेना होगा और कार्रवाई करनी होगी।

## दैनिक पंचांग

**9 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.05 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मकर | 09.10 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.57 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.30 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 14.00 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.40 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.38 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.52 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 22.08 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 00.20 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | तुला | 02.31 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 04.45 ब.से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 343 वा दि
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 19
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 14.30 बजे को समाप्त
**नक्षत्र** आश्लेषा 02.23 बजे रात्र समाप्त।
**योग** इन्द्र 14.33 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 14.30 बजे तदनन्तर 02.02 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 49'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872553
**जूलियन दिन** 2461018.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 17

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

## एक नजर

### प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति स्वीकृति को लेकर हुई बैठक

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्री-मैट्रिक तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति स्वीकृति संबंधी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय समिति द्वारा प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 11,882 छात्र-छात्राओं को राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। इससे पूर्व 51,943 छात्रों के आवेदन स्वीकृत किए जा चुके थे। ई-कल्याण पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्यालयों के INO द्वारा 63,825 छात्रों का ऑनलाइन वेरिफिकेशन किया गया था। इन सभी आवेदनों के आधार पर पात्र छात्रों को शीघ्र लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विस्तृत समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए समिति ने 211 नए छात्र-छात्राओं के आवेदन को स्वीकृति दी। इससे पहले 6,637 छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए स्वीकृति मिल चुकी थी। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पोर्टल पर लंबित सभी आवेदनों का विद्यालय के स्तर द्वारा यथाशीघ्र सत्यापन (वेरिफिकेशन) सुनिश्चित किया जाए, ताकि योग्य विद्यार्थियों को समय पर सहायता उपलब्ध हो सके। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कोषागार के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पहाड़ पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रामगढ़ :** सदर थाना क्षेत्र के काजू बागान में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सोमवार को गागरिया पहाड़ पर अज्ञात व्यक्ति का शव होने की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि काजू बागान में गागरिया पहाड़ काफी सुनसान इलाका है। ठंड के इस मौसम में वहां लोगों की आवाजाही कम ही रहती है। जिस व्यक्ति का शव मिला है, उसके मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस को संदेह है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी हत्या कर दी है। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में लोगों से पूछताछ की। लेकिन किसी भी व्यक्ति के द्वारा उसकी पहचान नहीं की जा सकी। सभी थानों में भेजी गई मृतक की तस्वीर पुलिस ने मृतक की पहचान जल्द करने के लिए सभी थानों और आसपास के इलाकों में उसकी तस्वीर भेजी है। सोशल मीडिया पर भी मृतक की तस्वीर वायरल की गई, ताकि उसकी पहचान जल्द से जल्द हो सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### टीबी पर नियंत्रण के लिए सीएस ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**पलामू :** राष्ट्रीय नेशनल टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से सोमवार से जिले में व्यापक जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। सीएस कार्यालय में कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना कर किया। इस अवसर पर सीएस ने कहा कि टीबी उन्मूलन सरकार की प्राथमिकता है और समुदाय की भागीदारी से ही 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अभियान के माध्यम से टीबी रोग की पहचान, उपचार, निःशुल्क जांच और पोषण सहायता जैसी सुविधाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। सीएस ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिया।

# सांस्कृतिक विरासत जीवन और इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है : अनिल कंडुलना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा :** प्रखंड क्षेत्र के बरसलोया में युवा क्लब संघ बरसलोया के द्वारा सोमवार सोमवार को सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक जतरा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली व अन्य अतिथि के रूप में बरसलोया पंचायत के मुखिया संदीप सद मुंडा, लुंदुर पहान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे, प्रखंड सचिव बिरिश डुंगडुंग, प्रखंड उपाध्यक्ष एल्विन समद, युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष दीलीप बा:, प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ नायक उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व अन्य अतिथियों का पारंपरिक ढोल नगाड़े की थाप पर झूमते नाचते गाते हुए मंच तक लाया गया तत्पश्चात महिला मंडल समूह के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर तथा मेला समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर स्वागत किया गया। जतरा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि अन्य अतिथि व समिति के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र के लोकप्रिय गायक रुपेश बड़ाईक ने भक्ति वंदना कर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने युवा क्लब संघ बरसलोया समिति और तमाम बरसलोया क्षेत्र वासियों को जतरा मेला की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जतरा मेला सामाजिक एकता, सांस्कृतिक उत्सव और भाईचारे का प्रतीक है। ग्राम वासियों से आपसी सहयोग और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जतरा सिर्फ मेला नहीं यह हमारी संस्कृति है। श्री कंडुलना ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी परंपरा गांव में बसती है और हमारे पूर्वजों की देन है कि इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है यह मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि हमारी परंपराओं, विश्वासों एवं समृद्ध संस्कृति का एक हिस्सा है, जो विविधता में एकता का अमिट संदेश देता है। उन्होंने कहा कि परंपरा और संस्कृति हमारी माटी से जुड़ी है। मेला के माध्यम से हम सभी एकजुट होकर खुशियां मनाते हैं इससे आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। इस तरह का आयोजन लगातार होते रहे हम और हमारी झामुमो पार्टी आप लोगों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। ग्रामीणों से अपील है क्षेत्र में कोई भी समस्या हो हमसे जरूर संपर्क करें हम यथासंभव आप सबों का सहयोग करेंगे। विशिष्ट अतिथि झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली ने जतरा मेला सुंदर, बेहतर और भव्य आयोजन के लिए मेला समिति के तमाम पदाधिकारी, सदस्यों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बरसलोया गांव हमारा अपना गांव है हर सुख दुख में हम गांव वासियों के साथ हैं। जतरा मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत है, यह हमारी परंपरा है जो हमारे क्षेत्र में सदियों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि परंपरा और संस्कृति हमारी माटी से जुड़ी है। हम सब एक साथ मिलजुलकर यह पर्व मनाते हैं और खुशियां साझा करते हैं।



## विधायक ने सदन में ओबीसी एवं किसानों के मुद्दे को मजबूती से उठाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा :** विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हो रहे सीएनटी एक्ट उलंघन के मामले को माननीय विधानसभा के सदन में रखते हुए कहा कि अध्यक्ष महोदय हमारे कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में ओबीसी वर्गों के भूमियों का बड़े व्यापारियों एवं बड़े कम्पनियों द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम 1908एवं भूमि-अधिग्रहण पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा, पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013का उल्लंघन कर अवैध तरीके से रजिस्ट्री पट्टा द्वारा अवैध हस्तांतरण किया जा रहा है। हमारे विधानसभा क्षेत्र के जलडेगा प्रखण्ड अन्तर्गत तिलईजरा, भितबुना बांसजोर के कोम्बाकेरा, भंवरपाबा आदि स्थानों पर इस प्रकार का खेला किया गया है। जो किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं है। इसलिए, सरकार से आग्रह है कि इसपर उचित कदम उठाए जिससे कि भोक्तभोगी को न्याय मिले। विधायक ने जिले में ओलावृष्टि से जो किसानों को क्षति हुई है उस पर भी सदन में अल्पसूचित प्रश्न को उठाते हुए कहा कि इस बार हमारे विधानसभा क्षेत्र के केरियां, जोराम, ताराबोगा एवं टीटांगर में 2025 का जो ओलावृष्टि हुई उसमें गरीब परिवारों का घर उजर गया, फसलें नष्ट हो गई। किसानों के बीच त्राहि त्राहि मच गया। रहने के लिए घर नहीं बचा,लोग प्लास्टिक लगा कर गुजारा किया। मैं सदन के माध्यम सरकार से जानना चाहते हैं कि कि इस बिन्दु पर सरकार क्या कर रही है। उक्त प्रश्न के जवाब में आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आंशिक स्वीकृति दी गई और कहा गया कि सिमडेगा जिला उपायुक्त को आपदा प्रबंधन के लिए राशि उपलब्ध करा दी गई है।

## दिलीप तिर्की ने गांव के लोगों से मुलाकात कर सुनी समस्याएं, जल्द समाधान का दिया भरोसा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज प्रदेश समन्वयक दिलीप तिर्की, अमृत सोरेंग एवं अन्ना तिर्की ने केशलपुर पंचायत अंतर्गत तीन गांव नवाटोली, कोनाटोली एवं टंगराटोली के प्रमुख लोगों से बैठक के द्वारा मुलाकात कर लोगों से हाल और उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। मौके पर लोगो ने सुंदर गीतों से माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। कई विषयों पर चर्चा के दौरान महिलाओं ने बताया कि पानी पीने के लिए मुश्किल से हो पाती है सारे चापाकल खराब हैं, एक साल पहले पीएचडी विभाग से बोरिंग करने के लिए आए, किंतु आधे में छोड़कर चले गए। कुछ है लेकिन पानी में तैलीय होने के कारण वो पीना संभव नहीं है। कोचेडेगा बाँसपहार और केशलपुर को जोड़ने वाली यह रास्ता कच्चा है जिससे बरसात में आवागमन बहुत मुश्किल है। कई बुजुर्गों ने बताया कि तकनीकी गलती के कारण वृद्धा पेंसन में मृत खाता घोषित कर पेंसन बंद कर दिया गया है। आधार में गड़बड़ियों के कारण कितने लोगों का उम्र पूरा नहीं के वजह से वृद्ध पेंसन नहीं बन रहा। मौके पर दिलीप ने मौके पर ही मुखिया सहित कई विभागीय अधिकारियों से बात कर चीजों की जानकारी दी और जल्द समाधान के लिए भी कहा। साथ ही कहा कि आपलोगों की जागरूकता ही आपलोगों की इन मूल असुविधाओं से छुटकारा दिलाएगी। मैं इन सबके लिए प्रशासन से मिलकर जल्द इन बातों से लिखित रूबरू कराऊंगा ताकि निदान हो। मेरी प्राथमिकता होगी कि जल्द पीने का पानी मुहैया कराया जाय। खराब पड़े चापाकल बने। साथ ही यह कहा कि आजतक इतनी असुविधा होना प्रशासन के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बात है। सरकार के पास पैसा है अधिकारी काम करने के लिए हैं फिर दिक्कत किस बात की है, कि आखिर गांव ऐसे बदहाली से गुजर रहे हैं।



## युवा भारत मिशन द्वारा नशा मुक्ति अभियान युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को सिधवर कला कंडेर पंचायत में युवा भारत मिशन के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया अभियान का नेतृत्व कंडेर पंचायत के पूर्व मुखिया मीरा देवी मुख्य रूप से उपस्थित थी एवं युवा भारत मिशन ट्रस्ट के पवन कुमार सिंह ने नशा मुक्ति के दुष्परिणामों के लिए अपनी बात रखी जबकि पूर्व मुखिया मीरा देवी ने लोगों से अपील की नशा नशा को हटाए स्वस्थ समाज बनाएं जीवन अनमोल है। इसे में ना गवाएं उपस्थित ग्रामीणों को जागरुक करते हुए, नशे से लोगों को जल जंगल जमीन लूटा जा रहा है। नशे के लत से युवा मुख्य धारा छोड़ गलत रास्ते को अपना रहे हैं भटक रहे हैं। बेरोजगारी के रास्ते पर जा रहे हैं उनसे अपील की गई कि वह नशा को छोड़े स्वस्थ जीवन यापन करें समाज सेवा करें एवं स्वरोजगार करें। आज भारत में लगभग 16 करोड़ लोग नशे के दुष्प्रभाव से ग्रसित हैं युवाओं से अपील की गई कि आप नशा को छोड़े अपने परिवार के लिए समाज के लिए जीवन के यापन करें। मुख्य रूप से युवा भारत मिशन ट्रस्ट के प्रभु नाथ सिंह नितेश मिश्रा जी कार्यकारिणी सदस्य शशि भूषण श्रीवास्तव जी विवेक कुमार जी कंडेर पंचायत के प्रतिनिधि अजय कुमार राजेंद्र बेदिया जी, सविता देवी, ममता देवी, खुलसी देवी, यशोदा देवी, प्रमिला देवी, सुनीता देवी, पुनीता देवी, फूलों देवी, बिंदु देवी, सुलेखा देवी, गीत देवी, रेखा देवी, लीलावती देवी, शोभा देवी, सिमरन कुमारी, सप्तमी देवी, सुलेखा देवी, लक्ष्मी देवी, शिलावटी कुमारी, प्रियंका देवी, गुड़िया देवी, खुशबू, अंबिका देवी उपस्थित थी।




## अदावाकृत राशि पर विशेष शिविर का आयोजन 12 को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), भारत सरकार के निदेशानुसार सिमडेगा जिले में अदावाकृत राशि से संबंधित जागरूकता और निस्तारण के उद्देश्य से एक जिला स्तरीय विशेष शिविर आगामी 12 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) को प्रातः 11:00 बजे से नगर भवन, सिमडेगा में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न बैंकों एवं LIC के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। सम्बंधित बैंक एवं LIC के प्रतिनिधियों द्वारा लोगों को अपने बैंकों एवं बीमा कंपनी में पड़े निष्क्रिय या अनुपयोगी खातों, सावधि जमा, पीपीएफ, और अन्य जमा योजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी दिया जाएगा तथा इन खातों से जुड़ी धनराशि की प्राप्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया जाएगा।

इस संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक, सिमडेगा सन्नीस मिंज ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य सरकारी जमा राशि एवं आम लोगों की जमा राशियों के बारे में जागरूक करना है जो लंबे समय से उनके या उनके परिजनों के बैंक खातों में निष्क्रिय पड़ी हैं। उन्होंने जिले के सभी लोगों से आग्रह किया कि वे अपने पुराने खातों, जमा योजनाओं या मृतक परिजनों के खातों से संबंधित जानकारी लेकर इस शिविर में पहुंचें और अभियान का लाभ उठाएं। इस तरह के शिविरों के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता की पूंजी पुनः सक्रिय वित्तीय प्रणाली में लौट सकेगी।

# बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' की कलम को नमन : राधा गोविंद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में साहित्यिक उत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ के हिंदी विभाग द्वारा बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था बालकृष्ण शर्मा नवीन का साहित्यिक योगदान। कार्यक्रम की शुरूआत नवीन जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। हिंदी विभाग के छात्रों ने नवीन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षिप्त प्रस्तुति भी दी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने अपने संबोधन में कहा कि बालकृष्ण शर्मा द्वानवीनह हिंदी साहित्य की राष्ट्रीय चेतना के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर रहे हैं। उनकी कविता में देशभक्ति, समकालीन राजनीतिक संवेदना और मानवीय सरोकारों की गहरी अभिव्यक्ति मिलती है। विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए नवीन जी का साहित्य प्रेरणा का प्रमुख स्रोत है। उन्होंने छात्रों को साहित्य अध्ययन में गंभीरता और निरंतरता बनाए रखने की प्रेरणा दी। कुलपति प्रो (डॉ.) रश्मि ने कहा कि नवीन जी केवल कवि ही नहीं, बल्कि ओजस्वी वक्ता और श्रेष्ठ पत्रकार भी थे। उनका साहित्य हिंदी की राष्ट्रभाषा यात्रा में मील का पत्थर है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों में साहित्यिक चेतना, विश्लेषण कौशल और अभिव्यक्ति क्षमता विकसित करना है–निबंध प्रतियोगिताएँ इसी दिशा में सार्थक कदम हैं। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर ने कहा कि नवीन जी ने हिंदी कविता को न केवल ओजपूर्ण बनाया, बल्कि भाषा को सरल, सशक्त और जनोन्मुखी रूप भी दिया। छात्रों ने जिस उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया, वह विभाग की शैक्षणिक सक्रियता का प्रमाण है। उन्होंने साहित्यिक कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की घोषणा भी की। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल ने मौलिकता, भाषा की शुद्धता, विषय की समझ और अभिव्यक्ति के स्तर पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन के दौरान सभी अतिथियों ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार,हिंदी विभाग के अन्य व्याख्यातागण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।




## संक्षिप्त खबरें

### जेएम कॉलेज ने रामगढ़ कॉलेज को 3-0 से हराया, सेमीफाइनल में पहुंची टीम



**भुरकुंडा :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के द्वारा सोमवार को जे जे कालेज तिलैया में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच जेएम कालेज भुरकुंडा व रामगढ़ कालेज रामगढ़ के बीच खेला गया। दोनों टीम में कांटे की टक्कर हुई। इस दौरान जेएम कालेज की टीम ने तीन गोल मारा, जबकि रामगढ़ कालेज की टीम 0 पर सिमट कर रह गई है। जेएम कालेज की प्राचार्या शीला सिंह, शिवशंकर सिंह,सहित महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। खेल शिक्षक हृदय नारायण सिंह ने बताया हमारी टीम बहुत बनाते हुए सेमीफाइनल में पंहुच चुकी है। आगे सेमीफाइनल व फाइनल मैच मंगलवार को होगा। जेएम कालेज के कैप्टन देवराज कुमार बेदिया,राजन कुमार सोरेन, विमल कुमार, हर्ष बेदिया, निकेश्वर बेदिया, जयबीर सिंह, दिनेश दोहरा, आशीष उरांव, रावल बेदिया संतोष कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, लिपट कुमार, सोनु कुमार, निवेदन भुगडा, अजय कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### आयुष समिति के सौजन्य से स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन



**केरसई :** प्रखंड में जिला आयुष समिति सिमडेगा के सौजन्य से सोमवार को प्रखंड के बासेन पंचायत अन्तर्गत गुझरिया विद्यालय प्रांगण में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुभद्रा कुमारी के निर्देशानुसार स्वस्थ कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में मुख्य रूप से गठिया, जोड़, कमर, पीठ सहित अन्य अंगों में दर्द संबंधी समस्याओं पर बी पी, सुगर जांचकर दवा वितरण मुफ्त किया गया। कैम्प में विभिन्न रोगों के कुल 108 लोगों का जांच कर उचित जीवन शैली अपनाने एवं योग, आसन, प्राणायाम नियमित करने पर बल दिया गया। स्वस्थ कैम्प आयुष चिकित्सक डॉ आशीष उरांव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कैम्प में योग शिक्षक घनश्याम यादव जी, देवनारायण जी, अंजनी जी, सहिया साथी निर्मला जी, आशामनी जी, संध्या जी एवं उर्मिला देवी का प्रमुख भूमिका रहा।

### विधानसभा में गूंजा गुलजार गली डंपिंग यार्ड का मुद्दा

**सिमडेगा :** विधानसभा सत्र के शून्यकाल में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने शहर के गुलजार गली में बाजार टांड के समीप स्थित कचरा डंपिंग यार्ड की समस्या को जोरदार तरीके से उठाया है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर स्वच्छ भारत अभियान को प्रभावी बनाने की कोशिश कर रही है। वहीं दूसरी ओर सिमडेगा नगर परिषद ने साप्ताहिक बाजार के पास यानी भीड़भाड़ वाले इलाके में ही कचरा डंपिंग यार्ड बना दिया है। इस असंवेदनशील व्यवस्था ने आसपास के मोहल्लों के लोगों का जीवन दूभर कर दिया है। विधायक ने सदन को बताया कि डंपिंग यार्ड के कारण पूरे क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है। गुलजार गली मुहल्ला, बाजार टांड मुहल्ला, सड़कें एवं बाजार टांड गंदगी और दुर्गंध से प्रभावित हैं और संक्रमण एवं प्रदूषण का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक कई बार विभाग से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन नगर परिषद द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। यह स्थिति न केवल स्वच्छता मानकों का उल्लंघन है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ भी है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस डंपिंग यार्ड को तुरंत शहर से बाहर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए तथा कचरा प्रबंधन की वैज्ञानिक और मानक प्रक्रिया लागू की जाए। उन्होंने कहा कि सिमडेगा के नागरिक दुर्गंध, मच्छर, संक्रमण और प्रदूषण की समस्या से लगातार जूझ रहे हैं और इस मुद्दे को अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि सरकार और नगर परिषद समय रहते कदम नहीं उठाते, तो सिमडेगा शहर में स्वास्थ्य संबंधी संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने सदन से आग्रह किया कि इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ताकि शहर के नागरिकों को राहत मिल सके और शहर में स्वच्छता व्यवस्था पटरी पर लौट सके।

### अपने वादे को निभाते हुए दीपक लकड़ा ने खराब चापाकल की कराई मरम्मत, ग्रामीणों ने जताया आभार



**ठेठईटांगर :** प्रखंड के कोनपाला पंचायत के जामटांड़ गांव में खराब जल मीनार के चापाकल को पूर्व उप मुखिया सह समाजसेवी दीपक लकड़ा द्वारा दो दिन के भीतर अपने वादे के अनुसार मरम्मत कर फिर से चालू किया गया है। इस कार्य से जाम टांड़ के सभी 12 परिवार को बड़ी राहत मिली है। जल मीनार के चापाकल के खराब होने से गांव वालों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। दीपक लकड़ा ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और दो दिन में मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया। अपने वादे को पूरा करते हुए उन्होंने व्यक्तिगत पहल कर दो दिन से पहले मरम्मत कार्य सुनिश्चित करवाया। जल स्रोत के फिर से चालू हो जाने से अब ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने दीपक लकड़ा के इस तत्पर और सामाजिक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद दिया।

### सलडेगा रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**सिमडेगा :** सिमडेगा में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला निदेश के आलोक में सलडेगा रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में ऑटो चालकों के ड्रेस कोड, परमिट सहित विभिन्न यातायात मानकों की जांच की गई। नियम उल्लंघन पर मौके पर ही चालान करते हुए करीब 80,150 जुर्माना वसूला गया। दोपहिया चालकों को बिना हेलमेट वाहन न चलाने की कड़ी हिदायत दी गई।

**एक नजर**

## जुट शिल्प के समग्र विकास को लेकर जिला स्तरीय टीम ने स्थल का किया सत्यापन



साहिबगंज : जिला के उधवा प्रखंड अंतर्गत दक्षिण पलाशगाछी पंचायत में जूट शिल्प के समग्र विकास के उद्देश्य से प्रस्तावित कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना हेतु जिला स्तरीय टीम ने सोमवार को स्थल का सत्यापन किया। इस दौरान पंचायत की मुखिया नफीसा खातून ने टीम को योजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी लेते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सीएफसी की स्थापना दियारा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। पंचायत की ओर से भूमि सहित हर संभव सहयोग दिया जाएगा ताकि स्थानीय जूट कारीगरों को आधुनिक सुविधाएँ और बेहतर बाजार उपलब्ध हो ताकि उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। जिला उद्यमी समन्वयक देवब्रत कुमार के नेतृत्व में टीम ने इन बिंदुओं पर किया समीक्षा भूमि की उपलब्धता एवं तकनीकी अनुकूलता, विद्युत-जल आपूर्ति और संपर्क मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था एवं भविष्य में विस्तार की संभावनाएँ,जूट कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों की आवश्यकताएँ टीम ने स्थानीय जूट शिल्पकारों से भी संवाद कर वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की जरूरतों की जानकारी ली।कारीगरों को कई अत्याधुनिक सुविधाएँ भी उपलब्ध होंगी। सीएफसी में जूट शिल्प से जुड़ी सभी प्रमुख मशीनें एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। जिसमें कटिंग, स्टिचिंग, फिनिशिंग, प्रिंटिंग और पैकेजिंग यूनिट, डिजाइन डेवलपमेंट एवं ब्रांडिंग सहायता, प्रशिक्षण केंद्र और तकनीकी सपोर्ट आदि। योजना के सफल होने पर बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं, महिलाओं और कारीगरों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। जूट कृषि और कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी। दियारा क्षेत्र के जूट शिल्प को राष्ट्रीय पहचान मिलने का मार्ग खुलेगा। जिला उद्यमी समन्वयक देवब्रत कुमार ने कहा कि सीएफसी की स्थापना को लेकर विभाग गंभीर है। स्थल रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। स्वीकृति मिलते ही भवन निर्माण और मशीनरी स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## सघन वाहन जांच अभियान चलाकर, 34,500 रुपये जुर्माना वसूला



साहिबगंज: पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के निर्देश पर सोमवार को बोरियो थाना के सामने सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। जांच के दौरान बगैर हेलमेट, कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। कई दोपहिया और चारपहिया वाहनों के चालान काटे गए, वहीं कुछ वाहन जब्त भी किए गए। एमवीआई टीम के जिला संडक सुरक्षा प्रबन्धन नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक बोरियो नुनुदेव राय, बोरियो थाना प्रभारी रोहित कुमार, आईटी सहायक राजहंस तथा थाने के पुलिस बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान में कुल 45 वाहन की जांच की गई। जिसमें 23 वाहन का चालान काटा गया और 34500 रुपए जुमार्ना वसूला गया। परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और आम जनता को सुरक्षित यात्रा का माहौल मिल सके।

# नाबालिग की तस्करी के आरोप में तीन महिला सहित चार गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**दुमका :** जिले के सरैयाहाट थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को बिहार में बेच देने के मामले में तीन महिला सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सोमवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बीते 6 दिसम्बर को उक्त पिड़िता के दादा ने थाना में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में बताया गया है कि उसकी पोती एक माह पूर्व सिलाई सिखने की बात बोल कर घर से निकली जो वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन किया पर कहीं पता नहीं चला। इस संदर्भ में थाना में सनहा दर्ज किया गया। सनहा के सत्यापन और जांच के क्रम में पुलिस को यह पता चला कि लापता उक्त लड़की मुजफ्फरपुर बिहार में है। इसकी सूचना थाना प्रभारी ने वरीय पदाधिकारी को दी। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी ने अविलंब टीम तैयार कर उक्त लापता नाबालिग की खोजबीन के लिए मुजफ्फरपुर (बिहार) के लिये पुलिस टीम को भेजा। इसी बीच 6 दिसम्बर को ही रात्रि में वादी ने थाने में आकर बताया कि उसकी पोती को 80 हजार रुपए में सरैयाहाट मरकुंडा गांव के मोसमात चुड़की देवी, बाबुडीह गांव के पार्वती देवी, गोड्डा बकसरा के पिंकी देवी उर्फ प्रियंका देवी ने मोतिहारी जिले के सगहरी गांव के अरुण सिंह को बेच दिया है। तभी थाना में मामला दर्ज करते हुए मुजफ्फरपुर बिहार निकली पुलिस टीम को इसकी सूचना दी गई। छापेमारी टीम ने अरुण सिंह के घर पर छापामारी कर उक्त पिड़िता को बरामद कर लिया। साथ ही अभियुक्त अरूण सिंह को गिरफ्तार कर थाने ले आई। वहीं पुलिस की दुसरी छापामारी टीम ने सरैयाहाट के मरकुंडा और बाबुडीह सहित गोड्डा के बकसरा गांव में भी छापेमारी कर अन्य तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को चारों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों के नाम सरैयाहाट मरकुंडा गांव की चुड़की देवी (50), बाबुडीह गांव के पार्वती देवी (55), गोड्डा बकसरा के पिकी देवी उर्फ प्रियंका देवी (40) और बिहार मोतिहारी जिले के सगहरी गांव के अरूण सिंह (25) है। वहीं गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस ने दो मोबाईल जब्त की है। छापामारी दल में थाना प्रभारी राजेन्द्र यादव सहित अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्र वितरण हेतु जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं समाम योजनांतर्गत कृषि यंत्र वितरण की स्वीकृति व अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कृषि यंत्रीकरण वितरण, 5 एचपी मोटर पंप सेट, सोलर पंप सेट, तथा मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। डीसी ने सभी योग्य आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध ढंग से लाभार्थियों को यंत्र एवं ट्रैक्टर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को यथाशीघ्र लाभ पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र विन्हा, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, जिला पशुपालन पदाधिकारी रामसरिक प्रसाद एवं जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

- हानिकारक सामग्री किया नष्ट
- दुकानदारों को लाइसेंस लेने का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में सोमवार को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ मनोज कुमार द्वारा अनुसूचित जनजाति स्कूल, हिरणपुर तथा कल्याण गुरुकुल के छात्रावास किचन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थानों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। किचन परिसर में स्वच्छता एवं सुरक्षा को और बेहतर करने हेतु निम्न निर्देश दिए गए– किचन के बेसिन में टाइल्स लगाने का निर्देश, खिड़कियों में जाली लगाने का निर्देश दिया गया। उक्त निरीक्षण के क्रम में बरमसिया स्थित मुमताज होटल में भी जांच की गई, जहाँ गोवर्धन ब्रांड का हानिकारक रंग पाया गया। इसे चेतावनी देते हुए मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही आदित्य साहू चॉकलेट एवं कुरकुरे विक्रेता के पास लगभग 50 पैकेट लोकल ब्रांडेड एक्सपायरी कुरकुरे पाए गए, जिन्हें भी चेतावनी देते हुए ऑन-द- स्पॉट नष्ट कराया गया। वहीं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि वे अनिवार्य रूप से फूड लाइसेंस प्राप्त करें और खाद्य सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** संत थॉमस बालिका उच्च विद्यालय धर्मपुर पतना में सोमवर को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास के निर्देशानुसार मंथन संस्था, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देखरेख के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। उन्हें आत्मनिर्भर बनने, आत्मरक्षा के कौशल सीखने तथा कठिन परिस्थितियों में साहस के साथ खड़े होने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमे बाल विवाह, बाल श्रम और शोषण जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए सिर्फ सरकारी प्रयास ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की भागीदारी जरूरी है।संस्थागत देखरेख के चंदा कुमारी ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ भारत सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल है। इसे लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया था, यह योजना शिक्षा, वित्तीय सुरक्षा और लड़कियों के खिलाफ हानिकारक प्रथाओं को खत्म करने पर केंद्रित है। 2015 में, भारत सरकार ने देश में लैंगिक भेदभाव और महिला सशक्तिकरण के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरूआत की गई थी। जहां बच्चियों को गुड टच-बैड टच की समझ, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण, पोक्सो एक्ट, नशा मुक्ति, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया और किशोर न्याय अधिनियम (जे.जे.एक्ट) जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं बच्चियों के बीच एंटी साइबर क्राइम जैसे घटनाओं के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि अगर ऐसी घटनाएं उनके साथ होती है तो 1930 पर इसकी सूचना दे सकते हैं या नंबर टोल फ्री है। बच्चियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता के संबंधित कई सारी जानकारियां साझा की जानकारियां जिससे बच्चियां स्वच्छ एवं स्वस्थ रह सके। वही सखी वनस्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी दिया गया महिला को सामाजिक कुरीतियों से बचाने के लिए 181 टोलफ्री नंबर जी जानकारी दिया गया। मौके पर चंदा कुमारी, शोभा कुमारी, मोहम्मद इकबाल, सुमन कुमार, आराधना मंडल, रितेश कुमार लोहानी आदि मौजूद रहे।

## कुटुंब न्यायालय साहिबगंज में विशेष मध्यस्थ अभियान

**साहिबगंज :** झालसा के निदेर्शानुसार, संजय कुमार उपाध्याय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के मार्गदर्शन में 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक पारिवारिक मामले से संबंधित विशेष मध्यस्थ अभियान का आयोजन जिला व्यवहार न्यायालय परिषर साहिबगंज में आयोजित किया गया है। पहला दिन कुटुंब न्यायालय साहिबगंज से संबंधित तीन मामले का निष्पादन किया गया, जिसमें अमृता कुमारी एवं सौरव प्रकाश के बीच भरण पोषण के लंबित मामले को मध्यस्थता केंद्र के माध्यम सुलह समझौता कराया गया। वही दो अन्य मामले विदाई एवं भरण पोषण से संबंधित था। उक्त मौके पर मेडिएटर एवं कुटुंब न्यायालय के पेशकार ओंकार नाथ मिश्रा एवं स्टाफ गण उपस्थित थे।

# फल व्यापारी विश्वनाथ गुप्ता हत्याकांड का खुलासा, 3 गिरफ्तार, पिस्टल सहित लूटा गया नकदी व जेवरात बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** फल व्यापारी विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल 3 आरोपी को गिरफ्तार कर लूटा गया रुपया, जेवरात व अन्य सामान बरामद किया है। वहीं उनके पास से एक पिस्टल भी बरामद किया है। पुलिस लाइन स्थित अपने कार्यालय सभागार में एसपी अमित कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 1 दिसंबर की रात नगर थाना क्षेत्र के तालबन्ना मोहल्ले में हुए इस हत्याकांड की सूचना परिजनों में 2 दिसंबर की सुबह पुलिस को दी थी। पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद मृतक की पुत्री ज्योति कुमारी के फर्द बयान के आधार पर नगर थाना में कांड संख्या 126/25 दर्ज कर उनके निर्देश पर गठित विशेष जांच दल ने मामले का अनुसंधान शुरू किया था। जिसमें पता चला कि विश्वनाथ गुप्ता तालबन्ना स्थित मकान के अपने हिस्से के दूसरे तल्ले पर अकेले रहते थे। पुलिस ने तकनीकी टीम की मदद से दुमका के जरमुंडी निवासी साइबर अपराधी सोहित कुमार राउत(25) को उसके घर से दबोच लिया। उससे पूछताछ में पता चला कि सुमित कुमार गुप्ता ने विश्वनाथ गुप्ता की हत्या कर वहां से लूट गए दो मोबाइल व बैंक से संबंधित दस्तावेज व एटीएम कार्ड उसे उपलब्ध कराया था। उससे कहा था कि इसमें काफी पैसा है, जिसकी निकासी करना है। इसमें से उसे भी हिस्सा मिलेगा। जिसके बाद तालबन्ना निवासी सुमित(30) को हिरासत में ले लिया गया। पुलिसिया पूछताछ में सुमित ने अपना जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि आईआरबी 8 के जवान अमन कुमार जायसवाल(32) के साथ मिलकर अपने चचेरे दादा विश्वनाथ गुप्ता के यहां लूटपाट करते हुए उसकी हत्या कर दी। सुमित कुमार 2019 में आईआरबी 8 में सिपाही के पद पर बहाल हुआ है। वर्तमान में लातेहार जिला के चंदवा थाना अनेर्गत बोदा पिकेट में प्रतिनियुक्ति हैं। सुमित की आरक्षी संख्या 147 है। सुमित गुप्ता दमन नामक ऑनलाइन गेम खेलने के काफी शौकीन हैं। जिसके चलते उनके ऊपर लगभग 50 लाख रुपये का कर्ज हो चुका है। करीब 6 माह पूर्व सुमित के परिवार में कहलगांव की पैतृक संपत्ति की बिक्री हुई थी। जिसमें विश्वनाथ को काफी पैसा मिला था। एसपी ने बताया कि सुमित के सोहित को बैंक दस्तवेज व एटीएम देने के बाद सोहित ने पैसा निकालने का हर संभव प्रयास किया। लेकिन पुलिस के मृतक के सभी खातों को बंद करा देने के चलते इसमें उसे सफलता नहीं मिली। सोहित की निशानदेही पर मृतक विश्वनाथ गुप्ता के बैंक के दस्तावेज व मोबाइल बरामद कर लिया गया है। सुमित व अमन की निशनदेही पर लूटा गया जेवर व पैसा अमन के मधेपुरा स्थित घर व ससुराल से बरामद के लिया गया है। जबकि घटना में प्रयुक्त पिस्टल को साहिबगंज के मालगोदाम के पास से मिट्टी खोद कर बाहर निकल बरामद कर लिया गया है।

**संक्षिप्त खबरें**

## महिला ने अपने साथ जबरदस्ती करने को लेकर आवेदन देकर एसपी से लगाया न्याय की गुहार



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोलबंधा निवासी 25 वर्षीय एक विवाहिता ने गांव के ही गणेश तुरी पर जबरदस्ती करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर उन्होंने एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि 20 नवंबर की शाम जब वह अपने घर पर बैठी थी तभी गणेश तुरी वहां पहुंचा और जबरदस्ती करने की कोशिश करने लगा। इसका विरोध करने पर उसने गाली देते हुए लात घूंसे से महिला पर हमला कर दिया। बताया कि जब उसने हल्ला किया तो उसका पति वहां आकर महिला को बचाया। पर जाते समय गणेश तुरी ने उसे फिर आने और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत जिरवाबाड़ी थाना से की थी पर कोई कार्रवाई न होता देख एसपी से न्याय की गुहार लगाने पहुंची है।

## राजमहल थाना प्रभारी ने बैंकों का किया औचक निरीक्षण




**राजमहल:** थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने सोमवार को स्थानीय बैंकों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वही राजमहल थाना प्रभारी हसनैन ने राजमहल प्रखंड मुख्यालय और आस-पास के क्षेत्रों में स्थित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।उन्होंने बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, उनकी रिकॉर्डिंग क्षमता और सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गहनता से जाँच की। इस दौरान उन्होंने बैंक प्रबंधकों से भी सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने बैंक अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए।

## उधवा पक्षी आश्रयाणी का डीएफओ ने किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश



**साहिबगंज:** वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने उधवा पक्षी आश्रयाणी स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में मौजूद वन कर्मियों से विस्तृत जानकारी ली और कई महत्वपूर्ण दिशाझ्रनिर्देश जारी किए। मौके पर वनरक्षी पप्पू यादव, राजेश टुडू एवं सनी रजक मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीएफओ ने बताया कि इस वर्ष उधवा झील में साइबेरियन एवं विभिन्न विदेशी पक्षियों का आगमन शुरू हो चुका है, जिससे क्षेत्र की सुंदरता और पर्यटक आकर्षण में वृद्धि हुई है। दूर-दूर से आने वाले प्रवासी पक्षी झील के पारिस्थितिकी तंत्र को समृद्ध करते हैं और स्थानीय लोगों के लिए प्रकृति पर्यटन का नया अवसर प्रस्तुत करते हैं। डीएफओ ने कहा कि झील के अंदर या उसके आसपास किसी भी तरह के पक्षी शिकार सख्त वर्जित है। यदि कोई व्यक्ति शिकार करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 7 साल तक की सजा या 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना, अथवा दोनों का प्रावधान है। उन्होंने टीम को गश्ती बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया एवं सम्पर्क सूत्र जारी किये।उधवा झील में इन दिनों पर्यटक शिकारा राइड का भरपूर आनंद ले रहे हैं। शांत झील, प्रवासी पक्षियों की चहक और प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। वन विभाग ने स्थानीय लोगों व पर्यटकों से अपील की है कि वे क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें। वन विभाग द्वारा जारी इन निदेर्शों का उद्देश्य प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उधवा झील को एक सुरक्षित एवं आकर्षक पक्षी आवास बनाए रखना है।

## डॉ अनिल कुमार को साहिबगंज कॉलेज के प्राचार्य ने रविंद्रनाथ टैगोर स्मृति पुरस्कार से किया सम्मानित



**साहिबगंज:** साहिबगंज कॉलेज के प्राचार्य एस.आर.रिजवी ने रवींद्रनाथ टैगोर स्मृति पुरस्कार 2025 से सम्मानित होने पर डॉ. अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि डॉ.अनिल की कड़ी मेहनत,समर्पण और उत्कृष्ट कार्य का परिणाम है। डॉ.अनिल ने अपनी उपलब्धियों से न केवल कॉलेज बल्कि एस.के.एम.यू विश्वविद्यालय का भी मान बढ़ाया है। ज्ञातव्य हो कि डॉ.अनिल कुमार को अब तक कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। विभिन्न जर्नलों में उनके 100 से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित हैं। साथ ही,वे अपने यूट्यूब चैनल "हॉटस्पॉट केमिस्ट्री बाय डॉ अनिल कुमार" के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सतत ज्ञानवर्धन करने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। डॉ.अनिल कुमार को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मल्टीडिस्किपलिनरी नेशनल सेमिनार ओं रोल ऑफ एक्शन एंड कंपोजिटिव एजुकेशन सिस्टम इन इंडिया में प्रदान किया गया, जिसका आयोजन ट्यूकन रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेंगलुरु द्वारा किया गया था। इस अवसर पर डॉ.संजीव सिंह,डॉ.राजीव सिंह,डॉ.आनंद अवस्थी,डॉ.डेविड यादव,डॉ.प्रमोद,डॉ.ध्रुव ज्योति सिंह,डॉ.मीरा चौधरी,डॉ.जीसू हांसदा,डॉ.अनूप कुमार शाह,डॉ धर्मेंद्र समेत कई शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने डॉ.अनिल कुमार को बुके देकर सम्मानित किया। डॉ.अनिल कुमार को मिले इस पुरस्कार पर कॉलेज के यूजी एवं पीजी के छात्र-छात्राओं ने भी हर्ष और उल्लास के साथ शुभकामनाएँ दीं।

# अंडे के बढ़ते दाम से मध्याह्न भोजन प्रभावित



## स्कूल प्रशासन परेशान

गयाजी (डोभी)। मध्याह्न भोजन में शुक्रवार को बच्चों को अंडा परोसने का प्रावधान है, लेकिन इन दिनों अंडे के बढ़ते दाम के कारण प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के प्रधान गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। सरकार द्वारा एक अंडे की कीमत पांच रुपये निर्धारित की गई है, जबकि बाजार में इसकी कीमत आठ रुपये तक पहुंच गई है। ऐसे में विद्यालय प्रधानों को अपनी जेब से पैसा लगाकर अंडा खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। मध्य विद्यालय बहेराडीह की प्रधानाध्यापिका गुड्डी कुमारी ने बताया कि पाँच रुपये में अंडा उपलब्ध कराना संभव नहीं है। इसका समाधान सरकार को जल्द निकालना चाहिए। मध्य विद्यालय गरवैया के प्रधान चंद्रशेखर ने कहा कि अंडा के दाम बढ़ने से प्रशासन के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है।बच्चे अंडा नहीं मिलने पर नाराज हो जाते हैं और शिकायत भी करते हैं। मध्य विद्यालय खरांटी के प्रधान रामू ने बताया कि मीनू के अनुसार भोजन देना अनिवार्य है, इसी कारण कई बार वेतन से भी राशि खर्च करनी पड़ती है। वहीं मध्य विद्यालय नदरपुर की प्रधानाध्यापिका सिया देवी ने कहा कि अंडा न मिलने पर बच्चे आक्रोशित हो जाते हैं और अभिभावक तथा जनप्रतिनिधि तक आपत्ति जता चुके हैं, लेकिन अंडे के बढ़े मूल्य पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मध्याह्न भोजन प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि शुक्रवार को सभी विद्यालयों में अंडा परोसा जाना है, जबकि ठंड के मौसम में अंडे की कीमत बढ़ने की आशंका रहती है। विद्यालय प्रधानों की मांग है कि सरकार अंडे के बढ़े बाजार मूल्य के अनुरूप राशि निर्धारित करे, ताकि बच्चों को समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके।



## भागलपुर के स्कूलों का बदलेगा स्वरूप



भागलपुर। जिले के कई ऐसे स्कूल है जिनकी स्थिति बहुत ही खराब है। खराब यानी वहां पर बच्चों की संख्या के मुताबिक कमरा नहीं है। इसके कारण बच्चों को काफी दिक्कतें होती है। इसको लेकर जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों में शैक्षणिक माहौल सुधारने और बच्चों को बेहतर सुविधा देने की दिशा में शिक्षा विभाग ने कदम तेज कर दिए हैं। इसको लेकर डीपीओ एसएसए बबीता कुमारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए विद्यालयों में जीर्ण-शीर्ण कमरों की अपडेट सूची 48 घंटे के भीतर उपलब्ध कराने को कहा है। ऐसे विद्यालय जिनके कक्ष काफी खराब स्थिति में हैं या जहां अतिरिक्त कक्षों की आवश्यकता है, उनकी जानकारी तत्काल संकलित कर जिला कार्यालय को भेजनी होगी। निर्देश में कहा गया है कि कई स्कूलों में कमरे जर्जर होने के कारण छात्रों को बैठने में कठिनाई होती है तथा पठन-पाठन प्रभावित होता है। सूची तैयार होने के बाद जिले के विद्यालयों में आधारभूत संरचना को सुधारने की प्रक्रिया तेज होगी। विभाग ने स्पष्ट कहा है कि समय पर रिपोर्ट नहीं भेजे जाने पर संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों पर कार्रवाई भी की जा सकती है। अप्रैल-मई में ई-शिक्षाकोष पर मांगे गए डिमांड के मुताबिक जिले भर के स्कूलों में 5145 अतिरिक्त भवन की जरूरत है।

# 10 दिसंबर तक भाजपा की मैराथन बैठक



प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल पहुंचे मुजफ्फरपुर

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी आज से तीन दिन बड़ी बैठक का आयोजन करने जा रही है। शुरूआत मुजफ्फरपुर से हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल बैठक की अध्यक्षता करने के लिए मुजफ्फरपुर पहुंच चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले गरीब नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद बैठक में शामिल हुए। बैठक में तिरहुत और मिथिला क्षेत्र वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। यह बैठक राज्य के नेताओं और कार्यकताओं को समर्पित रहेगा। तीन दिन यानी 8, 9 और 10 दिसंबर तक तक चलने वाली इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के लोग क्षेत्रीय नेताओं और कार्यकताओं का आभार तो जताएगी ही साथ ही जश्न भी मनाएगी। हालांकि इसके पीछे का एक मकसद आगामी 5 वर्ष के योजनाओं पर विचार विमर्श करना भी है। इसके लिए भी रणनीति तैयार की जाएगी। भाजपा की ओर से कहा गया है कि इन बैठकों के माध्यम से पार्टी जनादेश के अनुरूप योजनाएं बनाएगी। साथ ही, चुनावी कमियों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री नागेंद्र समेत पार्टी के वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी प्रभारी, जिला प्रभारी जिला, अध्यक्ष, महामंत्री, विधानसभा प्रभारी और संयोजक समेत कई नेता और कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल होंगे। विधानसभा चुनाव के दौरान जो नेता पार्टी से नाराज हो गए थे उन्हें भी इस बैठक में बुलावा भेजा गया है। इधर, एक दिन पहले यानी रविवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में सुबह से शाम तक बैठकें चली।

## कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**खगड़िया।** जिले के चौथम थाना पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी सफलता मिली है। एसपी राकेश कुमार के निर्देश पर फरार और वांछित अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कौशल सिंह हत्याकांड में संदिग्ध और फरार चल रहे बखेरा सिंह उर्फ बदन कुमार को कामाधान मुसहरी दियारा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देसी रायफल, एक देसी कट्टा और तीन ज़िंदा गोलियां बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपी बदन कुमार, निवासी नवादा, थाना चौथम का आपराधिक इतिहास बेहद गंभीर है। वह 2007, 2008, 2013, 2019 और 2025 में दर्ज कई हत्या, आर्म्स एक्ट और मारपीट जैसे संगीन मामलों में वांछित था।

## संक्षिप्त डायरी

### पति पर दूसरी शादी का आरोप, बंगाल की महिला ने वैशाली में आकर किया हंगामा



**वैशाली।** जिले के महनार थाना क्षेत्र के बासुदेवपुर चंदेल पंचायत के विशनपुर गांव में रविवार को हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी विलगिस खातून ने अपने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और महनार थाना पुलिस भी तुरंत पहुंच गई। विलगिस खातून ने बताया कि उसकी शादी 12 साल पहले विशनपुर गांव निवासी अशोक भगत के पुत्र अमित पासवान से हुई थी। वह लंबे समय से कोलकाता में पति के साथ रह रही थी और समय-समय पर ससुराल आती रही है। महिला का आरोप है कि ससुराल पक्ष दहेज की मांग करता था और मारपीट की धमकी देता था। उसका दावा है कि उसके पति अमित ने दूसरी शादी कर ली है और दूसरी पत्नी को कहीं छिपा रखा गया है। इधर, आरोपों के बाद पति घर छोड़कर फरार बताया जा रहा है। वहीं, ससुराल पक्ष ने महिला के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि उसके अवैध संबंध हैं और शादी का उसका दावा भी गलत है। फिलहाल महनार पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### 'तेज प्रताप ने मेरे कपड़े फड़वाए और वीडियो बनवाया', पूर्व सहयोगी सौरभ ने लगाए लालू के बेटे पर आरोप



**वैशाली।** तेज प्रताप यादव के करीबी रहे सौरभ यादव ने उनपर और उनके समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सौरभ यादव का कहना है कि तेज प्रताप ने उनका मोबाइल छीन लिया, उन्हें बेरहमी से पीटा, उनके कपड़े फाड़े और न्यूड वीडियो बनाकर उन्हें अपमानित किया। सौरभ यादव के अनुसार, वह खान सर के भाई की रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने पहुंचे थे। वहीं तेज प्रताप यादव ने उनका मोबाइल अपने पास रख लिया। इसके बाद उन्हें 26 नंबर सरकारी आवास पर बुलाया गया, जहां 20झ 30 लोगों ने मिलकर उनकी पिटाई की। सौरभ का आरोप है कि इस दौरान उनके कपड़े फाड़ दिए गए और न्यूड वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि उनका मोबाइल फोन रात 9 बजे से लेकर डेढ़ बजे तक तेज प्रताप के आवास में ही रखा गया। सौरभ ने एक वीडियो जारी कर कहा कि वह 2015 से तेज प्रताप के साथ जुड़े हुए थे और चुनाव के दौरान उनके लिए लगातार प्रचार भी करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगले के अंदर मौजूद लोग मारपीट देखते रहे, लेकिन किसी ने उन्हें बचाने की कोशिश नहीं की। सौरभ ने पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराने की बात कही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत



**कैमूर।** जिले के रामगढ़-मोहनिया पथ स्थित भिरखीरा मोड़ के पास शुक्रवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक की पहचान बक्सर जिले के चौसा थाना क्षेत्र के सरेजा गांव निवासी स्वर्गीय प्रद्युम्न जायसवाल के पुत्र शशिकांत जायसवाल के रूप में हुई है। जबकि घायलों में चैनपुर थाना क्षेत्र के भखारी देवी गांव निवासी खुशबू जायसवाल और दीवान जायसवाल शामिल हैं। सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को आनन-फानन में रामगढ़ रेफरल अस्पताल भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों गंभीर घायलों को वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक पर तीन लोग सवार थे। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हादसा हुआ। एक की मौत हो चुकी है और दो गंभीर रूप से घायल हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि तीनों किसी काम से घर से निकले थे, तभी यह दर्दनाक घटना हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# औद्योगिक विकास के लिए 436 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण, रोजगार के नए अवसर खुलेंगे

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड में औद्योगिक विकास (बियाडा) के लिए 436.50306 एकड़ जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई है।

इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा सूचना का प्रकाशन रविवार को समाचार पत्रों में किया गया है। जारी सूचना के अनुसार कुटुंबा अंचल के कजपा, निरंजनपुर, महसू, सहदेई परसावां, इरियप, जोड़ा और करमडीह मौजा में जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जमीन अधिग्रहण के पहले राज्य के एसआइए द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन कराया गया है, जिसमें बताया गया है कि इस परियोजना से क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास को नया आयाम मिलेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि औद्योगिक परिसर के लिए जितनी भूमि की आवश्यकता है, उतनी ही अधिग्रहित की जाएगी और इससे किसी भी परिवार के विस्थापित होने की आशंका नहीं है। जारी अधिसूचना में प्रत्येक किसान की अधिग्रहित होने वाली भूमि का विस्तृत विवरण दिया गया है।जिला भू-अर्जन कार्यालय के अनुसार लगभग 370 किसानों की जमीन अधिग्रहित होगी। गैरमजरुआ और बकास्त जमीन का मुआवजा नहीं दिया जाएगा लेकिन यदि किसी किसान के पास इन भूमि से जुड़े पूर्ण और वैध कागजात उपलब्ध होंगे, तभी मुआवजे पर विचार किया जाएगा। कौन से खाता और प्लाट में कितना गैरमजरुआ बकास्त जमीन है उसका प्रकाशन किया गया है। बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज की गई है। मुख्यमंत्री स्वयं इस योजना की मानिटरिंग कर रहे हैं। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत तथा उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार विभिन्न जिलों का लगातार दौरा कर प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। गौरतलब है कि अब तक जिले में औद्योगिक परिसर के रूप में शहरी क्षेत्र के जसोइया और मुफस्सिल थाना के समीप पांडेयपुर स्थित साइकिल फैक्ट्री के पास बियाडा की जमीन है। पांडेयपुर के पास की जमीन में अबतक कोई उद्योग नहीं लग सका है। जबकि जसोइया में श्रीसीमेंट, सिहाक एग्रो, सतबिहनी राइस मिल से लेकर अन्य उद्योग चल रहे हैं। जमीन का अधिग्रहण से कुटुंबा के सुदूर इलाके का विकास होगा। नए औद्योगिक प्रखंड की पहचान होगी। उद्योग की स्थापना से जिले में निवेश और रोजगार के नए अवसर खुलने की उम्मीद है। अधिग्रहित जमीन डिफेंस कोरिडोर्स के रूप में विकसित होगा। रक्षा मंत्रालय के द्वारा अत्याधुनिक हथियार, गोला और बारूद बनाने की फैक्ट्री खोले जाने की संभावना है। एक अधिकारी के अनुसार अधिग्रहित जमीन में आयुध कारखाना लगेगी। हालांकि, इसके बारे में जिले के कोई अधिकारी बोल नहीं रहे हैं पर पटना में केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों की राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक हुई है और आयुध कारखाना के लिए डीएम से जमीन की मांग की गई है। नालंदा के बाद यह दूसरा आयुध कारखाना होगा। बियाडा के लिए जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। जमीन का अवलोकन किया गया है। सरकार चाहती है कि औरंगाबाद का चौमुखी विकास हो। बियाडा परिसर में उद्योग लगाने के लिए सरकार इच्छुक लोगों को जमीन उपलब्ध कराएगी। सरकार अधिग्रहित जमीन का मुआवजा किसानों को देगी।

- श्रीकांत शास्त्री, डीएम औरंगाबाद



## बिहार के इस शहर में गरजा बुलडोजर, रोने लगे दुकानदार, सरकारी जमीन से हटाया गया अतिक्रमण



**सरायगढ़ (सुपौल)।** सोमवार को भपटियाही बाजार में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। इस दौरान सरकारी जमीन पर वर्षों से अवैध रूप से बनी कई दुकान और घरों को ध्वस्त कर दिया गया। जैसे ही बाजार में बुलडोजर की इंट्री हुई, दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने आनन-फानन में अपनी दुकानों का सामान हटाना शुरू किया, लेकिन देखते ही देखते कई दुकानें बुलडोजर की चपेट में आ गईं। दोपहर 12 बजे के बाद अंचलाधिकारी धीरज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अच्युतानंद, थानाध्यक्ष संजय कुमार दास पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी करते रहे। प्रशासन की सख्ती के कारण किसी भी प्रकार का विरोध या हंगामा नहीं हो सका। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। इस कार्रवाई के दौरान सबसे अधिक परेशानी छोटी दुकानों में व्यापार करने वाले लोगों को हुई। कई वर्षों से रोजी-रोटी चला रहे दुकानदारों की दुकानें हटने से उनका रोजगार छिन गया। कुछ दुकानदारों की आंखों में आंसू भी देखे गए। अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार बाजार के दोनों ओर स्थित सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया जा रहा है ताकि बाजार में लगने वाला जाम खत्म हो सके और आमलोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

# ममता ने रखवाई है बाबरी मस्जिद की नींव : गिरिराज

■ अब ड्रामा कर रहीं, बदला बाहुबली विधायक अनंत सिंह के सरकारी आवास का पता

**पटना।** नई सरकार बनने के बाद से एक्शन तेज हैं, एक ओर बुलडोजर चला रहा, दूसरी तरफ बिहार में 3 न्यूक्लियर प्लांट लगने की तैयारी शुरू हो गई है। जेल में बंद बाहुबली विधायक अनंत सिंह के सरकारी आवास का पता बदल गया है। अब वो वीरचंद पटेल के आवास नंबर 11/08 में रहेंगे। पहले उन्हें माल रोड में आवास आवंटित हुआ था। इधर, बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संसद में 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा पर भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, "अगर भारत के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर में वंदे मातरम् पर चर्चा नहीं होगी, तो कहां होगी? वंदे मातरम् अपनी 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। आजादी का यह गीत बंगाल की धरती से था; इस पर चर्चा होनी चाहिए। यह भारत की विरासत है। लेकिन कुछ लोगों को वंदे मातरम् से परेशानी है, बाबरी मस्जिद को मानने वाले इसके खिलाफ हैं।" निलंबित TMC विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने के मामले पर उन्होंने कहा, "हुमायूं कबीर ने इसे नहीं रखा; ममता बनर्जी ने रखा, और वह ड्रामा कर रही हैं और अपने नेताओं और सांसदों से इसके खिलाफ बयान दिलवा रही हैं।" बता दें कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में ळटउ से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आए लोगों में कोई अपने सिर, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था। 'NPCIL–NTPC की संयुक्त टीम तीनों जगहों पर भूकम्प, पानी की उपलब्धता, जमीन की उपलब्धता, आबादी का घनत्व तथा जमीन की स्थिति से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। संयुक्त टीम केंद्र और राज्य सरकार को जल्द ही अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी। देश में 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य जल्द पूरा हो सके, इसके लिए ये कदम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।' बिहार कैबिनेट की बैठक कल मंगलवार दोपहर 3.30 बजे मुख्य सचिवालय में होगी। बैठक में कई एजेंडे पर मुहर लगेगी। नौकरी और रोजगार के लिए बने 3 नए विभागों पर भी मुहर लग सकती है। JDU के नेता और कार्यकर्ता लगातार निशांत कुमार को राजनीति में सक्रिय होने को लेकर आवाज उठा रहे हैं। इधर अब तो सीधे-सीधे निशांत के हाथों में खउ्व की कमान सौंपने को लेकर ही मांग उठने लगी है। युवा JDU के प्रदेश उपाध्यक्ष के तरफ से पार्टी कार्यालय समेत पटना के अलग अलग इलाके में पोस्टर लगाया गया है। इस पोस्टर के जरिए अब निशांत कुमार के हाथ में JDU की कमान सौंपने की मांग की गई है। JDU के नेता और कार्यकर्ता लगातार नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को राजनीति में सक्रिय होने को लेकर आवाज उठा रहे हैं। अब तो सीधे-सीधे निशांत के हाथों में खउ्व की कमान सौंपने को लेकर ही मांग उठने लगी है। युवा खउ्व के प्रदेश उपाध्यक्ष की तरफ से पार्टी कार्यालय समेत पटना के अलग-अलग इलाके में पोस्टर लगाए गए हैं। इस पोस्टर के जरिए अब निशांत कुमार के हाथ में खउ्व की कमान सौंपने की मांग की गई है।



## छुहारा या खजूर, कौन है सेहत के लिए सबसे फायदेमंद? आयुर्वेदिक डॉक्टर ने खोल दिया राज!



सेहतमंद रहने के लिए अक्सर लोग अपनी डाइट में तरह-तरह के ड्राई फ्रूट्स शामिल करते हैं। हर ड्राई फ्रूट के अपने फायदे होते हैं और हर किसी की प्रकृति भी अलग होती है। इसलिए कोई भी ड्राई फ्रूट तभी पूरा फायदा करता है, जब इसे अपनी जरूरतों के अनुसार सही समय और मात्रा में खाया जाए। उदाहरण के लिए खजूर और छुहारा, दोनों ही बड़े पॉपुलर ड्राई फ्रूट हैं और अक्सर लोग इन्हें एक जैसा ही समझते हैं। जबकि आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ रॉबिन शर्मा बताते हैं कि छुहारा और खजूर, दोनों की प्रकृति काफी अलग है। अगर सही मौसम में और अपनी जरूरत के मुताबिक आप इनमें से सही ड्राई फ्रूट नहीं खा रहे हैं, तो फायदे की जगह नुकसान भी हो सकता है। आइए विस्तार में जानते हैं।

### अलग-अलग होती है दोनों की प्रकृति

डॉ रॉबिन कहते हैं कि खजूर और छुहारा, दोनों की प्रकृति यानी नेचर एकदम अलग-अलग होता है। खजूर ठंडी तासीर का होता है और वात,पित्त प्रकृति वाली के लिए लाभदायक होता है। इसलिए इसे गर्मियों में खाना फायदेमंद रहता है। वहीं छुहारे की तासीर गर्म होती है और ये वात, कफ प्रकृति वाले लोगों के लिए फायदेमंद होता है। इसी वजह से इसे सर्दियों में खाना ज्यादा सही माना जाता है।

### किन लोगों को खाना चाहिए खजूर?

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक खजूर थकावट और कमजोरी को दूर करने में काफी फायदेमंद होता है। इसके अलावा ये पेशाब की रुकावट को भी कम करता है। खजूर में एंटीऑक्सीडेंट्स भी भरपूर मात्रा में होते हैं, जो इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करते हैं। इसके अलावा ये हार्ट हेल्थ, ब्लड प्रेशर और नर्व फंक्शन को बेहतर करने में भी काफी मदद करता है। हालांकि इसमें नेचुरल शुगर काफी ज्यादा होती है, इसलिए डायबिटीज वालों को कम मात्रा में इसका सेवन करना चाहिए।

### छुहारा खाने से क्या फायदे मिलेंगे?

रॉबिन बताते हैं कि छुहारा शारीरिक कमजोरी को दूर करता है और पौरुषत्व में वृद्धि करता है। पुरुषों के लिए दूध के साथ छुहारा लेना बहुत फायदेमंद होता है। इसे खाने से पेशाब कम आता है। साथ ही इसमें आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है और ये इंस्टेंट एनर्जी के लिए परफेक्ट है। ये पाचन और कब्ज में भी हल्की राहत देने का काम करता है।

# सर्दियों में कुछ ही दिन मिलती है ये सब्जी, खाएं जरूर क्योंकि इसमें कई लाजवाब फायदे

**सर्दियों की शुरुआत होते ही भरतपुर की सब्जी मंडियां रतालू की वजह से फिर से जीवंत हो उठी हैं। ठंड के मौसम में मिलने वाली यह मौसमी सब्जी स्वाद, पौष्टिकता और शरीर को गर्म रखने के गुणों के कारण लोगों की पहली पसंद बन गई है। साथ ही, इसकी खेती से किसानों को भी अच्छा मूल्य मिल रहा है।**





### रतालू : सर्दियों की खास सब्जी

रतालू सालभर नहीं मिलती और केवल ठंड के मौसम में खेतों से सीधे बाजार तक आती है। इसी वजह से इसका इंतजार हर घर में रहता है। ठंड के साथ ही इसकी सप्लाई बढ़ती है और लोग इसे बड़ी मात्रा में खरीदते हैं। यह शरीर को प्राकृतिक रूप से गर्म रखने और ऊर्जा देने का काम करती है।

### स्वाद और पोषण में बेमिसाल

फाइबर : पाचन को दुरुस्त रखता है।

आयरन : कमजोरी और थकान को दूर करता है।

विटामिन बी6 और पोटैशियम : शरीर को फिट रखने में मदद करते हैं।

आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर के अनुसार, रतालू बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर लोगों के लिए बेहद फायदेमंद है।

कहां होती है खेती और क्यों पसंद की जाती है?

भरतपुर और आस-पास के इलाकों जैसे रूपवास, कुम्हेर और बयाना में रतालू की खेती होती है। खेतों से सीधे मंडी पहुंचने के कारण यह ताजी और उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी मानी जाती है। किसानों के अनुसार इसकी बढ़ी हुई मांग उन्हें अच्छा मूल्य देती है।

कैसे खाएं रतालू: रतालू का हल्का मीठा और मुलायम स्वाद इसे हर उम्र के लोगों के लिए पसंदीदा बनाता है। इसे आप उबालकर, भूनकर, या मसालेदार सब्जी के रूप में पका सकते हैं।

आगामी दिनों में बढ़ती मांग : सर्दियों में रतालू की मांग और बढ़ने की संभावना है। इसकी उपलब्धता न सिर्फ ठंड का स्वागत कराती है, बल्कि लोगों की स्वाद और सेहत दोनों में रंग भरती है।

### किन लोगो को रतालू नहीं खाना चाहिए या सावधानी से खाएं

पाचन समस्या वाले लोग : अगर किसी को अत्यधिक गैस, अपच या एसिडिटी की समस्या है, तो रतालू का सेवन सीमित मात्रा में करें। क्योंकि इसमें फाइबर और स्टार्च की मात्रा अधिक होती है।

डायबिटीज मरीज: रतालू में कार्बोहाइड्रेट अधिक होता है। डायबिटीज के मरीज इसे सीमित मात्रा में ही खाएं और अपने ब्लड शुगर स्तर की निगरानी करें।

किडनी की समस्या वाले लोग : रतालू में पोटैशियम होता है। अगर किडनी की समस्या है और पोटैशियम की मात्रा सीमित करने की सलाह दी गई है, तो रतालू से बचें।

ज्यादा मोटापा या वजन बढ़ाने की समस्या वाले लोग: क्योंकि इसमें स्टार्च और कैलोरी होती है, अत : वजन नियंत्रित करने वाले लोग इसे संतुलित मात्रा में ही खाएं।

अत्यधिक ठंड लगने वाले लोग: आयुर्वेद के अनुसार, रतालू ठंडी प्रकृति की होती है। जिनको ठंड से ज्यादा परेशानी होती है, उन्हें इसे थोड़ी मात्रा में और गर्म मसालों के साथ खाना चाहिए।

# जिम वालों के लिए कौन सा प्रोटीन सबसे बेस्ट! चिकन, अंडा या पनीर



जिम में घंटों पसीना बहाने के बावजूद अक्सर लोग शिकायत करते हैं कि मसल्स ठीक से बन नहीं रहे। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि मसल्स ग्रोथ में वर्कआउट से ज्यादा अहम रोल डाइट का होता है, खासकर प्रोटीन का। प्रोटीन ही शरीर की मसल्स को रिपेयर करता है, उन्हें मजबूत बनाता है और तेजी से ग्रोथ देता है। लेकिन सवाल यह है कि इतनी सारी प्रोटीन वाली चीजों में से असल में बेस्ट क्या है अंडा, चिकन या पनीर? आइए समझते हैं किस फूड में कैसी प्रोटीन मिलती है और जिम लवर्स के लिए कौन सबसे बेहतर साबित होता है।

अंडा: कंप्लीट प्रोटीन का पावरहाउसअंडे को प्रोटीन का सबसे बेहतरीन और आसान स्रोत माना जाता है, क्योंकि इसमें सभी 9 जरूरी अमीनो एसिड मौजूद होते हैं, जो सीधे मसल्स की ग्रोथ और रिकवरी में मदद करते हैं। शरीर अंडे के प्रोटीन को बेहद तेजी से अवशोषित कर लेता है, जिससे वर्कआउट के बाद मांसपेशियों की हीलिंग जल्दी होती है। इसकी जर्दी में मौजूद हेल्दी फैट्स और विटामिन क्च2 एनर्जी लेवल बढ़ाते हैं और शरीर को पूरे दिन एक्टिव रखते हैं। चाहे आप उबला अंडा खाएं, ऑमलेट बनाएं या स्क्रैम्बल हर रूप में अंडा मसल्स बनाने के लिए सुपर फायदेमंद है।

### चिकन और लीन मीट

नॉन-वेज डाइट लेने वालों के लिए चिकन और लीन मीट मसल्स बिल्डिंग के सबसे मजबूत और भरोसेमंद प्रोटीन स्रोत माने जाते हैं। 100 ग्राम चिकन में लगभग 25-30 ग्राम हाई-क्वालिटी प्रोटीन मिलता है, जिसे शरीर बेहद आसानी से अवशोषित कर लेता है। इसमें मौजूद मिनरल्स और आवश्यक अमीनो एसिड मसल्स को तेजी से रिपेयर करते हैं और ग्रोथ को बूस्ट करते हैं। इसके साथ ही मछली और मटन जैसे अन्य मीट भी बेहतरीन विकल्प हैं। इनमें न सिर्फ क्वालिटी प्रोटीन मिलता है, बल्कि आयरन और ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व भी होते हैं, जो रिकवरी को तेज करते हैं और शरीर को ज्यादा स्ट्रॉन्ग बनाते हैं।

### पनीर

वेजिटेरियन लोगों के लिए पनीर किसी सुपरफूड से कम नहीं। इसमें मौजूद केसिन प्रोटीन धीरे-धीरे पचता है, जिससे शरीर को लंबे समय तक लगातार प्रोटीन मिलता रहता है। खासतौर पर रात के भोजन में पनीर शामिल करना बेहद फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि यह मसल ब्रेकडाउन को रोकने में मदद करता है। सब्जी, सलाद से लेकर पनीर टिक्का तक हर फॉर्म में यह शरीर को पोषण देता है। साथ ही, यह पेट भरने के साथ हेल्दी वेट गेन में भी सहयोगी साबित होता है।

क्या सप्लीमेंट्स की जरूरत पड़ती है?

सप्लीमेंट्स तभी लेने चाहिए जब आपकी नियमित डाइट आपकी प्रोटीन या न्यूट्रिशन की जरूरत पूरी न कर पाए। ऐसे में व्हे प्रोटीन या प्लांट-बेस्ड प्रोटीन अच्छे विकल्प हो सकते हैं। हालांकि, सप्लीमेंट चुनते समय यह जरूर देखें कि उसमें कम केमिकल्स हों और अमीनो एसिड प्रोफाइल उच्च गुणवत्ता वाला हो, ताकि शरीर को अधिकतम लाभ मिल सके।

### जामें प्रोटीन का असर कैसे बढ़ाएं

दिन भर थोड़ा-थोड़ा प्रोटीन खाएं। एक बार में बहुत ज्यादा प्रोटीन लेने से शरीर उसे पूरी तरह उपयोग नहीं कर पाता, और इसका फायदा भी कम हो जाता है। इसलिए बेहतर यही है कि दिन भर में छोटे-छोटे हिस्सों में प्रोटीन शामिल करें। इससे मसल्स को लगातार अमीनो एसिड मिलता रहता है और रिकवरी भी तेज होती है।

### सही कॉम्बिनेशन बनाएं

सही फूड कॉम्बिनेशन मसल्स को पूरा अमीनो एसिड प्रोफाइल देने में मदद करता है। जैसे दाल+चावल, पनीर+सलाद या अंडा+ओट्स जैसे कॉम्बो शरीर में प्रोटीन की क्वालिटी को बेहतर बनाते हैं। ये संयोजन न सिर्फ डाइजेशन आसान करते हैं बल्कि मसल रिकवरी और स्ट्रेंथ बढ़ाने में भी कारगर साबित होते हैं।

### वर्कआउट के 30-60 मिनट के अंदर प्रोटीन लें

वर्कआउट के बाद शरीर की मसल्स सबसे ज्यादा थकी हुई होती हैं और उसी समय उन्हें प्रोटीन की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है। इसलिए एक्सरसाइज खत्म होने के 30-60 मिनट के भीतर प्रोटीन लेना बेहद फायदेमंद माना जाता है। इस टाइम विंडो में लिया गया प्रोटीन तेजी से अवशोषित होता है, जिससे मसल रिकवरी दोगुनी तेजी से होती है, ह्यश्च्ह्नद्बद्दह्वद्ग कम होती है और मसल ग्रोथ भी बेहतर तरीके से शुरू हो जाती है। यही वजह है कि फिटनेस एक्सपर्ट इसे गोल्डन विंडो कहते हैं।

### पानी ज्यादा पिएं

जब आप हाई-प्रोटीन डाइट लेते हैं, तो शरीर को प्रोटीन को पचाने और अवशोषित करने में अधिक पानी की जरूरत होती है। पर्याप्त पानी न मिलने पर पाचन धीमा हो सकता है, कब्ज या ब्लोटिंग जैसी दिक्कतें भी बढ़ सकती हैं। इसलिए हाई-प्रोटीन भोजन के साथ पूरे दिन नियमित रूप से पानी पीना बेहद जरूरी है। अच्छी हाइड्रेशन न सिर्फ पाचन को आसान बनाती है, बल्कि मसल रिकवरी, एनर्जी लेवल और किडनी फंक्शन को भी सपोर्ट करती है। दिनभर में थोड़ा-थोड़ा पानी पीने से शरीर में प्रोटीन का अवशोषण बेहतर होता है और डाइट का फायदा भी ज्यादा मिलता है।

### तो जानें आखिर बेस्ट क्या है

नॉन-वेज खाने वालों के लिए : चिकन + अंडा सबसे तेज और असरदार मसल-बिल्डिंग प्रोटीन।

वेजिटेरियन के लिए : पनीर + दाल + दही/दूध मसल ग्रोथ का बेस्ट कॉम्बो।

जिन्हें फैट कम और प्रोटीन ज्यादा चाहिए : अंडा और चिकन सबसे उपयुक्त।

हर फूड में प्रोटीन है, लेकिन आपका लक्ष्य, आपकी बॉडी और आपकी डाइट तय करती है कि कौन सा प्रोटीन आपके लिए सबसे बेहतर है। सही प्रोटीन चुनेंगे, तभी सही मसल्स बनेंगे।

# पानी गर्म रखने वाली बोतल से आ रही गंदी बदबू तो दूर करने का ये तरीका जान लें

सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में पानी, चाय या किसी लिक्विड चीज को रखने के लिए थर्मोफ्लास्क वाली बोतल का इस्तेमाल ज्यादातर लोग करते है। जिससे की खाने-पीने का सामान देर तक गर्म बना रहे। लेकिन बोतल लगातार कई महीनों से बंद पड़ी होने की वजह से उसमे से बदबू कर रही है। और कई बार साफ करने के बाद भी ये बदबू पूरी तरह नहीं जा रही। तो इन ट्रिक्स को ट्राई करें। जिनकी मदद से बोतल से आ रही सारी बदबू साफ हो जाएगी और दोबारा से यूज करने लायक बन जाएगी।

### चावल और नमक से करें सफाई

पानी गर्म रखने वाली बोतल यानी थर्मोफ्लास्क की बोतल से बदबू आ रही है और वो साबुन से धुलाई के बाद भी नहीं जा रही। तो बस ये आसान सी ट्रिक ट्राई कर लो। जिसकी मदद से ये बदबू एक बार में ही गायब हो जाएगी। बस इसके लिए बोतल में करीब एक चम्मच चावल के दाने डाल दें। साथ ही



एक चम्मच सेंधा नमक भी डाल दें। अब इसमे एक कप के करीब पानी डालें। और, जोर से हिलाएं। इसे करीब पांच मिनट हिलाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। फिर पानी से अच्छी तरह से साफ कर दें। ऐसा करने से बोतल की तली में लगी सफेदी और गंदगी भी अच्छी तरह से साफ हो जाएगी।

### नींबू और नमक

अगर बोतल की गंदी बदबू जा ही नहीं रही है तो ये नुस्खा आजमाएं। बोतल में गर्म पानी करीब आधा कप डाल दें। साथ ही उसमे नींबू का रस निचोड़ दें और साथ ही एक चम्मच सेंधा नमक डाल दें। सारी चीजों को शेक करें और अच्छी तरह से हिलाएं। फिर करीब आधे घंटे के लिए बोतल में नींबू का पानी और नमक छोड़ दें। फिर आधे घंटे बाद सफाई करेंगे तो बोतल की सारी गंदगी साफ हो जाएगी और साथ ही बदबू भी खत्म हो जाएगी। नींबू की वजह से फ्रेशनेस आने लगेगी।

### चाय की पत्ती से बदबू होगी दूर

थर्मोफ्लास्क की बोतल में बदबू आने का कारण अक्सर चाय ही होती है। दूध वाली चाय को जब बोतल में रखा जाता है तो उसकी बदबू भर जाती है। लेकिन चाय की मदद से ही इसकी बदबू को दूर किया जा सकता है। बस गर्म पानी से बोतल भर दें। फिर इसमे थोड़ी सी चाय की पत्ती या फिर टी बैग डाल दें। करीब दो से तीन घंटे के बोतल से सारी बदबू दूर हो जाएगी। बस चाय हटाकर बोतल को अच्छी तरह से धो दें। सारी बदबू दूर हो जाएगी।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

**कटक (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम यहां मंगलवार को पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत करने के इरादे से उतरेगी । इससे पहले हुई एकदिवसीय सीरीज में जीत से भारतीय टीम के हौंसले बुलंद हैं। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव, वहीं दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी एडन मार्कराम के पास रहेगी। इसी मैच को जीतकर सीरीज में दोनो ही टीम बढ़त लेने के इरादे से उतरेंगी। भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि शुभमन गिल फिट हो गये हैं और वह इस मैच में खेलेंगे। उनके अलावा ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी इस सीरीज से वापसी करेंगे।

ये सीरीज अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप को देखते हुए काफी अहम मानी जा रही है। इससे दोनों टीमें अपनी अपनी तैयारियों का आंकलन करेंगी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के अलावा , तिलक वर्मा, कप्तान सूर्यकुमार व शुभमन गिल पर अधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। स्पिनर के तौर पर वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव रहेंगे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी मार्कराम के अलावा डेविड मिलर, क्विंटन डी कॉक पर आधारित रहेगी। गेंदबाजी की कमान केशव महाराज, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी व, एनरिक नोर्खिया संभालेंगे।



### टीमें इस प्रकार हैं

**भारतीय टीम :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडन मार्कराम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, टोनी डी जोरजी, रीजा हेंड्रिक्स, डेविड मिलर, जॉर्ज लिंडे, कॉर्बिन बॉश, मार्को जेनसन, क्विंटन डी कॉक, डोनोवन फरेरा, ट्रिस्टन स्टब्स, ओटनील बार्टमैन, केशव महाराज, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्खिया।

# अभिषेक एक साल में 100 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एक अहम रिकार्ड बनाया है जिससे अंदाजा होता है कि वह कितने अच्छे फार्म में हैं। अभिषेक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ही पंजाब की कप्तानी करते हुए 250 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। इस बल्लेबाज ने 6 मुकाबलों में 300 से अधिक रन बनाये हैं। सर्विसेज के खिलाफ हुए मुकाबले में उन्होंने तीन छक्के लगाकर अर्धशतक बनाया था।

अभिषेक इसी के साथ ही एक एक कैलेंडर ईयर में 100 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बने हैं। अभिषेक ने सर्विसेज के खिलाफ एलीट ग्रुप सी मैच में 34 गेंदों में 8 चौकों और 3 छक्कों की सहायता से 62 रन की आक्रामक खेली। इस मैच में दूसरा छक्का लगाते ही अभिषेक एक साल में 100 टी20 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने हैं।

अभिषेक ने इस साल भारतीय टीम की ओर से 17 टी20आई मैचों में 47 छक्के लगाए हैं। आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 14 मैचों में 28 छक्के लगाये हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 2025 सत्र में अभिषेक ने अब तक 6 मैचों में 26 छक्के लगाए हैं। कुल मिलाकर इस साल अब तक खेले गए 37 टी20 मैचों में उनके नाम 101 छक्के हैं। अभिषेक ने पिछले साल भी 39 मैच में सबसे अधिक 39 87 छक्के लगाए थे। वहीं साल 2022 में सूर्यकुमार यादव ने 41 टी20 मैचों में 85 छक्के लगाए थे।टी20 में एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन के नाम है। साल 2024 में पूरन ने 76 मैच में 170 छक्के लगाए थे। इस साल उन्होंने डरबन सुपर जायंट्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, एमआई अमीरात, एमआई न्यूयॉर्क, नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स (पुरुष), रंगपुर राइडर्स, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और वेस्टइंडीज की ओर से खेला था। वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल विश्व के पहले खिलाड़ी थे, जिन्होंने टी20 में एक कैलेंडर ईयर में 100 छक्के लगाए थे।

# जसप्रीत बुमराह के पास तीन बड़े रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका



**नई दिल्ली ।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कुछ ऐतिहासिक माइलस्टोन्स बनाने की कगार पर हैं क्योंकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ मंगलवार से कटक में टी20आई सीरीज शुरू हो रही है। टेस्ट सीरीज में 0-2 से शर्मनाक हार के बाद वनडे में वापसी करते हुए भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। सूर्यकुमार यादव और गौतम गंभीर की लीडरशिप में टीम इंडिया टी20 में अभी तक कोई सीरीज नहीं हारी है और प्रोटियाज के खिलाफ बड़ी सीरीज़ जीतकर घरेलू टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों को तेज करने का लक्ष्य रखेगी, यह टीम अनुभव और युवाओं के जोश से बराबर भरी हुई है।

बुमराह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के बाद भारत के लिए टी20आई विकेटों का शतक लगाने वाले दूसरे बॉलर बनने की लाइन में हैं। इसके लिए बुमराह को सिर्फ एक विकेट की जरूरत है। उन्होंने 80 टी20आई में 18.11 के औसत से 99 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका बेस्ट फिगर 3/7 रहा है। टॉप पर अर्शदीप (68 मैचों में 105) हैं। इसके साथ बुमराह खेल के सभी फॉर्मेट में कम से कम 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बॉलर बन जाएंगे। बुमराह साथ ही सभी फॉर्मेट में 500 विकेट लेने वाले आठवें भारतीय बॉलर बनने से 18 विकेट दूर हैं। 221 मैचों में बुमराह ने 20.60 के औसत से 482 विकेट लिए हैं जिसमें उनके नाम 6/19, 13 चार विकेट हॉल और 18 बार 5 विकेट हॉल का बेस्ट रिकॉर्ड है।

# जोफ्रा आर्चर पर भड़के रिकी पोंटिंग, स्टीव स्मिथ के साथ तीखी बहस के लिए साधा निशाना

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने गाबा में खेले गए दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के अचानक सामने आए जोश पर तीखी प्रतिक्रिया दी। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच आठ विकेट से जीता, लेकिन अंतिम चरण में आर्चर की तेज़ गेंदबाज़ी और स्टीव स्मिथ से हुई बहस सोशल मीडिया पर छा गई। पोंटिंग के अनुसार, आर्चर पूरे मैच में अपनी धार नहीं दिखा पाए और जब मुकाबला लगभग खत्म हो चुका था, तब उनका गुस्सा उभरकर सामने आया। इस देर से दिखे आक्रामक रवैये पर पोंटिंग ने खुलकर सवाल उठाए।




### पोंटिंग की कड़ी आलोचना: 'बहुत कम, बहुत देर से'

रिकी पोंटिंग ने कमेंट्री के दौरान कहा कि आर्चर की अचानक तेज़ी मैच की वास्तविक परिस्थितियों के बिल्कुल विपरीत थी। चौथे दिन जब इंग्लैंड 64 रन के छोटे लक्ष्य की रक्षा कर रहा था, तभी आर्चर ने 150 द्मद्वश्चद्ध के करीब रफ्तार पकड़ ली। पोंटिंग के अनुसार, अगर यह ऊर्जा और तीखापन पहले दिखाई देता, तो इंग्लैंड मैच में बेहतर स्थिति में हो सकता था। उन्होंने स्पष्ट कहा, ÷सीरीज के छह दिन बाद आर्चर में जान आई है – वह भी तब, जब दूसरा टेस्ट लगभग खत्म हो चुका था। यह बहुत देर हो चुकी है, चैंप।÷

### स्मिथ-आर्चर में गर्मागर्म बहस

ऑस्ट्रेलिया के जीत सुनिश्चित करने से कुछ मिनट पहले आर्चर और स्मिथ के बीच हुए वाक्य-विवाद ने माहौल और गर्म कर दिया। आर्चर ने स्मिथ को कई बाउंसर फेंककर उकसाया, जिस पर स्मिथ ने तीखे शब्दों में पलटवार किया। आर्चर ने कहा, 'तुम ऐसे शॉट तब ही खेलते हो जब स्कोर कम हो।' स्मिथ ने तुरंत जवाब दिया, 'तुम तेज़ बॉलिंग तभी करते हो जब कुछ नहीं बचा होता, चैंप।' यह संवाद तुरंत वायरल हो गया और मैच का सबसे चर्चित पल बन गया।

### 'चार दिन चूक गए इंग्लैंड': पोंटिंग का तंज

पोंटिंग ने इंग्लैंड की समग्र बॉडी लैंग्वेज और रवैये पर भी सवाल उठाए। उनके मुताबिक, इंग्लैंड चार दिन तक संघर्ष करता रहा और अचानक अंतिम घंटों में आक्रामक दिखने लगा। उन्होंने कहा, 'अब आप लड़ने निकले हो? बहुत देर हो चुकी है। चार दिन का मौका था।'

### स्मिथ पर 'द वुड' होने की धारणा को पोंटिंग ने बताया गलत

2019 में लॉर्ड्स टेस्ट में लगे खतरनाक बाउंसर के बाद यह माना जाता है कि आर्चर, स्मिथ के खिलाफ मानसिक बढ़त रखते हैं। पर पोंटिंग ने इस धारणा को पूरी तरह मिथक बताया। टेस्ट क्रिकेट में आर्चर ने स्मिथ को कभी आउट नहीं किया। उन्होंने 220 गेंदों पर 130 रन दिए, जो मौजूदा सांख्यिकी के अनुसार आर्चर के प्रभुत्व वाली कहानी नहीं दिखाते।

### एशेज की असली तीखी शुरुआत?

पोंटिंग ने माना कि गाबा में दिखा यह छोटा-सा भिड़ंत टेस्ट क्रिकेट की असली तीव्रता को दर्शाती है। लेकिन पहले दो टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की बढ़त ने इंग्लैंड के लिए चुनौती और कठिन बना दी है। उन्होंने कहा, 'अब खेल असली रूप में आ गया है। एशेज क्रिकेट इसी के लिए जाना जाता है।'

# रूट के नाम दर्ज हुआ अनचाहा रिकार्ड, ऑस्ट्रेलिया में लगातार 16 वां टेस्ट हारे

**ब्रिस्बेन ।** इंग्लैंड की यहां एशेज के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के साथ ही अनुभवी बल्लेबाज जो रूट के नाम एक ऐसा रिकार्ड दर्ज हो गया है जिसे वह भूलना चाहेंगे। अब रूट के नाम ऑस्ट्रेलिया में लगातार 16 टेस्ट में हार का शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। इससे पहले पाकिस्तान में लगातार 15 हार का रिकार्ड भारतीय टीम के महान ऑलराउंडर कपिल देव के नाम था ।इनके अलावा किसी भी अन्य क्रिकेटर के नाम किसी देश में बिना किसी जीत के इतने मुकाबले हारने का रिकॉर्ड नहीं है। जिस प्राकर रूट का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड कमजोर रहा, वैसे ही कपिल देव का पाकिस्तान में व्यक्तिगत रिकॉर्ड खराब रहा है ।कपिल ने पाक में 22 पारियों में 548 रन बनाए, औसत 26.10 रहा, और 44 विकेट लिए, औसत 40.02 रहा ।ये उनके करियर का दूसरे सबसे खराब औसत रहा है । रूट ने हालांकि इस बार अच्छा प्रदर्शन किया था पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये ।इंग्लैंड टीम के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये जिससे टीम हार गयी ।उसके बल्लेबाज दोनों पारियों में रन बनाने में विफल रहे ।रूट ने हालांकि पहली पारी में शतक लगाया था पर उन्हें किसी से साथ नहीं मिला ।



# रोहित और कोहली की जगह को लेकर अब सवाल नहीं उठाने चाहिये : बांगर

**विशाखापट्टनम ।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा बढ़ती उम्र के बाद भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं ।ऐसे में टीम में इनकी जगह को लेकर किसी भी प्रकार के सवाल नहीं उठाये जाने चाहिये ।बांगर ने कहा कि पिछले कुछ समय के अंदर दोनो ने अपने प्रदर्शन से दिखा दिय है कि वे अभी भी विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से हैं ।इसलिए इन दोनो के साथ अलग तरह से व्यवहार होना चाहिये । इसके अलावा इसकी टीम में जगह को लेकर किसी प्रकार प्रकार की आशंकाएं नहीं लगायी जानी चाहिये ।इन किन ने पिछले छह एकदिवसीय मैचों में अपने को साबित किया है। ऑस्ट्रेलिय और दक्षिय अफ्रीका के खिलाफ देखा जाये तो इन दोनो ने जो खेल दिखाया वह कोई और नहीं दिखा पाया। बांगर ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि अबटीम में इनकी की जगह को लेकर सवाल उठाए जाने चाहिए। उनके इतने वर्षों में टीम को दिए गए योगदान पर ध्यान देना चाहिए।'' कोहली और रोहित अब केवल एकदिवसीय प्रारूप में ही खेलते हैं ।भारतीय टीम ने पिछले कुछ समय में इस प्रारूप में बहुत कम मैच खेले हैं। बांगर का मानना है कि उन्हें लय हासिल करने में कुछ समय लग सकता है। उन्होंने कहा, ''वे दो प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं, इसलिए ज़ाहिर है कि उन्हें लय हासिल करने में कुछ समय लग सकता है पर वे ऐसा कई बार कर चुके हैं ।उन्हें किसी युवा खिलाड़ी जितने मैच खेलने की जरूरत नहीं है। एक बार वे जब अपनी लय हासिल कर लेते हैं तो उन्हें रन बनासे से रोकना संभव नहीं होता ।ऐसे में अगर आप इस तरह के खिलाड़ियों को टीम में चाहते हैं ।आपको उनके साथ अलग तरह से व्यवहार करना होगा और उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी देनी होगी।''उन्होंने कहा, '''जब वे लय में होते हैं तो आपको अंतर साफ नजर आता है ।उनके रहने से ही से ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल जाता है । ।''



# एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 क्वालीफाइंग मुकाबला : भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने वेल्स को 3-1 से हराया

**सैंटियागो (एजेंसी)।** भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेल्स को 3-1 से हरा दिया। भारतीय टीम ने एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के नौ से 16वें स्थान के लिए हुए इस क्वालीफाइंग मुकाबले में वेल्स को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। भारतीय टीम की ओर से हिना बानो ने 14वें मिनट, सुनेलिता टोप्पो ने 24वें मिनट और इशिका ने 31वें मिनट में गोल किये। वहीं वेल्स की ओर से एकमात्र गोल एलोइस मोट ने 52वें मिनट में किया।

भारतीय टीम ने मैच की शुरुआत में से ही आक्रमण करने शुरु कर दिये। पहले क्वार्टर के अंत में साक्षी राणा के शानदार पास पर हिना ने गोल करा भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। वहीं दूसरे क्वार्टर में सुनेलिता टोप्पो ने एक गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया।

वहीं तीसरे हाफ में इशिका से गोल से भारतीय टीम की बढ़त 3-0 की हो गयी। भारतीय टीम अपने आक्राक रुख से वेल्स पर परे समय हावी रही। वेल्स की ओर से 52वें मिनट में एलोइस मोट ने गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को कम जरुर किया पर इसके बाद उनकी ओर से कोई खिलाड़ी गोल नहीं कर पाया।



# शाकिब ने संन्यास का फैसला वापस लिया, बांग्लादेश लौटकर खेलना चाहते हैं एक घरेलू सीरीज

**सेन डियागो ।** पिछले काफी समय से अमेरिका में रह रहे बांग्लादेश क्रिकेट टीम से पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने संन्यास से वापसी का फैसला किया है ।शाकिब का कहना है कि वह एकसाथ ही तीनों प्रारुपों को अलविदा कहना चाहते हैं ।उन्होंने इंग्लैंड के स्पिनर मोईन अली से बातचीत के दौरान कहा कि उन्होंने अभी तक तीनों प्रारुपों से आधिकारिक रुप से संन्यास नहीं लिया है ।साथ ही कहा कि वह बांग्लादेश लौटकर एक पूरी घरेलू सीरीज खेलने के बाद ही तीनों प्रारुपों से एक साथ संन्यास लेंगे । शाकिब पिछले एक साल से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर हैं। उन्होंने पिछले साल ही टेस्ट और टी20 से संन्यास ले लिया था ।उन्होंने मोईन से बातचीत के दौरान कहा, मैं आधिकारिक रूप से अभी तीनों प्रारुपों से रिटायर नहीं हुआ हूं ।ये पहला मौका है जब मैं इसका खुलासा कर रहा हूं। मेरी योजना है कि मैं बांग्लादेश जाकर, एक पूरी एकदिवसीय, टेस्ट और टी20 सीरीज खेलूं और फिर रिटायरमेंट लूं। शाकिब ने साथ ही कहा कि मैं तीनों प्रारुपों से एकसाथ संन्यास ले सकता हूं ।मुझे बस एक पूरी सीरीज खेलनी है और फिर संन्यास लेना है। गौरतलब है कि शाकिब मई 2024 से ही बांग्लादेश वापस नहीं लौटे हैं ।छात्र आंदोलन और अवामी लीग सरकार को सत्ता से हटाये जाने के हटने के बाद से ही वह देश से बाहर ही हैं ।शाकिब अवामी लीग से सांसद भी बने थे ।उनके नाम पर कई मामले भी बांग्लादेश में दर्ज हुए थे ।इसके बाद उन्होंने पाकिस्तान और भारत में टेस्ट मैच भी खेले। भारत के खिलाफ कानपुर में उन्होंने दूसरा टेस्ट व अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था ।वहीं जब उनसे पूछा गया कि क्या वे बांग्लादेश लौटेंगे, तो शाकिब ने कहा कि मुझे उम्मीद है ।इसलिए मैं कई टी20 लीग खेल रहा हूं मुझे लगता है, ऐसा होगा। शाकिब ने ये भी कहा कि वह अपने देश में एक घरेलू सीरीज खेलकर सम्मानजनक विदाई चाहते हैं, ताकि अपने प्रशंसकों का आभार वयक्त कर सके ।



# भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार, अधिक बदलाव नहीं होंगे : सूर्यकुमार



**कटक ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां होने वाले पहले टी 20 मैच में बेहतर प्रदर्शन के लिए उनकी टीम तैयार है। सूर्यकुमार ने बताया कि टीम का माहौल काफी अच्छा और इसमें अधिक बदलाव नहीं होंगे ।सूर्या ने कहा कि मैच में ओस सहित कुछ चीजें हमारे नियंत्रण में नहीं होती और उसके लिए कुछ नहीं किया जा सकता है ।सूर्यकुमार ने कहा कि इस समय सर्दियों का मौसम चल रहा है और रात के समय ओस का गिरना स्वाभाविक है । ऐसे मुकाबलों में ओस से भी प्रभाव पड़ता है। कप्तान ने कहा कि इसमें हमारा बस नहीं है ।हमें खेलना ही है, ओस अगर होगी तो उसके हिसाब से ही प्रबंधन करेंगे क्योंकि हम मैदान छोड़कर भाग तो नहीं सकते। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को एकदिवसीय सीरीज में हराया है जिससे वह इस मैच में उत्साहित होकर उतरेगी। वहीं अपने दौरे के इस अंतिम चरण में मेहमान टीम जीत हासिल करना चाहेगी।

# फरवरी में नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप की मेजबानी करेगा भारत



**मुम्बई ।** भारत अगले साल की शुरुआत में नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप मैचों की मेजबानी करेगा ।ये मैच सात-आठ फरवरी को बेंगलुरु में खेले जाएंगे ।डेविस कप की मेजबानी में बेंगलुरु के अलावा दिल्ली भी शामिल थी पर अंत में बेंगलुरु को मेजबानी मिली ।दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने इस साल फरवरी में टोगो की मेजबानी की थी और उसने भी इस अहम मुकाबले को आयोजित करने में रुचि दिखाई थी ।बेंगलुरु ने पिछली बार 2017 में उज्बेकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले की मेजबानी की थी जिसमें मेजबान टीम 4-1 से जीत गई थी ।वहीं कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) ने बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ की मेजबानी की थी ।तब भारत ने सितंबर में विश्व ग्रुप एक के पहले दौर में स्विट्जरलैंड को हराकर क्वालीफाइंग चरण में प्रवेश किया था जबकि नीदरलैंड को दूसरे दौर में अर्जेंटीना के हाथों हार का सामना करना पड़ा था ।यह 1993 के बाद यूरोपीय धरती पर भारत की पहली जीत थी ।तब सुमित नागल और दक्षिणेश्वर सुरेश के नेतृत्व में भारत को जीत मिली थी ।

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल 2025: सिमरनप्रीत कौर ने गोल्ड मेडल जीता, मनु भाकर पदक से चूकी

**दोहा [ क़तर ] (एजेंसी)।** भारतीय शूटर सिमरनप्रीत कौर ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 25 मीटर पिस्टल इवेंट में गोल्ड मेडल अपने नाम किया और जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड के बराबरी की। वहीं, ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर इस बार पदक जीतने में सफल नहीं रही।

### सिमरनप्रीत की ऐतिहासिक जीत

21 वर्षीय सिमरनप्रीत ने फाइनल में 41/50 का स्कोर बनाते हुए विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनका यह स्कोर दक्षिण कोरिया की पेरिस 2024 ओलिंपिक चैंपियन यांग जी-इन के जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड के बराबर है। चीन की याओ चियान्शुन ने 36/50 के साथ सिल्वर मेडल और जर्मनी की डॉरेन वेनेकंप ने 30/45 के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। यह सिमरनप्रीत का द्बस्स्न्न वर्ल्ड कप फाइनल में पहला पदक है, जिससे वह विश्व की शीर्ष युवा शूटिंग प्रतिभाओं में शामिल हो गई हैं।

### मनु भाकर का निराशाजनक प्रदर्शन

वहीं, मनु भाकर इस बार निराशा में रही। उन्होंने महिला 25 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन राउंड में नौवां स्थान प्राप्त किया और फाइनल में जगह नहीं बना पाई। इससे पहले, उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पांचवां स्थान हासिल किया था, जिससे उनका दोहा अभियान बिना पदक के समाप्त हुआ।

### पुरुषों में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर का सिल्वर

पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजशिन इवेंट में ओलिंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने चेक शूटर जीरी प्रिव्रात्सकी के 414.2 वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर से केवल 0.9 अंकों से पिछड़कर यह पदक हासिल किया। चीन के पेरिस 2024 गोल्ड मेडलिस्ट लियू युकुन ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।


### आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल की विशेषताएं

दोहा मीट ने 2025 आईएसएसएफ सीज़न का समापन किया। इस फाइनल में कुल 10 शूटरों ने भाग लिया, जिनमें क्वालिफिकेशन के आधार पर चयनित खिलाड़ी शामिल हैं। डिफेंडिंग चैंपियन अपने आप क्वालीफाई होते हैं, जबकि चार वर्ल्ड कप स्टेज के विजेताओं को सीधे जगह मिलती है। शेष पांच स्थानों में दो खिलाड़ी वर्ल्ड कप रैंकिंग और तीन आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेताओं के आधार पर चुने गए। इस फाइनल में केवल व्यक्तिगत 12 ओलिंपिक शूटिंग इवेंट (राइफल, पिस्टल और शॉटगन) आयोजित किए गए, टीम इवेंट शामिल नहीं थे।



## राहुल गांधी मानहानि केस- परिवादी की गवाही दर्ज, आज भी होगी जिरह

सुलतानपुर (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि प्रकरण में लोकसभा में नेतापक्ष कांग्रेस के राहुल गांधी के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में सोमवार को परिवादी के गवाह की गवाही दर्ज की गई। परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय के अनुसार गवाह रामचंद्र दूबे अदालत में उपस्थित हुए, जिनकी मुख्य गवाही दर्ज की गई।



इसके बाद बचाव पक्ष के वकील ने गवाह से जिरह शुरू की, किंतु जिरह पूर्ण न होने पर अदालत ने शेष जिरह के लिए कल नौ दिसंबर की तारीख तय की है। गौरतलब है कि यह मामला वर्ष 2018 का है। चार अगस्त को कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि वाद दायर किया था। आरोप है कि राहुल गांधी ने बेंगलुरु की एक जनसभा में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे आहत होकर परिवादी ने अदालत शरण ली। कोर्ट ने मामले में 27 नवंबर 2023 को राहुल गांधी को तलब किया था। राहुल गांधी ने 20 फरवरी 2024 को पेश होकर जमानत कराई थी। बाद में 25 जुलाई को उनका बयान दर्ज हुआ था, जिसमें उन्होंने इस मुकदमे को राजनीतिक साजिश बताया था। अब गवाह रामचंद्र दूबे से बचाव पक्ष की शेष जिरह पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## पालघर पुलिस स्टेशन में महिला से दुष्कर्म, आरोपी कांस्टेबल गिरफ्तार

पालघर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में कासा पुलिस स्टेशन के एक 40 वर्षीय कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया है। घटना पिछले सप्ताह थाने में तब हुई जब पीड़िता को बयान दर्ज कराने के बहाने बुलाया गया था। पीड़ित महिला की शिकायत के अनुसार, कांस्टेबल ने थाने में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। मामले के सामने आते ही पुलिस विभाग ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कर रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। कासा पुलिस स्टेशन के इंचार्ज को भी इस मामले के बाद ट्रांसफर कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी पूरे मामले की जांच की निगरानी कर रहे हैं।

## गिर सोमनाथ में भूकंप के हल्के झटके, किसी नुकसान की खबर नहीं

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमवार सुबह 10:51 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.1 दर्ज की गई। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमों ने बताया कि अब तक कहीं से किसी प्रकार के नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों के अनुसार भूकंप का केंद्र गिर सोमनाथ क्षेत्र के निकट था। झटके महसूस होने के कारण लोग बड़ी संख्या में घरों से बाहर नहीं निकल आए। फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुक्सान की कोई सूचना नहीं है। फिर भी प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। भूकंप के झटके और खतरे को लेकर भू-विज्ञान विशेषज्ञों का कहना है कि 3.1 तीव्रता के झटके सामान्य माने जाते हैं और इनमें गंभीर नुकसान की संभावना बेहद कम होती है। इसके बावजूद संबंधित विभाग सतर्कता के साथ सभी पहलुओं की निगरानी कर रहे हैं।

## ऑल वेदर रोड के खिलाफ उतरा संघ... 7 हजार देवदार के पेड़ों को काटने का विरोध

उत्तरकाशी (एजेंसी)। उत्तराखंड में केन्द्र और राज्य सरकार की महत्त्वकांक्षी गंगोत्री हाईवे परियोजना यानी ऑल वेदर रोड के खिलाफ संघ यानी आरएसएस खुलकर विरोध में आ गया है। संघ के सह-सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने परियोजना के तहत 7 हजार देवदार के पेड़ों को काटने का विरोध किया है। इसके बाद उत्तरकाशी के हर्षिल में 100 से ज्यादा लोगों ने देवदार के पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा। इसका समर्थन देने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती भी पहुंचे। पर्यावरण जानकार ने बताया कि ये पेड़ भागीरथी इकोनॉमिक संसेटिव जोन में काटे जाएंगे, जिससे गंगा का पानी सूख जाएगा। इसका असर पूरे उत्तर भारत में देखने को मिलेगा और बर्फबारी में कमी होगी। इसी साल नवंबर में उत्तराखंड के वन विभाग के अनुसार, ऑल वेदर रोड के कारण 41.92 हेक्टेयर वन क्षेत्र का नुकसान होगा, इसमें कई देवदार के पेड़ भी शामिल हैं। इससे पहले बताया गया था कि 900 किलोमीटर लंबी परियोजना में कुल 56 हजार से ज्यादा पेड़ काटे होने थे, जिनमें से लगभग 36,000 पेड़ पहले ही काटे जा चुके थे।

## प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ते 34 मछुआरे गिरफ्तार, दो नौकाएं भी जब्त

कोच्ची (एजेंसी)। ओडिशा के वन अधिकारियों ने केंद्रपाड़ा जिले के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य से 34 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और दो नौकाएं भी जब्त किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि ये गिरफ्तारियां पिछले 48 घंटों में की गईं। आरोप है कि मछुआरे प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे थे। भितरकनिका के सहायक वन संरक्षक ने बताया कि अभयारण्य के निषिद्ध क्षेत्रों में पहुंचे मछुआरों की नौकाएं वन गश्ती दलों ने जब्त कर ली हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार मछुआरे बालासोर और मयूरभंज जिलों के निवासी हैं। बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। नौकाएं अभयारण्य के प्रतिबंधित गलियारों तक घुस आईं और उन्होंने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, ओडिशा समुद्री मत्स्य विनियमन अधिनियम और समुद्री अभयारण्य से जुड़े अनिवार्य नियमों का उल्लंघन किया। ओलिव रिडले समुद्री कछुओं के प्रजनन क्षेत्रों में मछली पकड़ने के आरोप में अब तक करीब 200 मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें राज्य सरकार ने लुप्तप्राय ओलिव रिडले कछुओं के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए एक नवंबर से धामरा से देवी नदी के मुहाने तक 20 किलोमीटर के इलाके में सात महीने के लिए मछली पकड़ने पर बैन लगा दिया है। हालांकि, गहिरमाथा को समुद्री अभयारण्य का दर्जा प्राप्त होने के कारण यहां यह प्रतिबंध पूरे साल लागू रहता है।

# अच्छे कानून बनाने के लिए सांसद व्हिप से मुक्त हो, कांग्रेस नेता तिवारी ने पेश किया निजी बिल

**भविष्य में वे सांसद पार्टी लाइन से हटकर वोट कर सकें**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सांसदों को व्हिप की बाध्यता को कम करने के लिए लोकसभा में एक निजी बिल पेश किया है। इसमें उन्होंने प्रस्ताव दिया है कि अच्छे कानून बनाने के लिए सांसदों को व्हिप से मुक्त करे, ताकि भविष्य वे पार्टी लाइन से हटकर भी सांसद वोट कर सकें।

शुक्रवार को दलबदल रोधी कानून में संशोधन के लिए गैर-सरकार विधेयक पेश करने वाले कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा कि बदलाव से सांसद जनता की आवाज के मुताबिक फैसला होगा, न कि सिर्फ पार्टी आदेशों के मुताबिक होगा। कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा कि इसका इरादा अच्छे कानून बनाना और लोकतंत्र में सांसदों की आजाद राय सुनिश्चित करना है। ताकि वे पार्टी लाइन का पालन किए बिना अपने विवेक से किसी भी बिल-प्रस्ताव पर वोट करने या न करने का फैसला ले सकें।

फिलहाल यदि सांसद पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर वोट करते हैं, तब उनकी सदस्यता खतरे में आ जाती है, लेकिन बिल से सांसदों की सदस्यता सिर्फ तभी खत्म होगी, जब वे विश्वास-अविश्वास प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव, मनी बिल या वित्तीय मामलों पर पार्टी निर्देश के खिलाफ वोट दें या अनुपस्थित रहें। किसी बिल या प्रस्ताव पर जारी पार्टी निर्देश की जानकारी हाउस के चेयरमैन या स्पीकर सदन में घोषित करते है। यदि कोई सदस्य निर्देश के खिलाफ जाता है, तब सदस्यता स्वतः समाप्त होगी। सदस्य को 15 दिनों के भीतर स्पीकर/चेयरमैन के पास अपील करने का अधिकार होगा और अपील का निपटारा 60 दिनों में होना चाहिए। कांग्रेस सांसद तिवारी ने कहा कि संसद में कई बार कोरम पूरा नहीं होता और लॉमेकिंग में सांसदों की भूमिका सीमित हो गई है। कानून मंत्रालय में तैयार होते हैं, मंत्री तैयार बयान पढ़ते हैं और व्हिप के कारण ट्रेजरी और विपक्ष दोनों तयशुदा लाइन पर वोट करते हैं। उन्होंने कहा कि 1950 से 1985 तक व्हिप लगाए जाते थे, लेकिन वे बाध्यकारी नहीं थे। 1967 में 'आया राम गया राम' की घटनाओं के बाद दलबदल बढ़ा और आखिर में तब के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 10वां शेड्यूल लागू किया।

## पटना में जेडीयू ऑफिस के बाहर पोस्टर... अब पार्टी की कमान संभालें निशांत




पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत की राजनीति में एंट्री को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। राजधानी पटना स्थित जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के दफ्तर के बाहर पोस्टर लगे हैं, जिन पर लिखा है, अब पार्टी की कमान संभालें निशांत और नीतीश सेवक मांगें निशांत। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने भी निशांत के राजनीति में आने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी सदस्य और समर्थक चाहते हैं कि निशांत पार्टी में शामिल हों, लेकिन अंतिम फैसला निशांत को ही लेना है। राजधानी पटना में ये पोस्टर तब समय पर सामने आए हैं जब जदयू ने राज्य में 2025 से 2028 तक के लिए सदस्यता अभियान की शुरुआत की है। बात दें कि निशांत कुमार नीतीश कुमार और मंजू सिन्हा के इकलौते बेटे हैं। उन्होंने सेंट केरन्स (पटना), मानव भारती इंडिया इंटरनेशनल स्कूल (मसूरी) और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटीआई) मेसरा से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की शिक्षा ली है। 2017 में उन्होंने राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं होने की बात कही थी और कहा था कि उनका पहला प्यार आध्यात्म है। हालांकि, इस साल जनवरी में वह बख्तियारपुर में एक कार्यक्रम में नजर आए थे और पिता के लिए समर्थन जुटा रहे थे। यह घटनाक्रम दिखाता है कि जदयू के भीतर और समर्थकों के बीच निशांत को सक्रिय राजनीति में लाने की मांग बढ़ रही है।

## ऋण लेने वाले उद्यमिता की महत्वाकांक्षा के साथ आगे: हाउ इंडिया बारोज 7.0

(एजेंसी)

**मुबंई :** अग्रणी उपभोक्ता वित्त कंपनी, होम क्रेडिट इंडिया ने आज अपने प्रमुख वार्षिक स्टडी हाउ इंडिया बारोज का 7वां संस्करण जारी किया। यह स्टडी भारत के निम्न-मध्यम वर्ग के ऋण लेने के व्यवहार में एक गहन बदलाव को उजागर करता है, जो लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है और अक्सर इसे आर्थिक विकास का मौन चालक माना जाता है। इस वर्ष की स्टडी इस वर्ग के बीच ऋण लेने के व्यवहार और दृष्टिकोण में एक स्पष्ट परिवर्तन दिखाता है—आवश्यकता के लिए सुरक्षा जाल के रूप में क्रेडिट से हटकर, अब यह आकांक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए एक उत्प्रेरक बन गया है। क्रेडिट का उपयोग तेजी से जीवन स्तर को ऊपर उठाने, उद्यमशीलता के प्रयासों में निवेश करने और दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है, जो उनकी रणनीतिक और दूरंदेशी मानसिकता को दशार्ता है। यह स्टडी ऋण लेने के व्यवहार, डिजिटल स्वीकार्यता, ऋण निर्णय के चालकों, वित्तीय आकांक्षाओं और दृष्टिकोणों में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिससे पता चलता है कि भारत का उभरता मध्यम वर्ग अपनी आकांक्षाओं को निधि देने और सपनों को वास्तविकता में बदलने के लिए स्मार्ट क्रेडिट का लाभ एक उपकरण के रूप में कैसे उठा रहा है। एचआईबी 7.0 को चार विषयगत स्तंभों के इर्द-गिर्द संरचित किया गया है जो विकास के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में स्मार्ट क्रेडिट की अवधारणा को परिभाषित करते हैं: पहला क्रेडिट-आकांक्षा संबंध: प्रेरणा और गतिशीलता: यह बताता है कि क्रेडिट व्यक्तिगत और व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में कैसे कार्य करता है, ऋण लेने वालों को उनके भविष्य की योजना बनाने और उसमें निवेश करने के लिए सशक्त बनाता है।


# तमिलनाडु में 84 लाख से ज्यादा वोटर्स के कट सकते हैं नाम, 11 दिसंबर तक जमा होंगे फार्म

**-मध्यप्रदेश में 14.88 लाख ऐसे वोटर जिनके नाम 2003 की लिस्ट से नहीं हो मैच**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के फॉर्म 11 दिसंबर तक जमा होंगे। इस बीच तमिलनाडु में अब तक मिले डेटा से पता चलता है कि मसौदा मतदाता सूची से 84 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कट सकते हैं। राज्य में अब तक 84.91 लाख एन्यूमरेशन फॉर्म अनकलेक्टेबल श्रेणी में हैं यानी इन फॉर्म को अलग-अलग कारणों से इकट्ठा नहीं किया सकता है। इसमें अधूरी जानकारी होना, 2003 की लिस्ट में नाम न मिलना, वोटर की मौत या शिफ्ट हो जाना प्रमुख कारण हैं।

वहीं बंगाल में शुक्रवार तक अनकलेक्टेबल एन्यूमरेशन फॉर्म की संख्या 54.59 लाख थी यानी इनके नाम वोटर्स लिस्ट से कटने की आशंका है, जबकि केरल में जिन वोटरों का पता नहीं चल रहा है, जो मर चुके हैं या स्थायी रूप से शिफ्ट हो गए हैं। उनकी संख्या बढ़कर 20 लाख से ज्यादा हो गई है।

दरअसल बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा।



तमिलनाडु में 16 दिसंबर को प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची से इन नामों को हटाया जा सकता है। यह आंकड़ा राज्य के कुल 6.41 करोड़ मतदाताओं का 13.24फीसदी है। इसमें 44.22 लाख फॉर्म हमेशा के लिए शिफ्ट श्रेणी में हैं। वहीं 26.18 लाख को मृत, 10.73 लाख को अनुपस्थित और 3.5 लाख को डुप्लीकेट श्रेणी में रखा गया है। हालांकि मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा है कि प्रक्रिया अभी चल रही है। ये डेटा फाइनल नहीं है। केरल में अनकलेक्टेबल की लिस्ट में 20.75 लाख लोग हैं। इसमें से 7.39 लाख स्थायी रूप से शिफ्ट हो गए हैं। 6.11 लाख फॉर्म ऐसे लोगों के हैं, जो मर चुके हैं। वहीं 5.66 लाख का पता नहीं चला है। 1.12 लाख नाम डुप्लीकेट हैं। वहीं पश्चिम बंगाल में 23.71 लाख डेथ वोटर्स, 10.25 लाख लापता, 19.08 लाख शिफ्टेड और 1.26 लाख डुप्लीकेट वोटर्स शामिल हैं।

मध्यप्रदेश में 14.88 लाख ऐसे वोटर पाए गए हैं, जिनके नाम 2003 की वोटर लिस्ट से मैच नहीं हो रहे। इनका कोई लिंक न तो ब्लड रिलेशन से मिल रहा है और न ही वोटर लिस्ट में नाम दर्ज है। ऐसे वोटरों के नाम कटना तय माना जा रहा है। निर्वाचन आयोग के अफसरों ने सभी जिला प्रशासन को नो-मैपिंग वाले वोटरों की क्रॉस-चेकिंग करने की हिदायत दी है, ताकि नोटिस जारी करने में कोई समस्या न आए।

चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा।

# सिद्दारमैया को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस: चुनावी वादों पर भ्रष्ट आचरण का आरोप

**-चुनाव लड़ने से रोकने की मांग**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को सुप्रीम कोर्ट ने वरुणा सीट से उनके 2023 के चुनाव के खिलाफ दायर एक याचिका पर नोटिस जारी किया है। याचिका वरुणा क्षेत्र के मतदाता शंकरा ने दायर की है, जिसमें निम्नलिखित की मांग की गई है कि सिद्दारमैया का चुनाव रद्द किया जाए। उन्हें अगले छह साल तक चुनाव लड़ने से रोका जाए।



याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि- 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जो पांच वादे किए थे, वे मतदाताओं को रिश्वत देने के समान हैं। यह घोषणापत्र सिद्दारमैया की सहमति से जारी हुआ था, इसलिए उन पर भ्रष्ट आचरण का मामला बनता है। इतना ही नहीं याचिकाकर्ता ने इन वादों को भ्रष्ट आचरण बताकर कहा है कि इनसे पुरुषों के साथ भेदभाव हुआ, जो संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। प्रत्येक घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, प्रत्येक महिला मुखिया को 2,000 रुपए प्रतिमाह, प्रत्येक बीपीएल परिवार के सदस्य को 10 किलो अनाज प्रतिमाह, बेरोजगार ग्रेजुएट्स को 2 साल तक 3,000 रुपए प्रतिमाह, डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपए प्रतिमाह और राज्य में सभी महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा।

### हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का रुख

कर्नाटक हाईकोर्ट- अप्रैल में याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया था कि चुनाव में किए गए वादे करप्ट प्रैक्टिस (भ्रष्ट आचरण) की श्रेणी में नहीं आते। सुप्रीम कोर्ट (जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच)- शुरुआत में बेंच ने याचिका खारिज करने की इच्छा जाहिर की है। हालांकि, अदालत को तमिलनाडु के लंबित मामले (एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार, 2013) की जानकारी दी गई, जिसमें समान चुनावी वादों को भ्रष्ट आचरण माना जाए या नहीं, इस पर तीन न्यायाधीशों की बेंच के सामने चुनौती लंबित है। इसी कारण, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में भी सुनवाई की अनुमति दी और सिद्दारमैया तथा अन्य पक्षों को जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया। यह मामला भारतीय राजनीति और चुनावी नियमों के बीच एक महत्वपूर्ण कानूनी बहस बन गया है। सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई में यह तय होगा कि चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को कानूनी रूप से भ्रष्ट प्रैक्टिस माना जा सकता है या नहीं।

# बीकानेर बार्डर पार करने की कोशिश कर रहे छात्र को सुरक्षाबलों ने पकड़ा, जासूसी का शक

**-पाकिस्तान के रावलपिंडी में रहती है प्रेमिका, 2017 में जेल में हुई थी मुलाकात**

**बीकानेर (एजेंसी)।** राजस्थान के बीकानेर के खाजूवाला सेक्टर में सुरक्षाबलों ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास पाकिस्तान में घुसने की कोशिश करते हुए आंध्र प्रदेश के एक बीटेक ग्रेजुएट छात्र को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम प्रशांत वेदम है, जो विशाखापट्टनम का रहने वाला है। उसने सुरक्षा एजेंसियों को बताया कि वह पाकिस्तान में रहने वाली अपनी प्रेमिका से मिलने सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। वह एक बार पहले भी बॉर्डर पार कर पाकिस्तान जा चुका है।

मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि प्रशांत वेदम शुक्रवार दोपहर को खाजूवाला में एक बस से उतरा और इंटरनेशनल बॉर्डर की चला गया, तभी आर्मी कैंप के चक 17 के पास सैनिकों को उसका व्यवहार संदिग्ध लगा और उन्होंने उसे रोक लिया। थोड़ी देर पूछताछ के बाद उन्होंने उसे खाजूवाला पुलिस को सौंप दिया। खाजूवाला एसएचओ के मुताबिक प्रशांत वेदम खुलेआम पाकिस्तान जाने की बात कर रहा था और सीमा पार करने का आसान रास्ता ढूंढ रहा था। आर्मी इंटेलिजेंस को इसकी जानकारी मिली और उसे तुरंत पकड़ लिया। जांच अधिकारियों को शक है कि वह पाकिस्तान लौटने की कोशिश कर रहा था, उसके पाकिस्तान जाने का असली मकसद पूछताछ के बाद ही पता चलेगा। एसएचओ ने कहा कि अब उससे आर्मी और सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ करेंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला कि यह प्रशांत वेदम की पहली कोशिश नहीं थी। वह पहले 2017 में बीकानेर में करणी पोस्ट के रास्ते पाकिस्तान गया था। उस समय उसे पाकिस्तानी सेना ने गिरफ्तार कर लिया था और वह 2021 तक उनकी हिरासत में रहा था, जिसके बाद उसे अटारी बॉर्डर के रास्ते भारत भेज दिया गया। दोबारा यात्रा करने की उसकी कोशिश ने उसके बयान पर शक पैदा कर दिया है और आर्मी को भी उसके दावों पर शक है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एसएचओ ने बताया कि वह दावा कर रहा है कि उसे पाकिस्तान में एक महिला से प्यार हो गया था जिसे वह अपनी गर्लफ्रेंड प्रविता बता रहा है जो दूसरी सेल में जेल में थी जो रावलपिंडी में रहती है। प्रशांत ने पुलिस को बताया है कि वह उससे मिलने के लिए पाकिस्तान वापस जा रहा था। यह साफ नहीं है कि वह अभी भी उस लड़की के संपर्क में था या नहीं। अधिकारी ने बताया कि आंध्र प्रदेश में प्रशांत के परिवार को सूचना दे दी गई है और उसका भाई अधिकारियों की मदद के लिए खाजूवाला आने के लिए निकल गया है। उसके भाई ने बताया कि प्रशांत वेदम को कुछ मानसिक स्वास्थ्य समस्या है।

रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि प्रशांत बीटेक ग्रेजुएट है। वह चीन और अफ्रीका में भी काम कर चुका है। पुलिस ने बताया कि प्रशांत को अब खाजूवाला में सेफ हाउस में रखा गया है, जहां अलग-अलग खुफिया एजेंसियां उससे मिलकर पूछताछ कर रही हैं ताकि यह पता चल सके कि यह सीमा पार जासूसी का मामला तो नहीं है।

# इंडिगो संकट... क्या डीजीसीए के फरमान के बाद भी लापरवाह बना रहा कंपनी का हाई-प्रोफाइल बोर्ड

**-कंपनी की आंतरिक निगरानी प्रणाली की क्षमता पर भी प्रश्नचिह्न लगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बीते पांच दिनों से गंभीर परिचालन संकट में है, जिससे हजारों यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी है। उड़ानों के लगातार रद्द और विलंब होने से एयरपोर्ट्स पर अराजकता का माहौल बना हुआ है। इस घटना ने न केवल इंडिगो के संचालन मॉडल पर सवाल उठा दिए हैं, बल्कि कंपनी के हाई-प्रोफाइल बोर्ड और उसकी आंतरिक निगरानी प्रणाली की क्षमता पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया हैं। सवाल उठ रहे हैं कि क्या इंडिगो प्रबंधन और बोर्ड ने संकट की आशंका को देखकर कोई ठोस रणनीति बनाई गई थी।

मामले के केंद्र में पायलटों के लिए लागू होने वाले फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियम हैं, जिन्हें नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी 2024 में अधिसूचित किया था। शुरुआत में यह नियम 1 जून 2024 से लागू होने थे, लेकिन एयरलाइंस कंपनियों के विरोध के चलते इन्हें बाद में दो चरणों में 1 जुलाई और 1 नवंबर 2025 से लागू करने का फैसला हुआ। इसके बावजूद, इंडिगो इन्हें लागू करने की तैयारी समय रहते नहीं कर सकी, इसके परिणामस्वरूप पायलटों की कमी और ड्यूटी शेड्यूल में अव्यवस्था पैदा हुई और संचालन चरमरा गया।

रिपोर्ट के अनुसार, इंडिगो के बोर्ड में कई जानी-मानी हस्तियां हैं, लेकिन उनके बावजूद ऐसी चूक होना हैरान करने वाला है। बोर्ड में इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर और एयरलाइन के सह-संस्थापक राहुल भाटिया, पूर्व जी20 शेरपा अमिताभ कांत, सेबी के पूर्व चेयरमैन दामोदरन, पूर्व एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ, शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी की मैनेजिंग पार्टनर पल्लवी श्रॉफ, ट्रांस वर्ल्ड एयरलाइंस के पूर्व वकील माइक व्हिटेकर और चेयरमैन विक्रम मेहता जैसे नाम शामिल हैं। इसके बावजूद, तैयारी में कमी उजागर होने से बोर्ड की जवाबदेही पर तीखी आलोचना हो रही है।

वहीं डीजीसीए पर भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या नियामक समय रहते स्थिति को भांप सका था। हालांकि डीजीसीए ने कहा है कि उसने तैयारी पूरी करने के लिए एयरलाइन को लगातार चेतावनी और निर्देश दिए थे। यह पूरा मामला न केवल प्रबंधन क्षमता, बल्कि भारत की विमानन नियामक व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी गंभीर बहस छेड़ चुका है। यात्रियों की असुविधा का सिलसिला जारी है और अब सभी की निगाहें इंडिगो की सुधारात्मक कार्रवाई पर टिकी हैं।





नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**